आषाढ़ शुक्ल पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 9 जुलाई 2024
वर्ष 34, अंक 162, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



गेंदबाजों को दिखानी होगी प्रतिभा 15

फिल्म मटका से वापसी करेंगी नोरा फतेही 16

## एक नजर

### बब्बर खालसा का आतंकी सिमरनजीत गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब में काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) जालंधर ने एक बड़ी कार्रवाई में बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के सदस्य सिमरनजीत सिंह उर्फ बबलू को गिरफ्तार किया है। पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश में उसके पैर में पुलिस की गोली लगी जिससे वह घायल हो गया, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बबलू पूर्व आतंकवादी रतनदीप सिंह पर हमले के मामले में मुख्य आरोपी है। डीजीपी गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि पूर्व आतंकवादी रतनदीप सिंह की तीन अप्रैल 2024 को दो हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### सीटीईटी परीक्षा में 17 फर्जी परीक्षार्थी गिरफ्तार

**पटना।** बिहार पुलिस ने सोमवार को बताया कि केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी)-2024 में वास्तविक अभ्यर्थियों की जगह परीक्षा देने के आरोप में राज्य भर से तीन महिलाओं सहित कुल 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, दरभंगा से 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया जबकि सारण से चार और बेगूसराय जिले से एक व्यक्ति को बंदी बनाया गया है। पुलिस ने कहा कि इन लोगों को रविवार को उस समय गिरफ्तार किया गया जब वे सीटीईटी परीक्षा में शामिल हुए थे।

### बीएमडब्ल्यू मामले में शिवसेना नेता को बेल

**मुंबई।** बीएमडब्ल्यू टक्कर मामले में एक स्थानीय अदालत ने सोमवार को शिवसेना (शिंदे समूह) नेता राजेश शाह को जमानत दे दी, जबकि उनके ड्राइवर राजऋषि बिदावत को एक दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। यह राजेश शाह के बेटे मिहिर आर शाह से जुड़ा मामला है। दुर्घटना में कावेरी नामक महिला की मौत हो गई थी।

### व्हीलचेयर के लिए वृद्धा ने किया तीन घंटे इंतजार

**मुंबई।** पार्किंसन रोग से पीड़ित 84 वर्षीय महिला को रविवार को एलायंस एयर की उड़ान से जयपुर से दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद व्हीलचेयर के लिए तीन घंटे से अधिक समय तक इंतजार करना पड़ा। घटना की जांच की जा रही है। सरकारी स्वामित्व वाली एयरलाइन ने यह भी कहा कि इस घटना के लिए उसने पहले ही यात्री से माफी मांग ली है।

# बारिश से कई नदियां खतरे के निशान के ऊपर, फसलें डूबीं, गांवों में घुसा पानी

## लखीमपुर, शाहजहांपुर और बलरामपुर समेत कई जिलों में बाढ़, श्रावस्ती व पीलीभीत में 2-2 की मौत

राज्य ब्यूरो/एजेंसी। लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में अत्यधिक बारिश के चलते राप्ती-शारदा सहित कई नदियां खतरे के निशान के ऊपर चली गईं हैं। कुशीनगर, बिजनौर समेत कई जिलों के गांव बाढ़ की चपेट में आ गए। फसलें पानी में डूब गईं। ग्रामीण घरों से पलायन कर रहे हैं। प्रशासन की ओर से ग्रामीणों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया जा रहा है।

बलरामपुर और श्रावस्ती में राप्ती नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बलरामपुर में 26 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। राप्ती के पानी से तीन तहसीलों के 18 गांवों के लगभग 35 हजार लोग प्रभावित हैं। यहां



पीलीभीत में शाहगढ़-संडई के बीच पुलिया बहने के बाद लटका रेल ट्रैक।

दो लोगों की डूबने से मौत हो गई। कुशीनगर में गंडक नदी का जलस्तर खतरे के निशान के नजदीक पहुंच गया है। जिले में पांच गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। गोंडा में तीन गांवों में कई हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई है। रविवार रात करीब एक बजे शारदा नदी में 3.51 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से पीलीभीत में हालात बिगड़ गए। देवहा नदी में लगातार जलस्तर बढ़ने से शहर से सटे नावकूड़, चंदोई में सड़कों के साथ ही गांवों में भी पानी भरने लगा।

पीलीभीत-माधोटांडा मार्ग तेज बहाव के चलते कट गया, जिससे कलीनगर तहसील क्षेत्र का संपर्क जिला मुख्यालय से कट गया। बरखेड़ा, बीसलपुर, मझोला-सितारगंज मार्ग पर कई पुलिया बह गईं। प्रशासन, पुलिस और एसएसबी के टीमें बचाव कार्य मे लगी हैं। जलभराव से पीलीभीत में युवक और बीसलपुर के मीरपुर वाहनपुर गांव में बच्चे की डूबकर मौत हुई। ट्रेन यातायात पर भी असर पड़ा। कुल 22 ट्रेनें को रद कर दिया गया जबकि 14 को शार्ट टर्मिनेट करना पड़ा। शाहजहांपुर में खन्नौत नदी में पानी बढ़ने से लोधीपुर में दूसरे दिन भी बाढ़ जैसे हालात बने रहे। घरों में पानी घुसने पर सोमवार को भी लोग अपना सामान लेकर ऊंचाई वाले स्थानों की ओर पलायन करते देखे गए। राहत आयुक्त कार्यालय से सोमवार को प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक उत्तराखंड के बनबसा बांध से रविवार रात करीब तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से कई जिलों में बाढ़ के हालात बन गए। सोमवार को सुबह भी बनबसा बांध से शारदा नदी में लगभग 10 लाख क्यूसेक तथा दियूनी और नानक सागर बांध से देवहा नदी में 1.81 लाख क्यूसेक से ज्यादा पानी छोड़ा गया।

### टनकपुर-पीलीभीत मार्ग पर ट्रेन सेवा बंद

खटीमा पुल पर पानी खतरे के निशान से अधिक बढ़ने पर टनकपुर-पीलीभीत मार्ग पर ट्रेन सेवा को भी फिलहाल बंद किया गया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, पानी के तेज बहाव के कारण गजरौला-बरखेड़ा सड़क मार्ग पर एक पुलिया बह गई। वहीं, बनबसा बैराज से छोड़े गये पानी से लखीमपुर खीरी में भी बाढ़ का असर दिख रहा है। यहां शारदा नदी खतरे के निशान को पार कर गयी है। नदी की बाढ़ से दो गांवों के पांच हजार से ज्यादा लोग प्रभावित हैं।

### रेलवे लाइन पर आया पानी, दो ट्रेनें रद

**बदायूं।** रेलवे ट्रैक पर पानी भर जाने से दो ट्रेनें रद कर दी गईं। बरेली इज्जतनगर के पीआरओ राजेन्द्र कुमार ने बताया कि ट्रैक पर पानी आ जाने से 05336 कासगंज से काशीपुर जाने वाली ट्रेन को सोमवार को रद कर दिया गया। गूलरभोज में ट्रैक पर पानी आने से एक अन्य ट्रेन रद कर दी गई। बिचौली में खस्ताहाल पुल से वाहनों को गुजरने से रोकने के लिए विभाग ने चेतावनी जारी की है। इसे जर्जर घोषित किया जा चुका है। कासगंज में बाढ़ के हालात होते जा रहे हैं। बरौना, बस्तोली ब्रह्मपुरी, नगला दल व अन्य कई गांवों के किनारे गंगा का पानी पहुंच गया।

# कठुआ में सैन्य वाहन पर आतंकी हमला, जेसीओ समेत पांच शहीद

## छह जवान घायल, पहाड़ी इलाके में आतंकियों ने घात लगाकर फेंका ग्रेनेड

कठुआ/जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में कठुआ जिले के पहाड़ी इलाके में सेना के वाहन पर घात लगाकर आतंकियों ने हमला कर दिया, जिसमें जेसीओ समेत पांच जवान शहीद हो गए और छह अन्य घायल हुए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों ने सेना के वाहनों को निशाना बनाकर एक ग्रेनेड फेंका और गोलीबारी की। ये वाहन कठुआ शहर से 150 किलोमीटर दूर लोहई मल्हार में बदनोता गांव के पास अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे माचेडी-किंडली-मल्हार मार्ग पर नियमित गश्त पर थे। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की, लेकिन आतंकी नजदीक के जंगलों में भाग गए। खबर लिखे जाने तक आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है।

एक अधिकारी ने कहा, 'कुल 10 सैनिक घायल हुए और चोटों के चलते उनमें से पांच की जान चली गई।' अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों को मार गिराने के लिए इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल भेजे गए हैं। माना जाता है कि इन आतंकियों ने हाल में सीमा पार से घुसपैठ की थी और वे ऊंचाई वाले स्थानों पर जा रहे थे। पिछले चार सप्ताह में कठुआ जिले में यह दूसरी बड़ी घटना है। तलाश एवं घेराबंदी अभियान के दौरान 12 एवं 13 जून को भीषण मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए थे तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक जवान की जान चली गई थी।



कठुआ में घायल जवान को अस्पताल पहुंचाते सैनिक। ● एजेंसी

इससे पहले रविवार कश्मीर घाटी के कुलगाम में सुरक्षाबलों ने छह आतंकियों को मार गिराया था। जिला कुलगाम में दो अलग-अलग जगह चली मुठभेड़ में सुरक्षाबलों के यह सफलता मिली। आतंकियों के पास हथियार भी बरामद किए गए। इस बीच 1एसईसी आरआर के कमांडर ब्रिगेडियर पृथ्वीराज चौहान ने सोमवार को कहा कि दक्षिण कश्मीर में आतंकवादियों का मारा जाना हिजबुल-मुजाहिदीन के लिए एक बड़ा झटका है। हाल के दिनों में कश्मीर में लगातार मुंह की खाने के बाद आतंकियों ने जम्मू संभाग के जिलों में हमलों के अंजाम देने की कोशिशें की हैं। बीते दिनों जिला कठुआ के हीरानगर के गांव सैडा सोहल में आतंकियों ने एक घर को निशाना बनाया था। इस दौरान एक नागरिक घायल हुआ और सीआरपीएफ जवान बलिदान हुआ।

### रियासी में श्रद्धालुओं की बस को बनाया था निशाना

रियासी में एक महीना पहले नौ जून को आतंकियों ने एक बस को निशाना बनाया था। इसमें 9 लोगों की मौत हुई थी और करीब पचास लोग घायल हुए थे। यहां आतंकी हमले को अंजाम देकर भाग निकले थे। बस में यूपी, दिल्ली और राजस्थान के श्रद्धालु सवार थे, जो शिवखोड़ी धाम में दर्शन कर कटड़ा की ओर जा रहे थे।

# शीर्ष न्यायालय ने माना लीक हुआ नीट-यूजी का प्रश्नपत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

- कोर्ट ने कहा- शुचिता नष्ट हुई है तो पुन: परीक्षा का आदेश देना होगा
- धांधली से संबंधित याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि यदि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 की शुचिता नष्ट हो गई है तो दोबारा परीक्षा का आदेश देना होगा। शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और सीबीआई से प्रश्नपत्र लीक होने के समय तथा वास्तविक परीक्षा के बीच की अवधि के बारे में जानकारी मांगी। पेपर लीक के लिए अपनाई गई कार्यप्रणाली की भी जानकारी मांगी। कोर्ट ने गलत कृत्य करने वालों की संख्या के बारे में भी सवाल किया जिनकी अब तक पहचान हुई है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि एक बात स्पष्ट है कि प्रश्नपत्र लीक हुआ है। पीठ ने कहा कि प्रश्नपत्र लीक की सीमा और भौगोलिक सीमाओं के पार लाभार्थियों का पता लगाना होगा, उसके बाद ही अदालत पांच मई को आयोजित हुई विवादास्पद मेडिकल प्रवेश परीक्षा में दोबारा परीक्षा कराने का आदेश दे सकती है। नीट-यूजी में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली 30 से अधिक याचिकाओं पर अगली सुनवाई के लिए 11 जुलाई की तारीख तय करते हुए शीर्ष अदालत ने सीबीआई के जांच अधिकारी को जांच की स्थिति को दर्शाने वाली रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि इसकी जांच करनी होगी कि क्या कथित उल्लंघन प्रणालीगत स्तर पर हुआ है, क्या उल्लंघन ने पूरी परीक्षा प्रक्रिया की शुचिता को प्रभावित किया है और क्या धोखाधड़ी के लाभार्थियों को बेदाग छात्रों से अलग करना संभव है। पीठ ने कहा कि ऐसी स्थिति में जहां उल्लंघन पूरी प्रक्रिया को प्रभावित करता है और लाभार्थियों को दूसरों से अलग करना संभव नहीं है, फिर से परीक्षा का आदेश देना आवश्यक हो सकता है।

**हम लीक की सीमा का पता लगा रहे हैं :** पीठ ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रश्नपत्र लीक हुआ है। हम लीक की सीमा का पता लगा रहे हैं। पीठ ने कहा कि इसमें कुछ चेतावनी के संकेत हैं क्योंकि 67 उम्मीदवारों ने 720 में से 720 अंक प्राप्त किए हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह जानना चाहती है कि प्रश्नपत्र लीक से कितने लोगों को लाभ हुआ और केंद्र ने क्या कार्रवाई की।

### विशेषज्ञों की टीम गठित हो ताकि फिर ऐसा न हो



सर्वोच्च अदालत ने कहा कि सरकार के लिए जानेमाने विशेषज्ञों की एक बहु-विषयक टीम गठित करने पर विचार करना आवश्यक होगा ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। पीठ ने कहा कि यदि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 की शुचिता 'नष्ट' हो गई है तो दोबारा परीक्षा कराने का आदेश देना होगा। यदि प्रश्नपत्र लीक टेलीग्राम, व्हाट्सऐप और इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से हो रहा है, तो यह जंगल में आग की तरह फैलेगा। पीठ ने कहा कि जो हुआ, हमें उसे नकारना नहीं चाहिए। कहा कि यह मान लें कि सरकार परीक्षा रद नहीं करेगी, तो वह प्रश्नपत्र लीक के लाभार्थियों की पहचान करने के लिए क्या करेगी?

# गांवों में बिजली गायब, अफसर कह रहे अब मांग ही नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रिजर्व शट डाउन के नाम पर बंद चल रही इकाइयां 15 तक नहीं होंगी चालू
- मांग में कमी का तर्क देकर एक सप्ताह और बढ़ाई गई इकाइयों की बंदी

**अमृत विचार:** रिजर्व शट डाउन के नाम पर पिछले दिनों से बंद चल रही उत्पादन बिजलीघरों की इकाइयां अभी 15 जुलाई तक चालू नहीं होंगी। ये इकाइयां सोमवार को चालू होने वाली थीं, पर मांग में कमी का तर्क देकर इनकी बंदी एक सप्ताह के लिए और बढ़ा दी गई है। चौंकाने वाली बात यह है कि 660 मेगावाट की एक और इकाई को भी सप्ताह भर के लिए बंद कर दिया गया है जबकि भीषण उमस में प्रदेश के गांवों व बुंदेलखंड क्षेत्र बिजली के लिए हाहाकार मचा हुआ है।

बीते तीन-चार जुलाई को टांडा बिजलीघर की 110 मेगावाट की चार इकाइयां और हरदुआगंज की ढाई सौ मेगावाट व 110 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयां बंद की गई थीं। इन इकाइयों को रिजर्व शट डाउन के नाम पर बंद किया था। इन इकाइयों के बंदी का कारण स्पष्ट नहीं किया था। हालांकि, बिजली अभियंता इकाइयों को कुछ राहत देने व रखरखाव कार्य के लिए बंद किये जाने का तर्क दे रहे थे। इस मामले में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने विद्युत नियामक आयोग में याचिका दाखिल की थी। इस पर आयोग ने पावर कॉरपोरेशन से जवाब तलब किया था। कॉरपोरेशन की ओर से अभी तक इसका जवाब नहीं दिया गया है। बंद चल रही इन इकाइयों को सोमवार को चालू किया जाना था, पर इनकी बंदी एक सप्ताह के लिए और बढ़ा दी गई है। हरदुआगंज की 660 मेगावट क्षमता की एक इकाई को भी रिजर्व शट डाउन के नाम पर बंद कर दिया गया है।

### उपभोक्ता परिषद ने की मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने पावर कॉरपोरेशन व राज्य विद्युत उत्पादन निगम के अधिकारियों के इस निर्णय का सख्त विरोध किया है। उन्होंने कहा कि गांवों व बुंदेलखंड क्षेत्र में घोषित बिजली कटौती होने के कारण लोगों को भारी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। बंद इकाइयों को चालू करने व घोषित कटौती बंद करने के बजाय अधिकारियों ने लोगों को और बिजली संकट में धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 'फुल कास्ट टैरिफ' लागू होने के बाद भी गांवों व बुंदेलखंड क्षेत्र के लोगों को 24 घंटे बिजली न देकर उनके साथ उपेक्षा बरती जा रही है। बारिश में स्थानीय खराबी के कारण लोगों को निर्धारित बिजली भी नहीं मिल पा रही है। परिषद के अध्यक्ष ने कहा कि नई बिजली दरों के निर्धारण को लेकर 10 जुलाई को आयोग में सुनवाई होगी, जिसमें यह मुद्दा उठाया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की है।

# मेरा एक ही लक्ष्य, मेरा देश-मेरी जनता : मोदी

## मॉस्को पहुंचे प्रधानमंत्री, पुतिन ने आवास पर गर्मजोशी से किया स्वागत



मॉस्को, एजेंसी

- चाय पर चर्चा के दौरान मोदी को पुतिन ने दोबारा प्रधानमंत्री बनने पर दी बधाई

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार रात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मॉस्को में अपने सरकारी आवास नोवो-ओगरियोवो पर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने देश की प्रगति के वास्ते किए गए कार्यों के लिए मोदी की प्रशंसा की। अनौपचारिक बैठक में पुतिन ने मोदी से कहा कि मैं आपको दोबारा प्रधानमंत्री चुने जाने पर बधाई देता हूं। आप बहुत ऊर्जावान व्यक्ति हैं, जो भारत और भारतीय लोगों के हित में परिणाम प्राप्त करने में सक्षम हैं।

चाय पर चर्चा के दौरान मोदी ने अपने देश में हुए हालिया चुनावों को याद करते हुए कहा कि भारत के लोगों ने उन्हें मातृभूमि की सेवा करने का मौका दिया है। इस पर पुतिन ने कहा कि आपने अपना पूरा जीवन भारतीय लोगों की सेवा में समर्पित कर दिया है और वे इसे महसूस कर सकते हैं। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आप सही कह रहे हैं, मेरा एक ही लक्ष्य है - मेरा देश और इसकी जनता। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर मेजबानी के लिए राष्ट्रपति पुतिन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमारी कल होने वाली वार्ता का भी बेसब्री से इंतजार है, जो निश्चित रूप से भारत और रूस के बीच दोस्ती के बंधन को और मजबूत करने में अहम साबित होगी। (देखें पेज 16)

# मासिक धर्म अवकाश पर बनाएं नीति

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा-केंद्र व राज्य सरकारें कर सकती हैं विचार

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि छात्राओं और कामकाजी महिलाओं को ''मासिक धर्म'' के दौरान अवकाश देने के लिए केंद्र और सभी राज्य सरकारों को विचार करना है कि क्या वे इस बारे में कोई आदर्श नीति बना सकते हैं।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अधिवक्ता शैलेंद्र मणि त्रिपाठी की याचिका पर गौर किया कि क्या इस तरह के अवकाश महिलाओं को कार्यबल का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित करती हैं या फिर इस तरह की छुट्टी अनिवार्य करने का मतलब महिलाओं को रोजगार से दूर रखना है। पीठ ने कहा कि यह वास्तव में सरकार की नीति का पहलू है और अदालतों को इस पर विचार नहीं करना चाहिए।

अधिवक्ता त्रिपाठी ने देश भर में छात्राओं और कामकाजी महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान अपने-अपने कार्यस्थलों पर मासिक अवकाश की अनुमति देने के लिए अदालत से निर्देश देने की मांग करते हुए जनहित याचिका दायर की है। शीर्ष अदालत ने केंद्र और राज्यों से इस मुद्दे पर विचार करने को कहा कि क्या वे इस मुद्दे पर एक आदर्श नीति बना सकते हैं या नहीं।

### सैनेटरी पैड पर नीति का काम अंतिम चरण में : केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को अवगत कराया कि स्कूल जाने वाली किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता उत्पादों के वितरण पर राष्ट्रीय नीति बनाने का काम अंतिम चरण में है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी. पारदीवाला की पीठ ने केंद्र की ओर से पेश एएसजी ऐश्वर्या भाटी की नीति तैयार करने के लिए दो महीने का समय देने का अनुरोध स्वीकार कर लिया। शीर्ष अदालत कांग्रेस नेता जया ठाकुर की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्होंने केंद्र और राज्यों को छठी से बारहवीं कक्षा की छात्राओं को मुफ्त सैनेटरी पैड उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

# पुजारियों-संतों के लिए मानदेय नीति लाएगी सरकार

## उप्र. के 60 वर्ष से अधिक उम्र के पुजारियों और संतों को सुविधाएं देने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार 60 साल से अधिक उम्र के पुजारियों और संतों के लिए एक मानदेय नीति लाने की तैयारी कर रही है। मानदेय देने के लिए एक बोर्ड बनाया जाएगा। इसके अलावा उनको राशन और हेल्थ कार्ड से सुविधा देने पर भी विचार किया जा रहा है। सिख और बौद्ध धर्म से जुड़े तीर्थों की यात्रा के लिए अनुदान देने की योजना है। वहीं, मंदिरों का भी जीर्णोद्धार होना है।

इससे पहले राज्य के प्रमुख धार्मिक स्थलों, मंदिरों और मठों की जानकारी के साथ पुजारियों और संतों की संख्या का डेटा रखने को एक पोर्टल भी बनाया जाएगा। शासन स्तर से इसके लिए दूसरे राज्यों में इस तरह की व्यवस्थाओं का अध्ययन कर जल्द रिपोर्ट देने को कहा गया है।



- दूसरे राज्यों में इस तरह की व्यवस्थाओं का अध्ययन कर जल्द रिपोर्ट देने के अफसरों को दिए निर्देश

दरअसल हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में धर्मार्थ कार्य निदेशालय की ओर से विभिन्न योजनाओं पर प्रस्तुतिकरण दिया गया था। इस दौरान नया पोर्टल बनाने पर विचार किया गया। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि पहले प्रामाणिक जानकारियां जुटाई जाएं। साथ ही संतों और पुजारियों के लिए मानदेय की नीति ठीक से तैयार करने को कहा।

राज्य सरकार ने पूर्व में पुरोहित कल्याण बोर्ड बनाने की घोषणा की थी। अब मुख्यमंत्री ने इसमें तेज़ी लाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए अन्य राज्यों की नीतियों का अध्ययन किया जा रहा है। इसी के ज़रिए पुरोहित-अर्चकों की मदद की जाएगी। इस योजना में सिख, जैन आदि के साथ सभी पंथों को भी शामिल किया जाएगा।

### एक टच में मिलेगी मंदिरों की जानकारी

सभी धर्मस्थलों और मंदिरों की जानकारी अब स्मार्टफोन पर एक टच में मिलेगी। इसके लिए सेंट्रलाइज्ड पोर्टल पर काम चल रहा है। एप भी बनेगा जिसमें न सिर्फ़ प्रदेश के बड़े मंदिरों बल्कि हर ज़िले के प्रमुख मंदिरों की पौराणिक मान्यता, इतिहास और अन्य जानकारियां उपलब्ध कराई जाएंगी।

### जर्जर हो चुके मंदिरों का होगा कायाकल्प

राज्य में धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। 100 साल से ज्यादा पुराने मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए अलग से योजना तैयार की गई है। सभी 75 जिलों में लगभग 300 मंदिर इसके तहत चिन्हित किए गए हैं, जहां बजट जारी किया जा रहा है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

## मौसम

बादल छाए रहेंगे कुछ इलाकों में बारिश हो सकती है।

| 34.8° | 25.9° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

## शहर में आज

- चारबाग जैन मंदिर में जैन मुनि सुप्रभसागर सुबह 5 :30 बजे।
- आर्यावर्त बैंक के प्रधान कार्यालय विजयखंड गोमतीनगर में बैंक कार्मिक संगठनों का प्रदर्शन 9 :00 बजे।
- चौक स्टेडियम में जिला फुटबॉल लीग के मैच – 3 :00 बजे।
- कर्बला दियानातुद्दौला में दूसरी मोहर्रम को जुलूस-ए-आमद-ए-काफिला हुसैनी सायं 5 .00 बजे।
- चंदननगर आलमबाग में मतदाता अभिनंदन शाम 5 .30 बजे।


# छह घंटे डिजिटल अरेस्ट रहे फिल्मकार, बहू-बेटी ने ठगी से बचाया

## साइबर ठगी से बचे राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित नरेश सक्सेना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** साहित्य और फिल्म जगत में सम्मानजनक मुकाम हासिल कर चुके राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त नरेश सक्सेना साइबर ठगी का शिकार होने से बचे।

जालसाजों ने सीबीआई अफसर बनकर मनी लांड्रिंग में फंसने का झांसा देकर छह घंटे तक डिजिटल अरेस्ट किया और खातों की जानकारी हासिल कर ली। इतना ही नहीं घंटे भर तक उनसे कविताएं सुनी और बांसुरी भी बजवाई। काफी देर कर कमरे में बंद रहने पर बेटी पूर्वा और बहू सोनी पहुंची। उन्होंने वीडियो कॉल डिस्कनेक्ट कर नंबर ब्लाक करवाया।


नरेश सक्सेना।

जबलपुर से बीई आनर्स और कोलकाता से मास्टर ऑफ़ इंजीनियरिंग कर चुके नरेश सक्सेना उत्तर प्रदेश जल निगम में टेक्नालाजी मिशन में कार्यकारी निदेशक रहे। लीबिया में वरिष्ठ सलाहकार के रूप में काम किया। सेवानिवृत्ति के बाद साहित्य, काव्यजगत में नाम कमाया। कई फिल्में बनाईं। उन्हें वर्ष 1992 में राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी मिला। इसके अलावा उन्हें हिंदी साहित्य सम्मेलन, पहल और शमशेर सम्मान भी मिल चुका है। वे बांसुरी भी काफी अच्छी बजाते हैं।

### फेसबुक पर बताई आपबीती

कवि नरेश सक्सेना ने फेसबुक पर लिखा, यह पोस्ट शायद मेरी मूर्खता के बारे में है क्योंकि जो बात सबको पता थी, उसका शक मुझे नहीं हुआ। फिर भी इस आशंका से लिख रहा हूं कि शायद कोई मेरे जैसा और भी हो। ...मित्रों इस समय जबकि कोई किसी की कविता पढ़ना या सुनना नहीं चाहता। उसने मेरी कविताएं घंटे भर तक सुनी। बहुत तारीफ की और बताया कि मैं उसी की तरह कविता प्रेमी हूँ। इस बीच उसने मुझसे बाँसुरी भी सुनी। फिलहाल न तो मेरी गिरफ्तारी हुई और न पैसे का नुकसान।

### रविवार को दोपहर तीन बजे आई वीडियो कॉल

07 जुलाई 2024 दिन के तीन बजे 'अगम बहै दरियाव' समारोह में हिस्सा लेने लिए घर से निकलने से ऐन पहले वीडियो कॉल आया। उधर से पूछा गया–क्या आपका आधार कार्ड खो गया है? चूँकि किसी और ने उसका उपयोग कर मुम्बई में एकाउंट खोल लिया है। उससे करोड़ों की मनी लॉन्ड्रिंग हो रही है। मुम्बई कोर्ट थाने में मामला दर्ज है। आपका अरेस्ट वारंट जारी हो चुका है। मैं सीबीआई इंस्पेक्टर रोहन शर्मा बोल रहा हूँ। आप बुज़ुर्ग हैं। भले आदमी मालूम पड़ते हैं। पिता समान हैं। यदि जांच में सहयोग करेंगे तो मैं कोशिश करूंगा कि आप जल्दी छूट जाएं, वरना कई साल हिरासत संभव है।

### कविताएं सुनकर की तारीफ

यह जानकर कि मैं कवि हूं, कॉल करने वाले ने मीर और फैज के शेर सुनाने को कहा। फिर बहुत देर तक मेरी कविताएं सुनी। बहुत तारीफ की। फिर कहा कि अब सीबीआई के मुंबई के चीफ़ आपसे बात करेंगे। चीफ साहब को भी बताया और खातों का वेरिफिकेशन कर 24 घंटे में मुक्त कर करने की गुजारिश की।

### 24 घंटे तक किसी से संपर्क न करने को कहा

जालसाज ने कहा– मोबाइल को चार्जिंग पर लगा लीजिए। ताकि 24 घंटे में बैटरी खत्म ना हो और आप हमारी नजरों के सामने रहे। किसी फोन कॉल का जवाब न दे। घर वालों को भी कह दें की 24 घंटे तक आपको डिस्टर्ब ना करें। घर वालों को भी ना बताएं कि मामला क्या है।

### पूरे परिवार को दी धमकी

जब बहुत देर तक ना मैंने दरवाजा खोला, न कारण बताया तो सब लोग घबरा गए। सबकी कहा कि ये फ्रॉड है। इसे फौरन बंद करिये। तब उसने धमकी दी कि अब मैं आपके घरवालों को भी गिरफ्तार करवाऊंगा। इंस्पेक्टर माथुर और एसपी राजेश पाण्डे सबको गिरफ्तार करने आ रहे हैं।

## एसपी बन पुलिसकर्मी की पत्नी को किया डिजिटल अरेस्ट, ठगे 1.14 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** जालसाज ने खुद को सीबीआई का एसपी बता पुलिसकर्मी की पत्नी व उसके परिजन के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट होने की बात कही। इसके बाद डिजिटल अरेस्ट कर 1.14 लाख रुपये अपने खाते में जमा करा लिए। पीड़िता ने इसकी शिकायत जानकीपुरम थाने में की। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

जानकीपुरम निवासी युवक के मुताबिक, वह पुलिस विभाग में हैं। 3 जुलाई को उनकी पत्नी के पास वाट्सएप पर ऑडियो कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए कहा कि आपके नाम से एक पार्सल पकड़ा गया है, जिसमें गांजा व अफीम है। पार्सल छोड़ने के लिए आपको दो लाख देने होंगे। इसके बाद कॉल कट गई। इसके कुछ देर बात फिर पीड़िता के कॉल आई। इस फोनकर्ता ने खुद को मुंबई सीबीआई से एसपी बताया। उसने पीड़िता से कहा कि आपके और पूरे परिवार को पुलिस गिरफ्तार करने आ रही है। यदि बचना चाहते हो तो दो लाख रुपये दे दो। इस पर महिला घबरा गईं और आरोपी के भेजे गए अकाउंट नंबर पर 1.14 लाख रुपये डाल दिए। ठगी का पता चलने के बाद पीड़िता ने जानकीपुरम थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है।

# 20 मकानों में लगे लाल निशान फूट-फूट कर रोईं महिलाएं

## भीड़ ने चिह्नीकरण करने आई टीम को घेरा, दिखाए कागजात

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सिंचाई विभाग समेत छह टीमों ने खुर्रम नगर, रहीम नगर और इंद्रप्रस्थ नगर में की नापजोख

**50** मीटर के दायरे में आए थे कुकरैल नदी के ये मकान

**अमृत विचार :** कुकरैल नदी को पुनर्जीवित करने के दूसरे चरण में अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सोमवार को सिंचाई विभाग समेत छह विभागों की टीमों ने खुर्रम नगर, रहीम नगर और इंद्रप्रस्थ नगर में नापजोख कर नदी के 50 मीटर दायरे में बने 20 मकानों पर लाल निशान लगाए। मकान वैध बताकर लोगों ने टीम को घेर लिया और दस्तावेज दिखाए। अकबर नगर की तरह मकान टूटने की बात सुनकर महिलाएं खूब रोईं।

सोमवार को सिंचाई विभाग, जिला प्रशासन, लखनऊ विकास प्राधिकरण, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग व डूडा के अधिकारियों ने खुर्रम नगर, रहीम नगर और इंद्रप्रस्थ नगर में सर्वे किया। टीम के साथ पुलिस और पीएसी बल मौजूद रहा। सिंचाई विभाग ने नक्शा के मुताबिक तीनों मोहल्लों में नदी किनारे करीब एक घंटे जमीन की नापजोख की। पहले दिन नदी के 50 मीटर दायरे में बने 20 मकान चिह्नित कर लाल निशान लगवाए। निशान लगाने की जानकारी पर बड़ी संख्या में लोगों ने टीम को घेर लिया और बिल्डरों से लाखों रुपये में जमीन खरीदकर रजिस्ट्री व दाखिल-खारिज होने की बात कही। रजिस्ट्री व अन्य दस्तावेज भी दिखाए, लेकिन बात नहीं बनी। प्राधिकरण की तरफ से अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा, ओएसडी रविनंदन व अधिशासी अभियंता राज कुमार रहे।


इन्द्रप्रस्थनगर में भवन में लाल निशान लगाते कर्मचारी। अमृत विचार

### आज से तेज होगा चिह्नीकरण अभियान

मंगलवार से टीमें पुलिस बल के साथ अभियान चलाकर रहीम नगर, खुर्रम नगर, अबरार नगर, इंद्रप्रस्थ नगर व पंत नगर में नदी किनारे नापजोख करके 50 मीटर के दायरे में बने 700 से अधिक आवासीय व व्यवसायिक भवनों पर लाल निशान लगाएंगी। जिन्हें अकबर नगर की तरह लखनऊ विकास प्राधिकरण बुलडोजर चलाकर ध्वस्त करेगा। अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया कि जमीन सिंचाई विभाग की है जो अवैध निर्माण चिह्नित करके नोटिस जारी करेगा। इसके बाद ध्वस्तीकरण किया जाएगा।


मकान पर लाल निशान लगने पर रोती महिला।

### पहले नहीं थी नदी, बाद में बदली दिशा

अबरार नगर के जो अपनी जमीन व मकान वैध बता रहे हैं, उनका तर्क है कि नदी घुमावदार है। जहां उनके मकान बने पहले वहां नदी नहीं थी, न ही सिंचाई विभाग की जमीन है। उस समय नदी दूसरी दिशा में थी। कई साल पहले जमीन खरीद कर रजिस्ट्री कराई और जीवन भर की कमाई लगाकर लाखों रुपये के मकान बनाए। बाद में नदी नाले में तब्दील हो गई जिसका बहाव उनके मकान की तरफ हो गया।

## एक नजर

### 31 तक मिलेगी गृहकर पर 10 प्रतिशत की छूट

**अमृत विचार, लखनऊ :** भवन स्वामियों को गृहकर जमा करने पर 10 प्रतिशत की छूट 31 जुलाई तक मिलेगी। इसके बाद नगर निगम गृहकर में किसी प्रकार की छूट नहीं देगा। नगर निगम की मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट ने बताया कि छूट में केवल 22 दिन शेष हैं। उन्होंने अधिक से अधिक भवन स्वामियों से छूट का लाभ उठाने की अपील की है।

### 15 जुलाई से चौबीस घंटे संचालन, 8 फ्लाइटें बढ़ेंगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** एयरपोर्ट के रनवे की मरम्मत का कार्य लगभग पूरा होने को है। ऐसे में 15 जुलाई से रात की उड़ानें शुरू होने की पूरी उम्मीद है। एयरपोर्ट का रनवे 18 अप्रैल से रोजाना रात 9 :30 बजे से सुबह 5 :30 तक बंद चल रहा है। ऐसे में करीब आठ घरेलू और अन्तरराष्ट्रीय उड़ानें भी निरस्त चल रही हैं। रनवे पर चौबीस घंटे फिर से संचालित होने से बंद चल रही उड़ानें वापस शुरू हो जाएंगी।

### वाराणसी-चंडीगढ़ स्पेशल में लगेंगे 6 अतिरिक्त कोच

**अमृत विचार, लखनऊ :** यात्रियों की भीड़ को देखते हुए वाराणसी–चंडीगढ़ स्पेशल ट्रेन (04211) में 6 अतिरिक्त कोच लगाए जाएंगे। उत्तर रेलवे की सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा के अनुसार इसमें एक सामान्य, दो शयनयान, दो तृतीय श्रेणी वातानुकूलित (इकोनॉमी) और एक कोच तृतीय श्रेणी वातानुकूलित होगा।

# पक्का पुल जर्जर घोषित, भारी वाहनों पर रोक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीडब्ल्यूडी ने पुल के दोनों तरफ हाईटगेज लगाए गए
- सीतापुर रोड की तरफ से आने वाले वाहन फंसे, लगा जाम

**अमृत विचार :** खदरा में गोमती नदी पर बने 110 वर्ष पुराने पक्का पुल को जर्जर घोषित कर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गई है। पीडब्ल्यूडी ने सोमवार को पुल के दोनों तरफ हाइटगेज लगा दिए। बैरीकेड लगाकर रास्ते को संकरा भी कर दिया गया। जबरिया निकलने पर रोडवेज बस और ट्रक पुल पर लगाए गए हाइटगेज में फंस गए। इससे कई बार ट्रैफिक जाम लग गया।

आईआईटी कानपुर की टीम ने पक्का पुल पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने और नया पुल बनाने का सुझाव दिया था। इसके बाद सेतु निगम, पीडब्ल्यूडी की संयुक्त टीम ने सर्वे कर पुल का प्रस्ताव बनाया था। इस प्रस्ताव को अनुमति नहीं मिल पाई है। पुल पर भारी वाहनों का आवागमन रोकने के लिए पीडब्ल्यूडी की टीम ने दोनों तरफ हाइटगेज लगा दिए थे। यातायात पुलिस की लापरवाही से रोडवेज बस, ट्रक समेत भारी वाहनों का आवागमन जारी था। इससे कई बार हाइटगेज क्षतिग्रस्त हो गया था।

शासन के निर्देश पर पीडल्ब्यूडी ने सोमवार को फिर हाइटगेज लगा दिया। इसके बावजूद सीतापुर रोड की तरफ से आने वाले वाहन निकले और हाइटगेज में फंस गए। इससे कई बार भीषण जाम लग गया। सूचना पर ट्रैफिक पुलिस ने जाम खुलवाया।


गोमती नदी पर बने पक्का पुल से गुजरते दोपहिया वाहन और टेंपो। अमृत विचार

> भार क्षमता कम होने से भारी वाहनों का प्रवेश रोक दिया गया है। दोनों तरफ हाइटगेज लगा दिए गए हैं। भारी वाहन बगल में बने नए पुल से गुजर सकेंगे।
>
> –मनीष वर्मा, एक्सईएन, पीडब्ल्यूडी

## सहारा को दी 100 एकड़ भूमि की होगी पैमाइश

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण सहारा इंडिया हाउसिंग लि. को दी गई 100 एकड़ ग्रीन बेल्ट जमीन की पैमाइश करेगा और चिह्नित करके वापस लेगा। साथ ही अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाकर जमीन खाली कराएगा।

एलडीए ने सहारा इंडिया हाउसिंग लि. को 1995 में 100 एकड़ ग्रीन बेल्ट की जमीन लीज पर दी थी। जमीन ग्राम जियामऊ, उजरियांव व रेलवे लाइन के मध्य है। इसे विकसित करने का लाइसेंस भी दिया था। शर्तों के मुताबिक ग्रीन बेल्ट विकसित नहीं की गई। जमीन लीज 30 साल के लिए लीज पर थी। जिसे वापस लेकर विभाग खुद बड़े स्तर पर नगर वन विकसित करेगा। बोर्ड बैठक में भी लाइसेंस निरस्त करके जमीन वापस लेने की मंजूरी मिली है। अब इसी सप्ताह जमीन की पैमाइश की जाएगी। अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया कि जल्द कार्रवाई करेंगे।

# ओटी में मरीज की मौत, डॉक्टर से हाथापाई

## केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में हुई घटना का वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हादसे में युवक की केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर के ऑपरेशन थियेटर में मौत हो गई। लापरवाही का आरोप लगाकर परिजन ने रेजिडेंट डॉक्टर का कॉलर पकड़ कर हाथापाई कर दी। तीन-चार दिन पुरानी घटना का सोमवार को वीडियो वायरल होने पर संस्थान प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस भी मामले की पड़ताल कर रही है।

मानकनगर स्टेशन पर ट्रेन से उतरने के दौरान प्रशांत गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस की मदद से उसे ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया। कैजुअल्टी में डॉक्टरों ने जरूरी जांच कराई। मरीज बेहोश होने से पहले सीटी स्कैन पर कराने की बात कही गई लेकिन फिर डॉक्टरों ने ऑपरेशन का फैसला लिया। खून ज्यादा बह जाने के कारण मरीज की हालत गंभीर हो गई थी।

डॉक्टरों ने तीमारदारों की मदद से खून का इंतजाम कराया। खून चढ़ाने के बाद मरीज को ऑपरेशन थिएटर ले गए। ऑपरेशन से पहले ही मरीज की सांसें थम गई। डॉक्टरों ने यह जानकारी तीमारदारों को दी। तीमारदारों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। महिला तीमारदारों ने रेजिडेंट डॉक्टर का कॉलर पकड़ कर हाथापाई शुरू कर थी। कर्मचारियों से भी अभद्रता की। दूसरे रेजिडेंट डॉक्टर व कर्मचारियों ने किसी तरह मामला शांत कराया। केजीएमयू प्रशासन का कहना है घटना की जांच कराई जा रही है।


डॉक्टरों से अभद्रता करते परिजन। अमृत विचार

# बारिश से त्रिवेणी समेत 21 ट्रेनें निरस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तराखंड और तराई क्षेत्र में भारी बारिश से लालकुआं स्टेशन यार्ड एवं खटीमा-टनकपुर खंड पर जल जमाव के कारण त्रिवेणी एक्सप्रेस सहित 21 ट्रेनें निरस्त कर दी गई हैं। कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित भी हुआ है।

शाहगढ़-माला स्टेशनों के मध्य कटान स्थल पर अधिकारी पहुंच गए हैं। रेल मार्ग के पुर्नस्थापन का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। ट्रेन नंबर 15036 काठगोदाम-दिल्ली एक्सप्रेस काठगोदाम से दो घंटे पुनर्निर्धारित कर चलाई गई।

जल जमाव के कारण ट्रेन नंबर15074 टनकपुर-सिंगरौली त्रिवेणी एक्सप्रेस, 12035 टनकपुर-दिल्ली एक्सप्रेस, 15036/15035 काठगोदाम-दिल्ली एक्सप्रेस, 25035/25036 रामनगर-मुरादाबाद एक्सप्रेस को निरस्त किया गया है। इसके अलावा अनारक्षित स्पेशल ट्रेनों में 05062/05061 टनकपुर-मथुरा जं., 05383/05384 लालकुआं-काशीपुर, 05391/05392 पीलीभीत-टनकपुर,05331/05332 लालकुआं-मुरादाबाद, 05409/05410 काशीपुर-रामनगर, 05341/05342 पीलीभीत-टनकपुर, 05394/05393 टनकपुर-पीलीभीत, 05097 टनकपुर-दौराई स्पेशल और 05336 कासगंज-काशीपुर को भी रद कर दिया गया है।


मानसून के चलते यात्रियों की संख्या घटने से रोडवेज की बसों में यात्रियों की संख्या कम हो गई है। सोमवार बस अड्डे पर सवारियों के इंतजार में खड़ी बसें। अमृत विचार

### तीन उड़ानें निरस्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुम्बई में हुई भारी बारिश की वजह से लखनऊ से आने–जाने वाली उड़ानों पर असर पड़ा। तीन उड़ानें निरस्त हो गईं। वहीं, कई उड़ानें तय समय से लेट रवाना हुईं और आईं। विमानों के लेट होने से हवाई यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मुम्बई से आने वाली उड़ानों का संचालन प्रभावित होने से एक दर्जन से अधिक यात्रियों ने अपना टिकट रद कराकर यात्रा निरस्त कर दी।

### शार्ट टर्मिनेटेड ट्रेनें

13019 हावड़ा–काठगोदाम एक्सप्रेस रूद्रपुर सिटी, 12040 नई दिल्ली–काठगोदाम एक्सप्रेस रूद्रपुर सिटी में शार्ट टर्मिनेट की गई। 12040 ट्रेन रूद्रपुर से काठगोदाम के मध्य निरस्त रही। 15043 लखनऊ जं.–काठगोदाम एक्सप्रेस काठगोदाम के स्थान पर पंतनगर में शार्ट टर्मिनेट की गई। यह गाड़ी पंतनगर से काठगोदाम के मध्य निरस्त रही। 12208 जम्मूतवी–काठगोदाम एक्सप्रेस रूद्रपुर सिटी में शार्ट टर्मिनेट की गई। यह गाड़ी रूद्रपुर से काठगोदाम के मध्य निरस्त रही। ट्रेन नंबर 15075 शक्तिनगर–टनकपुर एक्सप्रेस इज्जतनगर में शार्ट टर्मिनेट की गई। यह गाड़ी इज्जतनगर से टनकपुर तक निरस्त रही। 12036 दिल्ली–टनकपुर एक्सप्रेस इज्जतनगर से टनकपुर तक निरस्त रही।

### शार्ट ओरिजिनेटेड ट्रेनें

15044 काठगोदाम–लखनऊ जं. एक्सप्रेस पंतनगर से चलाई गई। यह गाड़ी काठगोदाम से पंतनगर के मध्य निरस्त रही। 12210 काठगोदाम–कानपुर सेन्ट्रल एक्सप्रेस रूद्रपुर सिटी से चलाई गई। यह गाड़ी काठगोदाम से रूद्रपुर सिटी के मध्य निरस्त रही। 13020 काठगोदाम–हावड़ा एक्सप्रेस 08 जुलाई को रूद्रपुर सिटी से चलाई गई, यह ट्रेन काठगोदाम से रूद्रपुर सिटी के मध्य निरस्त रही।

## लखनऊ में कमजोर पड़ा मानसून

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ और आसपास इलाकों में सोमवार को मानसून कमजोर पड़ने से हल्की हवाओं के साथ आसमान में बादलों की आवाजाही रही। बारिश न होने से लोगों को गर्मी और उमस का सामना करना पड़ा। उधर, बरेली में 24 घंटे के दौरान सबसे अधिक वर्षा 25.7 मिमी रिकार्ड की गई।

मौसम अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश के मुताबिक, दूसरे स्थान पर फुर्सतगंज रहा। यहां 10.6 मिमी बारिश हुई। तीसरे स्थान पर नजीबाबाद रहा, यहां 5.4 मिमी रिकार्ड की गई। मौसम विभाग की मानें तो मध्य क्षेत्र में बारिश के लिए लोगों को दो दिन इंतजार करना पड़ सकता है। सोमवार को लखनऊ में पारे में 3.7 डिग्री उछाल के साथ अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं 0.9 डिग्री बढ़ोत्तरी के साथ न्यूनतम तापमान में भी 25.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मानसून द्रोणी के अपनी सामान्य स्थिति से दक्षिण की ओर खिसकने के कारण लखनऊ और आसपास क्षेत्रों में अगले दो दिनों तक बारिश की तीव्रता व वितरण में कमी आने के आसार हैं।


सहारा गंज चौराहे पर वाहन के कागजात की जांच करते यातायात पुलिस कर्मी।


स्कूल वाहन के फिटनेस प्रमाणपत्र की जांच करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

# स्कूल के बाहर पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

## यातायात पुलिस ने नाबालिगों के वाहन चलाने के खिलाफ शुरू किया विशेष अभियान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**1200** छात्र-छात्राओं को बताए सुड़क सुरक्षा के नियम

**112** के खिलाफ की गई चालान काटने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** राजधानी के स्कूलों में शिक्षक किताबी पाठ पढ़ा रहे थे तो बाहर कमिश्नरेट पुलिस यातायात नियमों की पाठशाला लगाए थे। दोपहर में छुट्टी के बाद जैसे ही बच्चे बाहर निकले पुलिस ने यातायात नियमों की क्लास लगा दी। नाबालिग छात्र-छात्राओं को वाहन न चलाने की नसीहत दी। नाबालिगों को वाहन देने पर अभिभावकों को कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। विशेष अभियान में 1200 छात्र-छात्राओं और 912 अभिभावकों को सड़क सुरक्षा व नियमों के बारे में बताया गया।

डीसीपी यातायात कमलेश दीक्षित के मुताबिक हजरतगंज इलाके में यातायात निरीक्षक वेंकटेश्वर सिंह, देशदीपक सिंह और स्थानीय थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। सेंट फ्रांसिस, कैथड्रल, क्राइस चर्च, लोरेटो, लॉ-मॉर्टिनियर स्कूल के बाहर विशेष चेकिंग की गई। डीसीपी यातायात कमलेश दीक्षित ने बताया कि 112 के खिलाफ चालान काटा गया। 356 स्कूली वाहनों के परमिट व फिटनेस की जांच की गई। बिना फिटनेस मिले 33 वाहनों का चालान काटा गया।

### 5 स्कूल वैन सीज, 15 का चालान काटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** परिवहन मंत्री के निर्देश पर आरटीओ प्रवर्तन की टीम की ओर से सोमवार को स्कूली वाहनों के खिलाफ सघन अभियान चलाकर जांच की गई। अनफिट स्कूली बस और वैन के खिलाफ अभियान 22 जुलाई तक रोजाना चलाया जाएगा। आरटीओ चेकिंग दल शहीद पथ पर 100 से अधिक स्कूली बसों और वैनों की जांच की गयी, जिसमें बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से पांच खतरनाक अनफिट स्कूली वैन जब्त की गईं। जबकि 15 स्कूली वाहनों के चालान काटे गए। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के निर्देश पर परिवहन विभाग की ओर से आठ जुलाई को लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में अनफिट स्कूली वाहनों के खिलाफ अभियान शुरू किया गया। लखनऊ में आरटीओ प्रवर्तन संदीप कुमार पंकज के मार्गदर्शन में टीम ने अभियान चलाया। यात्री कर अधिकारी शहीद पथ पर टीम के साथ सुबह पहुंच गए। जहां से आने–जाने वाले स्कूली वाहनों के प्रपत्रों को जांचा गया। वाहनों की फिटनेस के 13 मानकों की पड़ताल हुई। इसमें पांच वैन अनफिट पाई गई, जिन्हें बंद करवाया गया। वहीं, 15 वाहन ऐसे पाए गए, जिनका चालान काटा गया।

## एक नजर

### गृहकर आवासीय करने पर जताया आभार

**अमृत विचार, लखनऊ :** सूक्ष्म, लघु औद्योगिक इकाइयों का गृहकर आवासीय करने पर लघु उद्योग भारती ने प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया है। सूक्ष्म लघु उद्योगों के परिसर का गृह कर निर्धारण, आवासीय गृहकर का तीन गुना पूर्व सरकारों द्वारा निर्धारित किया गया था, जो उद्योगों के लिए समस्या या अतिरिक्त भार था। इस संदर्भ में लघु उद्योग भारती पिछले ढाई वर्षों से उद्योगों पर गृहकर कम किये जाने तथा आवासीय गृहकर के बराबर किये जाने के लिए लगातार शासन से सम्पर्क कर रहा था। संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने उच्च स्तर पर मिलकर समस्या को समय-समय पर प्रस्तुत किया। उद्योग भारती के लगातार प्रयास के बाद 28 जून को उप्र शासन ने 28 जून को इस सम्बंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

### मुख्यमंत्री बाल सामान्य योजना में हुआ भुगतान

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत जिले के 2094 बच्चों को 25 सौ रुपये प्रतिमाह के हिसाब से भुगतान किया गया है। बच्चों के खाते में तीन माह की राशि भेज दी गई है। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि अप्रैल से जून तक तीन माह की धनराशि बच्चों के खाते में भेज दी गई है। 18 वर्ष से कम आयु के ऐसे बच्चे जिन्होंने माता-पिता दोनों, माता-पिता में से किसी एक या अभिभावक को खो दिया है को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत लाभान्वित किया जाता है।

### जप करते हुए दिया धरना



धरना देती हुई सीमा

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई में सीनियर नर्सिंग अफसर और नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन की पूर्व अध्यक्ष सीमा शुक्ला का धरना पांचवें दिन भी जारी रहा। सोमवार को उन्होंने सीएमएस कार्यालय में ॐ नमः शिवाय का जप करते हुए धरना दिया। सीमा का आरोप है कि उन पर धरना खत्म करने का दबाव बनाया जा रहा है। सीमा ने संस्थान प्रशासन पर नियमों की अनदेखी और सीएमएस पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। कार्रवाई की मांग को लेकर वह गुरुवार से रोजाना तीन घंटे का सांकेतिक धरना दे रही हैं। उनका कहना है कि सीएमएस पर कार्रवाई न होने तक धरना जारी रखेंगी। संस्थान के निदेशक प्रो. आरके धीमन का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# ऐशबाग में नाले पर अतिक्रमण, अभियंता मौन, जिम्मेदार कौन

## दुकानें बना लेने से सकरा हो गया नाला, होता है जलभराव

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर आयुक्त ने नालों से अतिक्रमण हटाकर सफाई करने के निर्देश दिए थे। महापौर के निर्देश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान भी चलाया जा रहा है, लेकिन ऐशबाग पीली कॉलोनी में जलभराव का कारण बने नाले से अतिक्रमण नहीं हटाए जा रहे हैं। जोन दो के नगर अभियंता ने अतिक्रमण करने वालों को नोटिस तक नहीं जारी किए हैं।

ऐशबाग चौराहे से हैदरगंज ईदगाह के आगे पीली कालोनी रोड पर लोगों ने नजूल की जमीन और नाले पर दुकानें बना ली हैं। नाला सकरा हो जाने से जलनिकासी नहीं हो पाती है, जिससे क्षेत्र में जलभराव हो जाता है। जलभराव होने पर 29 जून को नगर निगम ने दुकान के अंदर बने चैंबर को खोलकर नाले की सफाई कराई थी। तब नाले से अतिक्रमण हटाने की बात भी कही थी। किंतु 10 दिन बाद भी जोन दो के नगर अभियंता अशोक यादव ने अतिक्रमण करने वालों को नोटिस तक जारी नहीं किए हैं।




▶▶ नगर अभियंता ने अभी तक अतिक्रमण करने वालों को नोटिस तक नहीं भेजे

"जल्द ही पीली कालोनी के पास नाले पर बनी दुकानों को नोटिस जारी की जाएगी। रामनगर कालोनी में लगभग 15 अतिक्रमण चिन्हित हैं। इनको ध्वस्त करने के लिए जोनल अधिकारी से फोर्स उपलब्ध कराने की मांग की गयी है।

–अशोक यादव, नगर अभियंता, नगर निगम जोन दो

### रामनगर कॉलोनी में नाले पर अतिक्रमण नोटिस देकर भूले

रामनगर कालोनी में भी नाले पर अतिक्रमण है। इससे सफाई नहीं हो पाती है। नगर निगम जोन दो के अभियंता ने अतिक्रमण करने वालों को नोटिस दिए थे लेकिन आगे कार्रवाई नहीं की गई। बारिश में अब यहां जलभराव हो रहा है। पानी घरों तक पानी पहुंच जाता है। अमृत विचार नाले पर अतिक्रमण का मुद्दा उठाता रहा है। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह के निर्देश के बाद रामनगर कालोनी में नालियों के रैम्प तोड़े गए थे लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाए गए।



आलमबाग के पवनपुरी में गाय पकड़ने के दौरान विरोध करतीं महिलाएं। अमृत विचार

# पशु पकड़ने के विरोध में वाहन के आगे लेटीं महिलाएं

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▶▶ गीतापल्ली वार्ड के पवनपुरी और गोपालपुरी में कैटल कैचिंग दस्ते ने पकड़े 15 पशु

**अमृत विचार :** अवैध डेयरी के खिलाफ नगर निगम के कैटल कैचिंग दस्ते ने सोमवार को भी जोन पांच के गीतापल्ली वार्ड में अभियान चलाया। इस बीच टीम को पशुपालकों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। महिलाएं पकड़े गए पशुओं से लदे वाहन के आगे लेट गयीं। पशुपालकों ने टीम का घेराव करने के साथ कर्मचारियों के साथ गाली-गलौच की। विरोध के बीच टीम ने पवनपुरी और गोपालपुरी में 10 गाय, दो भैंस और तीन बछिया पकड़कर ठाकुरगंज कांजी हाउस में बंद कराए।

नगर निगम के पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने बताया कि नगर विकास मंत्री के निरीक्षण के बाद से नगर निगम लगातार गीता पल्ली वार्ड में अवैध डेयरी के विरुद्ध अभियान चला रहा है। सोमवार को कृष्णा नगर थाना क्षेत्र के पवनपुरी और गोपालपुरी में अवैध डेयरी के विरुद्ध अभियान चलाया गया। टीम को देखते ही पशुपालक अपने पशुओं को लेकर भागने लगे। अभियान के दौरान डेयरी संचालकों ने टीम का घेराव करने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि अभियान में नगर निगम अभी तक 40 गाय, दो बछिया और नौ भैंस पकड़ चुका है।

## तीन जोन में सफाई के लिए आईं चार कंपनियां

**अमृत विचार, लखनऊ:** नगर निगम के तीन जोन में सफाई के लिए चार कंपनियां आईं हैं। सोमवार को टेंडर डालने की अवधि समाप्त हो गयी। अब टेक्निकल के बाद फायनेंशियल बिड खोली जाएंगी। एक सप्ताह में कंपनी का चयन हो जाएगा। चयनित कंपनी नगर निगम के जोन दो, पांच और आठ में नालियों और सड़कों की सफाई करेगी।

नगर निगम ने तीन जोन में सफाई के लिए पिछले महीने टेंडर निकाला था। जिसमें चार कंपनियों ने रुचि दिखाई है। इसके लिए नगर निगम कंपनी को 6.5 करोड़ रुपये प्रतिमाह भुगतान करेगा। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और डंपिंग यार्डों से कूड़ा शिवरी प्लांट तक पहुंचाने के लिए नगर निगम अलग से भुगतान करेगा। नगर निगम के पांच जोन में हैदराबाद की कंपनी रामकी काम कर रही है। इनमें जोन एक, तीन, चार, छह और सात शामिल हैं। कंपनी अभी घरों से कूड़ा कलेक्शन कर रही है।

# परंपरागत व्यापारियों को ऑनलाइन ट्रेडिंग प्रोग्राम से जोड़ेंगे

## उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल कार्यकारिणी समिति में बनी सहमति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की कार्यकारिणी समिति की बैठक में सोमवार को निराला नगर स्थित गेस्ट हाउस में हुई। इसमें पदाधिकारियों ने व्यापार को आगे ले जाने के लिए रणनीति बनाई गई। तय हुआ कि परंपरागत व्यापार को बढ़ाने के लिए कारोबारियों को ऑनलाइन ट्रेनिंग प्रोग्राम से जोड़ा जाए।

जिससे उनमें व्यापार को लेकर नए तौर-तरीकों की जानकारी बढे. और बिना किसी भय के रुचि उत्पन्न हो। बैठक की अध्यक्षता कर रहे संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि व्यापार को बचाना, बढ़ाना और व्यापारियों के मान-सम्मान के लिए संगठन हरसंभव कोशिश करेगा।




बैठक में को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता, मंच पर मौजूद अन्य पदाधिकारी।

### 13 से जागरुकता अभियान

व्यापारी नेता ने बताया कि व्यापारियों को जागरूक करने के लिए 13 जुलाई से 20 अगस्त तक प्रत्येक बाजार में जागरूकता सम्मेलन होंगे। मासिक बैठक कर व्यापारियों का उत्पीड़न रोकने के लिए प्रत्येक बाजार में उड़न दस्ते का गठन किया जाएगा। व्यापारियों को बैंकों के माध्यम से लोन दिलवाने की व्यवस्था कराएगा। व्यापार को बढ़ाने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर व्यापार मेला एवं कार्निवल होंगे। राजधानी में 2 माह में 50 हजार नए व्यापारियों को सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया।

### बैठक में ये रहे मौजूद

संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष गुरप्रीत सिंह चड्ढा, आसिफ किदवई, प्रदेश महामंत्री शशिकांत शर्मा, कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, प्रदेश मंत्री संदीप सिंह गौड़, नगर महामंत्री राजीव शुक्ला, मोहित कपूर, आशीष गुप्ता, अमित अग्रवाल, मनीष पांडे, ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम, अशोक यादव, नगर उपाध्यक्ष डॉ साकेत चतुर्वेदी, सर्वेश मिश्रा, अमिताभ श्रीवास्तव, मोहम्मद आदिल, मनमोहन सिंह, क्षितिज अवस्थी, अमित दीक्षित, कमल अग्रवाल, महिला इकाई की अध्यक्ष अनिला अग्रवाल, शिखा सिंह पटेल, वीना, अंजलि मौर्या, मसीहउज्जमा गांधी समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।



वाणिज्य कर आयुक्त नितिन बंसल को ज्ञापन देते अध्यक्ष संदीप बंसल और अन्य पदाधिकारी।

### जीएसटी की कमियां दूर कराएं जिम्मेदार

अमृत विचार, लखनऊ : अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल नौ सदस्यों के साथ वाणिज्य कर आयुक्त नितिन बंसल से मिले। उनसे जीएसटी की कमियों को दूर कराने का आग्रह किया। उन्होंने व्यापारी कल्याण दिवस को बेहतर ढंग से आयोजित करने के लिए कुछ सुझाव आयुक्त को दिए जिसमें अधिक प्रतिष्ठानों वाले, एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में विविध व्यापार करने वाले, महिला उद्यमी व्यापारी, सर्वाधिक रोजगार देने वाले एक जनपद एक उत्पाद की श्रेणी में आने वाले व्यापारियों को सम्मानित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन व्यापारियों को बेवजह के नोटिस जारी किए गए हैं उन्हें रद्द किया जाए। सही नोटिस न होने पर अधिकारी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाए। विधानसभा वार कैंप लगवाए जाएं इसकी सूचना सभी क्षेत्रीय व्यापार मंडलों को दी जाए। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय मंत्री प्रदीप अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, जावेद बेग, अश्वन वर्मा, राजीव कक्कड़, विपिन अग्रवाल, पतंजलि सिंह, ललित सक्सेना, सनत गुप्ता शामिल रहे।



**कार्यालय नगर पंचायत पैंतेपुर-सीतापुर**

पत्रांक: 86/न0पं0पै0/ आ0सू0/2024-25 दिनांक: – 05 जुलाई, 2024

आवश्यक सूचना

नगर पंचायत पैतेपुर जनपद सीतापुर के सिविल कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों /फर्मो को सूचित किया जाता है कि कार्यालय के पत्र संख्या-46/न0पं0पैतेपुर/ई-नि0सू0/2024-25 दिनाँक 12 जून 2024 के द्वारा कान्हा गौशाला /पुश शेल्टर होम्स के अर्न्तगत प्राप्त धनराशि से करायें जानें वालें निर्माण कार्यो हेतु दिनांक 26.06.2024 को समय 02: 00 बजे तक ई-टेण्डरिंग निविदायें आमांत्रित की गयी थी। जो अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है, पुनः निविदा आंमत्रण की सूचना प्रथक से जारी की जायेगी।

अध्यक्ष
नगर पंचायत पैंतेपुर
–सीतापुर

पुलिस कमिश्नर को पत्र देते व्यापारी। अमृत विचार

# बाजारों की सुरक्षा के लिए पुलिस गश्त जरूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** आलमबाग नटखेड़ा रोड युवा व्यापार मंडल ने सोमवार को पुलिस कमिश्नर से मुलाकात कर बाजारों में पुलिस गश्त की मांग की। बाजार, व्यापार और सुरक्षा को लेकर व्यापारी नवागत पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र सेंगर से मिले। उन्हें मांग पत्र दिया।

लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ मंत्री मनीष अरोड़ा के नेतृत्व में महामंत्री उपकार सिंह, कृष्ण पाल, रजत सोनकर के साथ लखनऊ महानगर के पुलिस मुखिया से मिले। व्यापारियों ने राजधानी में नियुक्ति पर पुलिस मुखिया को शुभकामनाएं दीं और कहा कि आलमबाग नटखेड़ा रोड पर बड़ी रिटेल एवं होलसेल बाजार है। इसमें कृष्णा नगर, बंथरा, सरोजनी नगर, आशियाना तेलीबाग, पीजीआई आदि पॉश इलाके से लोग खरीदारी को आते हैं। यहां आये दिन महिलाओं के साथ घटनाएं होती हैं। व्यापारी भी अपने आपको असुरक्षित महसूस करता है।

ऐसे में इन बाजारों में पुलिस गश्त कराई जाए जिससे देर शाम तक खरीदार बाजार में रहें और व्यापार आगे बढ़े। पुलिस कमिश्नर ने आश्वस्त कर कहा कि व्यापारियों के साथ पुलिस अधिकारी बैठक कर समस्याओं का निस्तारण करेंगे। बाजारों में सुरक्षा को लेकर गश्त पर भी विचार किया जाएगा।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं0:DCE-BL-10-2024

उप मु0इं0/पुल लाईन/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा आमन्त्रित करते है–

क्र.स.1:-ई-निविदा सं0:-DCE-BL-10-2024, कार्य का विवरणः पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल के भटनी-मऊ खण्ड के बेल्थरा रोड-लार रोड के मध्य किमी 27/7-28/9 पर घाघरा नदी पर स्थित पुल सं0-31(18X61.0m), गोरखपुर- वाल्मिकिनगर खण्ड पर पनियहवाँ-वाल्मिकिनगर स्टेशनों के मध्य किमी 305/4-306/4 पर नारायणी नदी पर स्थित पुल सं0-50(14X61.0m) एवं भटनी-सिवान खण्ड पर नोनापार-भाटपाररानी स्टेशनों के मध्य किमी 426/1-3 पर गण्डक नदी पर स्थित पुल सं0-119 UP (7X24.4+1X12.2m) पर साईड पाथवे के बकाया कार्य। **अनुमानित लागत (रू0):** ₹5,01,13,607.36, **बयाने की राशि (रू0):** ₹4,00,600.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य-शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन अवधि-12 (बारह) माह।

ई-निविदा खुलने की तिथि दिनांक 30.07.2024 को 11.00 बजे, ई-निविदा की प्राप्ती की तिथि दिनांक 30.07.2024 को 10.59 बजे तक, ई-निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण वेवसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

उप मु0इं0/पुल लाईन
मुजाधि/डब्लू-147 गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (मु0)**
**जलकल विभाग, नगर निगम ऐशबाग, लखनऊ**

पत्रांक : 768/ई0ई0(एच0क्यू0)/2024-25 दि0: 06.07.2024

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**

जलकल विभाग मे पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 15-07-2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनांक 15.07.2024 को अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय में अपरान्ह 3:00 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स में प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 15-07-2024 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय में खोली जायेंगी।

1. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय में 02 टन की चेनपुली की आपूर्ति धरोहर धनराशि 10,000.00 एवं निविदा मूल्य रू0 500.00
2. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय मे 03 टन की चेनपुली की आपूर्ति धरोहर धनराशि 10,000.00 एवं निविदा मूल्य रू0 500.00
3. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय मे 05 टन की चेनपुली की आपूर्ति धरोहर धनराशि 10,000.00 एवं निविदा मूल्य रू0 500.00

अधिशासी अभियन्ता (मु0)
जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ


# विशेषज्ञ की सलाह पर ही भर्ती होंगे आयुष्मान योजना के मरीज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ निजी अस्पताल में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए सांचीज ने किया नियमों में बदलाव

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना से जुड़े निजी अस्पताल अब आईसीयू के नाम पर फर्जीवाड़ा कर बिल का भुगतान नहीं करा सकेंगे। अब विशेषज्ञ की सलाह पर ही मरीज को भर्ती किया जाएगा। साथ ही जिस विधा के डॉक्टर के पैनल का पंजीकरण होगा वही इलाज भी कर सकेंगे। इस संबंध में स्टेट एजेंसी फॉर कंप्रेहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (सांचीज) की ओर से निजी अस्पतालों को नई गाइडलाइन जारी की गई है।

योजना में 258 सरकारी और 48 निजी अस्पताल शामिल हैं। निजी अस्पतालों में फर्जीवाड़ा कर बिल का भुगतान के मामले सामने आने पर नियमों में बदलाव किया गया है। अब अस्पताल में मरीज के साथ इलाज करने वाले डॉक्टर की फोटो भेजनी होगी। आईसीयू के मरीजों की फोटो दिन में दो बार आठ-आठ घंटे के अंतराल में भेजनी होगी। फोटो लेते समय जीपीएस लोकेशन अनिवार्य है।

योजना के नोडल डॉ. विनय मिश्र ने बताया कि आईसीयू में मरीज को विशेषज्ञ डॉक्टर की सलाह पर भर्ती किया जाएगा। एमबीबीएस डिग्रीधारी डॉक्टर ही मरीज को आईसीयू रेफर कर सकेंगे। यदि किसी निजी अस्पताल के खिलाफ शिकायत मिलती है तो भुगतान रोक दिया जाएगा। सीएमओ की ओर से सभी अस्पताल संचालकों को नियमों सख्ती से पालन करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

# सभी सीएचसी पर लगाए जा रहे सोलर पैनल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर बिजली संकट दूर करने के लिए सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं। महानिदेशालय की ओर से आठ सीएचसी पर सोलर पैनल लगाए भी जा चुके हैं।

ग्रामीण सीएचसी पर बिजली की समस्या ज्यादा रहती है। फाल्ट होने में दो-से तीन दिन तक लग जाते हैं। ऐसे में सीएचसी पर लगे इनवर्टर की बैट्री डिस्चार्ज हो जाती है। जनरेटर के डीजल का बजट मिलने में भी लेट लतीफ की शिकायतें आती हैं। इस समस्याओं को देखते हुए केंद्र प्रभारियों की मांग पर शासन में सोलर पैनल लगवाने के निर्णय लिया। अलीगंज, इंदिरा नगर, इटौंजा, माल, मलिहाबाद, बीकेटी, काकोरी, गोसाईगंज सीएचसी में 16 केवी के सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं।

अलीगंज सीएचसी अधीक्षक डॉ. सोमनाथ सिंह ने बताया कि पहले चार केवी का सोलर पैनल लगा था। अब 16 केवी का पैनल और लगा दिया गया है। इससे बिजली संकट दूर हो गया है। जो धनराशि बिजली के बिल में खर्च होती थी उसे मरीजों के लिए सुविधाओं पर खर्च किया जाएगा।

## गर्भवती व गर्भस्थ शिशु की मौत के मामले की जांच शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** जानकीपुरम के निजी अस्पताल में गर्भवती व गर्भस्थ शिशु की मौत के मामले में दो सदस्यीय जांच समिति बनाई गई है। मड़ियांव के गायत्री नगर निवासी सूरज यादव ने आठ महीने की गर्भवती पत्नी देवांती यादव (35) को 3 जुलाई को आशा कार्यकर्ता के माध्यम से जानकीपुरम के पारुल अस्पताल में भर्ती कराया था। रविवार तड़के देवांती की मौत हो गई थी। परिजन ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर पुलिस से शिकायत की थी। आरोप है कि हालत हालत खराब होने के बावजूद डॉक्टर ने मरीज को रेफर नहीं किया और न ही ढंग से इलाज किया जा रहा था। 50 हजार रुपये जमा करना का दबाव बनाया जा रहा था। निजी अस्पतालों के नोडल अधिकारी डॉ. एपी सिंह ने बताया कि दो सदस्यीय जांच समिति बनाई गई है। पुलिस से दस्तावेज मांगे गए हैं। महिला के पति और डॉक्टर को बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया है।


**कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जोन-3, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांक:– 598/EE-3/GL-7/24-25 दिनांक 08/07/2024

**(अति-अल्पकालीन निविदा-सूचना)**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 16.07.2024 तक अपरान्ह 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदाएँ दिनांक 16.07.2024 तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेन्डर बॉक्स में प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदाएँ दिनांक 16.07.2024 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे जोन-3 के कार्यालय में खोली जायेगी।

1. जलकल विभाग, जोन-3 के अन्तर्गत बने स्टॉफ क्वार्टर के बाहर क्षतिग्रस्त बाउन्ड्रीवाल का पुर्ननिर्माण, रंगाई पुताई, प्लास्टर व अन्य कार्य, धरोहर राशि रु0 3900/– एवं निविदा मूल्य रु0 200/–

अधिशासी अभियन्ता जोन-3
जलकल विभाग नगर निगम लखनऊ



**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर गति शक्ति उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें अकेला पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | जीएसयू-एलकेओ-एसआईजी-एलसी-03 |
| कार्य का नाम | "एलकेओ डिवीजन पर लेवल क्रॉसिंग के एलसी 121, 23सी, एलसी 187, एलसी 108A, एलसी 77 एसपीएल गेट पर आरओबी आरयूबी कार्य के संबंध में उपयोगिता" |
| अनुमानित लागत | रू 37680430.81/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रू 338400.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 12 महीने |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 29.07.2024 15:00 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in उप.चीफ सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता/गति शक्ति कार्यालय/म.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

सं0: जीएसयू-एलकेओ-एसआईजी-एलसी-03 दिनांक: 06.07.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2064/24



**Sanjay Gandhi Postgraduate Institute of Medical Sciences**
Raebareli Road, Lucknow - 226014, (U. P.) India, www.sgpgi.ac.in,
Tel : 0522- 2668004-8, 2668700, 2668800, 2668900,

**WALK IN INTERVIEW**

Applications are invited for the following temporary position in project/ Clinical Trial entitled **"A randomized, double-blind, double-dummy, parallel-group study, comparing the efficacy and safety of remibrutinib versus teriflunomide in participants with relapsing multiple sclerosis, followed by extended treatment with open-lable remibrutinib"** Under Prof. Jayantee Kalita, Principle Investigator, Department of Neurology, SGPGIMS, Lucknow :-

**Age limit:** 35-45 years
**Duration:** Duration of project is for approx. 2.5 years.

| Name of Post | No. of posts | Emoluments | Qualifications |
|---|---|---|---|
| Study Coordinator | 1 | Rs.50000.00 | Bachelor degree in Pharmacy with M. Sc. in Clinical research. **Experience:** 8 years in Clinical drug trials (Preference will be given to those who having experience in Multiple Sclerosis drug trials. |

**General Conditions:**
The position is purely temporary. Accommodation will be not provided in the campus. Those interested should apply through current biodata along with personal **WhatsApp** Number and self-attested testimonial send lo the email: jkalita@sgpgi.ac.in latest by 13 July 2024. Eligible candidate will be intimate by email. The date of interview is 15 July 2024.
No separate admit card will be issued. No TA/DA will be given for interview.
The director reserves the right to cancel the advertisement/Selection withoui assigning any reason.

(Dr. Jayantee Kalita)
Principal Investigator
Department of Neurology,
Sanjay Gandhi PGIMS.

Advt. No. R/16/ 2024-25



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम BALJEET SINGH से बदलकर BALJEET SINGH KANG रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। S/O : MALKEET SINGH Add: DHAKA KHERI

**सूचना**

सूचित हो कि मैं नरेश कुमार गोयल निवासी आशियाना कालोनी कानपुर रोड सूचित करता हूं की मेरे पुत्र कार्तिकेय गोयल का आधार कार्ड में आशु गोयल अंकित है। मेरे पुत्र का असली नाम कार्तिकेय गोयल है। आधार कार्ड में नाम सुधार करा लिया गया है। कार्तिकेय गोयल और आशु गोयल एक ही व्यक्ति के नाम है। मेरे पुत्र को भविष्य में कार्तिकेय गोयल के नाम से जाना जाए। **नरेश कुमार गोयल निवासी: सेक्टर के-1137 आशियाना कालोनी कानपुर रोड, लखनऊ**

**सूचना**

मैं, उमे हानेय इनाम (पुत्री अहमद सगीर इनाम शास्त्री, नि.- 610/984 (346) -सी, केशव नगर, सीतापुर रोड, लखनऊ- 226020), मेरा नाम पहले Ume Haney था, मैंने अपना नाम बदलकर Ume Haney Inam रख लिया है। भविष्य में मुझे Ume Haney Inam के नाम से ही जाना जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि JITENDRA SINGH पुत्र RAJKUMAR SINGH निवासी सी-1, 1111, गोमती इन्क्लेव निकट अलकनन्दा इन्क्लेव अवध बिहार योजना लखनऊ 226002, मेरे पुत्र RUDRANSH SINGH की रिपोर्ट कार्ड में पिता /माता का नाम JITENDRA RAJ KUMAR SINGH व माता का नाम PRIYANKA JITENDRA SINGH अंकित हो गया है। मेरे पुत्र RUDRANSH SINGH के रिपोर्ट कार्ड में अंकित पिता के नाम के स्थान पर JITENDRA SINGH व माता के नाम के स्थान पर PRIYANKA SINGH दर्ज कर दिया जाये। जो सत्य व सही है। अतः मेरे पुत्र RUDRANSH SINGH के रिपोर्ट कार्ड में उक्त संशोधन करके पुनः जारी किया जाय।

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर में MV ACT मे दाखिल दो पहिया व चार पहिया वाहनों की नीलामी दिनांक 11.07.2024 को समय 10.00 बजे से थाना तुलसीपुर परिसर में नायब तहसीलदार तुलसीपुर के उपस्थिति में किया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक व्यक्ति नीलामी प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिए नियत तिथि व समय पर थाना तुलसीपुर परिसर मे उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अग्रिम धनराशि 5000/ – रुपये जमा करना होगा।

प्रभारी निरीक्षक थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर

**NOTICE**

FOR CHANGE OF NAME OF SON OF EX-SERVICEMAN. I SHIVA SHARAN FATHER OF ABHINAV RESIDENT OF B-444, INDIRA NAGAR, RAEBARELI (UP) DO HEREBY DECLARE THAT I HAVE CHANGED MY SON NAME FROM ABHINAV TO ABHINAV YADAV DUE TO ADDITION OF SIR NAME. OBJECTION IF ANY MAY BE CONVENED TO THE CONCERNED AUTHORITY WITHIN SEVEN DAYS.

**सूचना**

I, 734426 -T Rank JWO Name Anant Prakash Verma F/o Arav Verma R/o KH. No. 115 behind Shekhar hotel Saray Shekh, chinhat Lucknow UP 226028 declare that my son Arav Verma DOB 13-03-2013 recorded in service record is incorrect. My son 's correct DOB i.e. 13-03-2016 be used for all future purposes and same be changed in service record held at DAV New Delhi

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र प्रदीप का चाल चलन अच्छा नहीं है वह बुरी संगत में पड़ गया है। इसलिए मैंने अपने पुत्र प्रदीप से संबंध विच्छेद कर चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। दीगर व्यक्ति किसी प्रकार का लेन देन अथवा कानूनी कार्यवाही करता है तो वह स्वंय जिम्मेदार होगा। हम परिवारीजनों से उसका कोई सरोकार नही है। **–पंची लाल पुत्र सुंदरे निवासी ग्राम भिड़रूआ पोस्ट हैंवरा तहसील सैफई, इटावा**

# 15 से दोबारा खुलेगा दशमोत्तर छात्रवृत्ति पोर्टल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परीक्षा परिणाम न घोषित होने 37,793 छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित रह गए
- 9100 सामान्य, 25,479 पिछड़े और 3214 अल्पसंख्यक वर्ग के हैं छात्र-छात्राएं

**अमृत विचार :** पिछले वित्तीय वर्ष में छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति से वंचित रहे दशमोत्तर कक्षाओं के 37 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति पोर्टल 15 जुलाई से दोबारा खोला जाएगा।

पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में समय से परीक्षा परिणाम न घोषित होने सहित अन्य कई कारणों से दशमोत्तर कक्षाओं के 37,793 छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित रह गए हैं। इनमें सामान्य वर्ग के 9100, पिछड़ा वर्ग के 25,479 और अल्पसंख्यक वर्ग के 3214 छात्र-छात्राएं हैं। नियमानुसार छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति अगले वित्तीय वर्ष में नहीं मिलती। लेकिन, समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण के प्रयासों से सरकार ने इन वंचित छात्र-छात्राओं को इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में छात्रवृत्ति देने के लिए दोबारा पोर्टल खोलने का फैसला किया है। इस दौरान वंचित छात्र-छात्राएं तय समय में अपने ऑनलाइन छात्रवृत्ति के आवेदनों में संशोधन कर उसे आगे बढ़ा सकेंगे।

समाज कल्याण निदेशालय की ओर से तैयार संभावित समय सारिणी के तहत 15 जुलाई से 24 जुलाई के बीच वंचित छात्र पोर्टल पर अपने ऑनलाइन आवेदनों में पिछले साल के परीक्षा परिणाम को ठीक करेंगे। साथ ही अन्य गलतियों में सुधार कर सकेंगे। 16 से 30 जुलाई के बीच छात्र ऑनलाइन आवेदन की मूल प्रति जरूरी दस्तावेजों के साथ जमा करेंगे। शिक्षण संस्थान इसी दौरान दस्तावेजों का मिलान कर उसे सत्यापित कर आगे अग्रसारित करेंगे। 31 जुलाई से 22 अगस्त तक छात्रवृत्ति पोर्टल संबंधित प्रक्रियाओं को पूरा कर पात्र लाभार्थी छात्र-छात्राओं के खातों में 30 अगस्त 2024 तक छात्रवृत्ति का पैसा पहुंच जाएगा। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि शासन से अनुमति मिलने के बाद पोर्टल खोलने को लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# ओबीसी छात्रवृत्ति के लिए 75% बायोमेट्रिक हाजिरी जरूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पहले स्नातक, स्नातकोत्तर और प्रोफेशनल कोर्स में लागू होगी बायोमेट्रिक उपस्थिति
- छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति में पारदर्शिता लाने के लिए विभाग ने लिया निर्णय

**अमृत विचार :** पिछड़ा वर्ग के छात्रों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाया जाएगा। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के तहत पूर्वदशम्, दशमोत्तर और पीएम यशस्वी योजनाओं के तहत दी जाने वाली छात्रवृत्ति (शुल्क प्रतिपूर्ति) अब उन्हीं छात्रों को मिलेगी, जिनकी कक्षाओं में कम से कम 75% उपस्थिति होगी। इतना ही नहीं, छात्रों की उपस्थिति अब आधार बेस्ड बायोमेट्रिक (फेशियल ऑथेंटिकेशन) के जरिए होगी।

पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में पहले चरण में यह व्यवस्था समूह एक के पाठ्यक्रमों (बीएएमएस, बीबीए, एमबीए, बीडीएस, बीएफएडी, बी फार्मा., बीटेक, एमटेक, डॉक्टर ऑफ फार्मेसी, एलएलबी, एलएलएम, कोर्स इन ह्यूमन राइट्स एंड ड्यूटीज एजुकेशन, एमटेक, एमबीबीएस, एमपीटी, एम फार्मा, एमएस, मास्टर ऑफ फार्मेसी (फार्माकोलॉजी), मास्टर ऑफ फार्मेसी (फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री), मास्टर ऑफ फार्मेसी (फार्मास्यूटिक्स), एमसीए, एमडी आयुर्वेद, एमएस आयुर्वेद और पीएचडी जैसे पाठ्यक्रम) पर इसी शैक्षणिक सत्र (2024-25) से सभी शासकीय, गैर शासकीय और शासकीय सहायता प्राप्त सभी शिक्षण संस्थाओं पर लागू होगी।

दूसरे चरण में अगले शैक्षणिक सत्र (2025-26) से आधार बेस्ड बायोमेट्रिक उपस्थिति पूर्व दशम और दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना से संबंधित सभी शैक्षणिक संस्थानों में लागू की जाएगी। छात्रों की उपस्थिति 75 प्रतिशत या उससे अधिक होने पर ही छात्रवृत्ति की सुविधा मान्य होगी। निदेशक डॉ. वंदना वर्मा ने बताया कि शैक्षणिक संस्थाओं को निर्देश दिए गए हैं कि वह छात्रों की उपस्थिति आधार बेस्ड बायोमेट्रिक सिस्टम से कराने की व्यवस्था करें।

## एक नजर

### एमिटी विश्वविद्यालय में दीक्षारम्भ का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** एमिटी विश्वविद्यालय लखनऊ परिसर में वर्ष 2024 के नए अकादमिक सत्र की परम्परागत ढंग से शुरुआत की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन किया गया। दीक्षारम्भ कार्यक्रम में विद्यार्थी और उनके विभागों के संकाय सदस्यों के साथ उप प्रति कुलपति विंग कमांडर डॉ. अनिल तिवारी, डीन अकादमिक प्रो. राजेश कुमार तिवारी, निदेशक एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंफार्मेशन टैक्नोलॉजी ब्रिगेडियर यू के चोपड़ा, निदेशिका एमिटी स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज प्रो. कुमकुम रे सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष शामिल हुए। कार्यक्रम में नए विद्यार्थियों ने भी हिस्सा लिया।

### वास्तुकला संकाय का फोकार्टोपीडिया से एमओयू

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के वास्तुकला एवं योजना संकाय ने सोमवार को पटना के फोकार्टोपीडिया फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। वास्तुकला एवं योजना संकाय की प्राचार्य एवं डीन डॉ. वंदना सहगल और फोकार्टोपीडिया के निदेशक सुनील कुमार ने वास्तुकला एवं योजना संकाय की विभागाध्यक्ष प्रो. रितु गुलाटी, आर्ट एंड ग्राफिक्स प्रकोष्ठ के असिस्टेंट प्रोफेसर गिरीश पांडेय, कलाकार भूपेंद्र कुमार अस्थाना और फोकार्टोपीडिया के एडमिनिस्ट्रेटर अनूप सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षर किये।

### सच्चा एवं अच्छा इंसान बनने की कोशिश करना : मुनि श्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** मनुष्य का जीवन पुण्य कर्म से प्राप्त होता है और इसको सच्चे देव, शास्त्र एवं गुरु की सेवा में लगाना चाहिए। दूसरे के कल्याण की भावना रखते हुए अपने जीवन का निर्वाह करना चाहिए। ये वचन सोमवार को डालीगंज स्थित दिगंबर जैन मंदिर सभा में मुनी श्री सुप्रभसागर महाराज ने कहे। सभा का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, चरण प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट महिला संघ द्वारा किया गया। बिना भक्त बने कोई भगवान नहीं बन सकता, भक्त बनने के पहले सच्चा इंसान एवं अच्छा इंसान बनने की कोशिश करनी होगी। स्वयं की परीक्षा स्वयं से करना कठिन है।

# लखनऊ विवि की प्रवेश परीक्षाओं की तिथियां तय, भाषा में काउंसिलिंग शुरू

## तेज हुई प्रवेश प्रक्रिया, बीबीएयू में दो दिन बाद खुलेगा पोर्टल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** विश्वविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर परीक्षा समितियों की ओर से तेजी आई है। लखनऊ विश्वविद्यालय ने प्रवेश परीक्षा संबंधी तिथियों को घोषित किया। वहीं भाषा विवि में काउंसिलिंग के आयोजन किये गए। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विवि में 15 से प्रवेश शुरू किये जाएंगे।


नेशनल पीजी कॉलेज में स्नातक प्रवेश परीक्षा देकर निकलते अभ्यर्थी। अमृत विचार

लखनऊ विश्वविद्यालय यूजीईटी 2024 के तहत 11 जुलाई से परीक्षा के आयोजन कराने जा रहा है। परीक्षाएं 18 तक चलेंगी। बीकॉम की परीक्षाएं होंगी। 12 को बीसीए और बीएससी (मैथ) का आयोजन होगा। 13 को बीबीए एलएलबी इंटीग्रेटेड पांच वर्षीय और बीए परीक्षा का आयोजन होगा। डी फार्मा और बीएससी (बॉयोलोजी) परीक्षा 14 को होगी। बीएलएड और बीवीए/बीएफए परीक्षाएं 15 को होंगी। बीजेएमसी और बीएससी (एग्रीकल्चर) परीक्षाएं लविवि 18 को आयोजित कराएगा। विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि प्रवेश आवेदन की स्क्रीनिंग जारी है। काउंसलिग के साथ अन्य प्रक्रियाएं हो रही हैं। परीक्षा को लेकर विवि ने सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

वहीं दूसरी ओर ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में विभिन्न विषयों में स्नातक, परास्नातक, सर्टिफिकेट और डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ कर दी गई है। विवि में पहले दिन प्रवेश के लिए काउंसिलिंग आरम्भ कर दी गई है। विवि की प्रवक्ता डॉ. रुचिता सुजय चौधरी ने बताया कि अभ्यर्थी विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले रहे हैं। प्रवेश समन्वयक प्रो. एहतेशाम अहमद ने बताया कि सत्र 2024-25 के लिए विद्यार्थी अपने चयनित विषय और मेरिट के आधार पर भाषा विश्वविद्यालय आकर काउंसिलिंग कराकर अपना प्रवेश सुनिश्चित कर सकते हैं। प्रवेश और काउंसिलिंग से सम्बन्धित सभी आवश्यक जानकारी भाषा विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.kmclu.ac.in पर प्राप्त की जा सकती है।

### नेशनल पीजी कॉलेज में बीए-बीएससी प्रवेश परीक्षा का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेशनल पीजी कॉलेज में दो पालियों में प्रवेश परीक्षा का आयोजन हुआ। प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया पहली पाली की बीए परीक्षा में 827 छात्रों में 750 छात्र उपस्थित रहे। बीएससी मैथ ग्रुप की दूसरी पाली में 428 छात्र उपस्थित हुए। बताया कि बीए और बीएससी के परीक्षा परिणाम मंगलवार और 11 जुलाई को घोषित किये जाएंगे। 11 जुलाई से अभ्यर्थी अपने सभी मूल पत्र लाकर काउंसलिंग करा सकता है।

**बीबीएयू में 15 से होगी काउंसिलिंग :** बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय 15 जुलाई से प्रवेश आरंभ करने जा रहा है। विवि परीक्षा नियंत्रक विक्रम यादव ने बताया कि 15 जुलाई से प्रवेश के साथ काउंसिलिंग कराई जाएगी। सीयूईटी यूजी का रिजल्ट दो दिन बाद आने की संभावना है। इसी आधार पर विवि दो दिन बाद रजिस्ट्रेशन पोर्टल खोलेगा। इसमें आवेदन करने के लिए छात्रों को केवल 21 दिन का समय दिया जाएगा।

## विवेकानंद में काउंसिलिंग के बाद प्रवेश से इनकार अभ्यर्थियों का हंगामा

**अमृत विचार, लखनऊ:** विवेकानंद पॉलीक्लिनिक एंड रिसर्च सेंटर में नर्सिंग में काउंसिलिंग के बाद पुरुष अभ्यर्थियों का दाखिला लेने से इनकार करने पर नाराज अभ्यर्थियों हंगामा कर दिया। मामले का संज्ञान लेते हुए अटल बिहारी बाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय की ओर से विवेकानंद पॉलीक्लिनिक को नोटिस देकर मान्यता आदि से जुड़े दस्तावेज मांगे।

वहीं, अभ्यर्थी योगेश कुमार ने बताया उसकी 1339 रैंक आई। काउंसिलिंग के माध्यम से उसे विवेकानंद पॉलीक्लिनिक आवंटित हुआ। 12 अन्य पुरुष अभ्यर्थियों को भी विवेकानंद आवंटित किया। आरोप है कि काउंसिलिंग के बाद दाखिले के लिए विवेकानंद हॉस्पिटल गए, लेकिन वहां शैक्षिक दस्तावेज में कमियां बताकर तीन दिन तक टरकाते रहे। सोमवार को दाखिले का आखिरी दिन था। सभी अभ्यर्थी दाखिले के लिए विवेकानंद पहुंचे, लेकिन वहां दाखिला नहीं मिला। विवेकानंद प्रशासन ने कहा कि यहां गर्ल्स कॉलेज है। पुरुष अभ्यर्थियों को दाखिला नहीं दिया जा सकता है। नाराज अभ्यर्थियों ने 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। अटल विश्वविद्यालय में भी कॉलेज की शिकायत की है।

# केंद्रीय संस्कृत विवि में होगा पालि शोध संस्थान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- देश-विदेश के काम करने वाले हो सकते हैं शामिल
- 13 परिसरों में विशिष्ट स्थान स्थापना की गई प्रस्तावित

**अमृत विचार :** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ परिसर के निदेशक का कहना है कि जल्द ही विवि में स्थायी आदर्श पालि शोध संस्थान की स्थापना होगी। 13 परिसरों में प्रस्तावित शोध संस्थान में एक लखनऊ में देश-विदेश के काम करने वालों को बीए-एम स्तर पर पालि के पाठ्यक्रम से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा ने बताया कि आने वाले दिनों में परिसर में स्थायी आदर्श पालि शोध संस्थान की स्थापना प्रस्तावित है। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली 13 परिसरों में एक-एक विशिष्ट संस्थान या केन्द्र की स्थापना कर रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा पालि के विकास के लिए लखनऊ परिसर को आदर्श पालि शोध संस्थान आरम्भ करने के लिए चयनित किया है। इससे देश-विदेश के काम करने वाले, महिलाएं, किसान, कर्मचारी-अधिकारी वर्ग आदि के लिए ओडीएल के माध्यम से बीए तथा एमए के स्तर पर पालि के पाठ्यक्रम आरम्भ किये जायेंगे। संस्थागत स्तर पर पालि शिक्षक मानदेय, छात्रवृत्ति, सेमीनार, संगोष्ठी, प्रकाशन इत्यादि के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आवेदन किया जा सकता है।

### कार्यशाला आयोजित

विवि में दीक्षारम्भ-कार्यक्रम के तहत बौद्धदर्शन एवं पालि विद्याशाखा द्वारा व्यवहारिक पालि व्याकरण शिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. राम नन्दन सिंह ने की। प्रो. सिंह ने बताया कि दक्षिण-एशियाई देशों में पालि धार्मिक एवं राष्ट्रीय भाषा के तौर पर स्थान प्राप्त कर चुकी है। बौद्धदर्शन एवं पालि विद्याशाखा के संयोजक प्रो. गुरुचरण सिंह नेगी ने बताया कि विवि में पालि से एमए का पाठ्यक्रम संचालित हो रहा है। अन्तर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों को भी इस पाठ्यक्रम में प्रवेश दिलाने के लिए प्रयास चल रहे हैं। कार्यशाला संयोजक डॉ. प्रफुल्ल गड़पाल ने बताया कि प्रचलित कार्यशाला के माध्यम से एमए (पालि) में प्रविष्ट विद्यार्थियों को व्यावहारिक पालि व्याकरण सिखाया जायेगा, क्योंकि किसी भी भाषा को सीखने के लिए व्याकरण का ज्ञान अत्यन्त आवश्यक है। इस अवसर पर असिस्टेंट प्रो. डॉ. कृष्णा कुमारी, डॉ. जयवन्त खण्डारे, रिसर्च एसोसिएट डॉ. प्रियंका त्रिपाठी ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये।

# डिग्री प्राप्त विद्यार्थी भी विधि विवि के दीक्षांत समारोह में ले सकेंगे हिस्सा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में नौ वर्ष बाद होने वाले दीक्षांत समारोह में अब डिग्री प्राप्त विद्यार्थी भी शामिल हो सकेंगे। विवि प्रशासन ने इसके लिए अलग से एडवाइजरी जारी की है। विद्यार्थियों को वस्त्रों के लिए शुल्क अदा करना होगा।

कुलपति के निर्देश पर आयोजन समिति की ओर निर्णय लिया गया है कि डिग्री प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों को भी 13 जुलाई को होने वाले दीक्षांत समारोह में शामिल होने का अवसर मिलेगा। इन विद्यार्थियों को कार्यालय में अंग वस्त्र प्राप्त करने के लिए एक हजार रुपये जमा करने होंगे। सभी विद्यार्थी निश्चित वेश-भूषा में ही कार्यक्रम में शामिल हो सकेंगे। शुल्क जमा करने के बाद छात्रों को 12 जुलाई को होने वाली अंतिम रिहर्सल में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा।

# राजधानी में 5% शिक्षकों ने दी ऑनलाइन उपस्थिति

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन के साथ डीएम को सौंपा ज्ञापन

- ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने में टॉप 10 में शामिल रहे कई जिले

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार:** राजधानी में शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति का मुद्दा सोमवार को दिन भर गरम रहा। शिक्षकों ने कहीं स्कूल छोड़कर प्रदर्शन तो नहीं किया लेकिन सभी विद्यालयों में शिक्षकों ने विरोध किया और काला फीता भी बांधा। पहले दिन यहां 5% शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है।

बीएसए सुबह और दोपहर दोनो समय की उपस्थिति का आकड़ा सार्वजनिक करते हुए बताया कि पहले दिन शिक्षकों का रवैया देख लिए गया है अब सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा गया है कि जो शिक्षक उपस्थिति नहीं दर्ज कर रहे हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। राजधानी में प्राइमरी और जूनियर मिलाकर कुल 1,633 विद्यालयों का संचालन होता है। इमसें 7,567 अध्यापक कार्यरत हैं। इसमें पहले दिन 493 शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ओर से आनलाइन उपस्थिति के विरोध में मंडल अध्यक्ष महेश मिश्रा और जिलाध्यक्ष अनुराग सिंह राठौर की ओर से जिलाधिकारी को सौंपा गया है। मंडल अध्यक्ष महेश मिश्रा ने कहा कि पहले सरकार उनकी मांगे पूरी करे उसके बाद ये हाजिरी ली जानी चाहिए। वहीं अनुराग सिंह ने कहा कि सरकार को इस पर विचार करना चाहिए।


अपर नगर मजिस्ट्रेट चतुर्थ डॉ. सचिन वर्मा को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। अमृत विचार

### नजर बनाए रहे बीएसए

शिक्षकों की ओर से पूर्व में प्रदर्शन की चेतावनी के बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश हर गतिविधि पर दिन भर नजार बनाये रहे। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी भी विद्यालयों की स्थिति का जायजा लेते रहे।

### सोशल मीडिया पर दिन चला विरोध

ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में शिक्षकों का अभियान दिन भर सोशल मीडिया पर भी चला। शिक्षकों ने व्हाट्सेप, ट्वीटर, फेसबुक पर भी विरोध किया। शिक्षकों ने इस दौरान क्षेत्रीय प्रतिनिधियों को भी ज्ञापन सौंपा है।

### यहां पहले ही दिन शिक्षकों ने बताई टैबलेट में खराबी

राजधानी के सरोजनीनगर के नटकुर स्थित प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यपिका डा. रीता सिंह सुबह 07:56 बजे ही अपने विद्यालय पहुंच चुकी थी। लेकिन उपस्थिति दर्ज करने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा भेजा गया टैबलेट ही काम नही कर रहा था। यहां मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाएं ऑनलाइन अपनी उपस्थिति दर्ज करने के प्रयास करते रहे लेकिन कभी सर्वर बिजी तो कभी टाइम आउट का मैसेज आता रहा। यहां के पूर्व माध्यमिक विद्यालय को टैबलेट ही नही उपलब्ध कराया गया। यहां कुरौनी कंपोजिट विद्यालय का टैबलेट 08:00 बजे तक लॉगिन ही नही हो सका। सरोजनीनगर के रसूलपुर प्राथमिक विद्यालय में भी शिक्षक-शिक्षिकाएं तो समय से पहुंची लेकिन नेटवर्क के चलते उनकी भी उपस्थिति दर्ज नही हो सकी। उधर प्राथमिक विद्यालय हरौनी द्वितीय में भेजा गया टैबलेट ऑन ही नही हुआ तो पूर्व माध्यमिक विद्यालय को टैबलेट ही नही उपलब्ध कराया गया।

### जियामऊ में मीडिया कर्मियों से शिक्षकों में भिड़त

जियामऊ स्थिति डिजिटल हाजिरी की अनिवार्यता के बारे में जानकारी के लिए प्राथमिक विद्यालय जियामऊ पहुंची पत्रकारों की टीम पर ही शिक्षक बरस पड़े। यहां महिला शिक्षकों ने मीडियो कर्मियों को गेट पर ही रोक दिया और इस दौरान जमकर कहासुनी भी हुई।

### पीएसपीएसए ने कहा जारी रहेगा विरोध

प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने अमृत विचार से बातचीत में कहा कि शिक्षकों के साथ अन्याय हो रहा है। हम आनलाइन उपस्थिति का विरोध जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि पहले दिन जिन शिक्षकों ने आनलाइन उपस्थिति दर्ज की है उन्होंने डर के मारे ऐसा किया है। लेकिन शिक्षकों को डरने की जरूरत नहीं है।

“सरकार का आदेश है शिक्षकों को इसका पालन करना होगा। जिन शिक्षकों की ओर से लापरवाही हो रही है उनके खिलाफ मंगलवार से कार्रवाई शुरू की जायेगी। खंड शिक्षा अधिकारी भी लापरवाही करते मिले तो उनके खिलाफ भी सख्त निर्णय लिया जायेगा।

**-राम प्रवेश बेसिक शिक्षा अधिकारी**

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
SINCE 2006
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा ?
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अत: वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है


डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

आलमबाग
पता: शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पता: 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय- सायं 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

## एक नजर

### घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म का प्रयास

**अमृत विचार, मलिहाबाद** : माल थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला को अकेली देख बदनीयती से घर में घुसे युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया। महिला के शोर करने पर परिजनों को आता देख युवक जान से मार डालने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकला पीड़ित ने आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के एक गांव मे रहने वाली एक महिला ने ने बताया कि शुक्रवार सुबह 8 बजे वह घर पर अकेली थी। इसी बीच अमलौली गांव निवासी रमेश उसके घर मे घुस आया और छेड़छाड़ करते हुए गलत नीयत से कमरे की ओर खींचने लगे। शोर सुनकर पीड़ित के परिजन मौके पर पहुंच गए। अपने को घिरता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकला।

### सई नदी में मिला मछली पकड़ने गए युवक का शव

**अमृत विचार, निगोहां** : सोमवार सुबह मछली पकड़ने गये युवक की सई नदी में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सुरेंद्र कुमार पुत्र सतनू निवासी कमाखेड़ा का शव सई नदी बढ़हिया घाट में उतराता हुआ मिला। शव उतराता देख ग्रामीणों ने निगोहां पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचकर दयालपुर ग्राम प्रधान पति शैलेंद्र कुमार पाल एवं थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने शव को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घर पर इस खबर को सुनकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे पत्नी सुमन व एक लड़का (5) छोड़ गए है।

### निर्माणाधीन मकान में करंट लगने से मजदूर की मौत

**अमृत विचार, आलमबाग** : कृष्णानगर इलाके में निर्माणाधीन मकान में काम करते समय करंट लगने से मजदूर नंदलाल की मौत हो गई। हादसा सोमवार सुबह टुल्लू चलाने के दौरान हुआ। मूलरूप से सीतापुर के लहरपुर निवासी नंदलाल और बलरामपुर का अजमेर कृष्णानगर के विनयनगर में एक निर्माणाधीन मकान में काम कर रहे थे। अजमेर ने बताया कि मकान ऋषि का है। सोमवार सुबह नंदलाल टुल्लू चालू कर तराई कर रहा था। इसी दौरान अचानक करंट का झटका लगा। वह जमीन पर गिरकर चीखने लगा। उसे लोकबंधु अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### बोलेरो की टक्कर से युवक की मौत

**अमृत विचार, रायबरेली** : गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के बांदा-बहराइच राजमार्ग पर स्थित गढ़ी दूलाराय गांव के समीप सोमवार की दोपहर बोलेरो की टक्कर से एक 25 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार संजय (25) पुत्र हनोमान निवासी चांदेमऊ थाना गुरुबक्शगंज अपनी मोटर साइकिल से गुरुबक्शगंज चौराहे से बछरावां की तरफ जा रहा था, जैसे ही वह गढ़ी दूलाराय के पास पहुंचा बछरावां की तरफ से आ रही बुलेरो ने टक्कर मार दी, जिससे संजय की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही करते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# खूनी संघर्ष के बाद फंदे से लटका मिला युवक का शव

## ठाकुरगंज में चाचा-भतीजे के परिवार में हुआ संपत्ति विवाद में संघर्ष, चाकू से किए कई वार, चाचा जख्मी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



रामभरोसे (फाइल फोटो)



घटनास्थल पर रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार** : ठाकुरगंज के मरी माता मंदिर के पास सोमवार सुबह संपत्ति विवाद में सब्जी विक्रेता और उसके चाचा के परिवार में खूनी संघर्ष हो गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर चाकू से ताबड़तोड़ कई वार किए। इसके कुछ देर बाद सब्जी विक्रेता रामभरोसे का शव कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला। उसके परिवार वालों ने चाचा और उनके परिजन पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर (नये कानून के तहत धारा 103 ए) हत्या की धारा में एफआईआर दर्ज किया है। वहीं, पुलिस के मुताबिक शुरूआती पड़ताल में मामला आत्महत्या का लग रहा है। वहीं घायल चाचा का इलाज चल रहा है।

ठाकुरगंज में मरी माता मंदिर के पास रामभरोसे सब्जी की दुकान लगाता था। उसका अपने चचेरे बाबा रामसेवक से मकान की हिस्सेदारी को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि दोनों पक्षों ने मकान बनवाने में रुपये लगाये थे लेकिन रामसेवक ने मकान की रजिस्ट्री अपने नाम करा ली थी। इसको लेकर ही लगातार झगड़े हो रहे थे। सोमवार को भी दोनों पक्षों के बीच इसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हुई। दोनों पक्षों से लोग जुटे और एक दूसरे पर चाकू से वार करने लगे। रामसेवक के बेटे जितेन्द्र और पत्नी पुष्पा ने रामभरोसे की पिटाई कर दी। रामभरोसे पर हमला होते देख उसकी पत्नी विमला व बेटा रंजीत दूसरे पक्ष पर हमला करने लगे। रामभरोसे पर चाकू के कई वार हुए थे, वहीं जितेन्द्र और उसकी चाची विमला भी बांके व चाकू के हमले में घायल हो गये। दोनों पक्षों को चोटिल देख पड़ोसी वहां आए और उन्हें शांत कराया। इसके बाद ही विमला अपने बच्चों के साथ पहली मंजिल पर बने कमरे में चली गई।

**न्यायालय में विचाराधीन है मकान का मामला** : सब्जी विक्रेता रामभरोसे की पत्नी ने बताया कि उनके मकान का विवाद न्यायालय में विचाराधीन है। सोमवार को न्यायालय में उनके मामले की सुनवाई थी। डीसीपी पश्चिम डॉ. दुर्गेश कुमार का कहना है कि प्रथम दृष्या में सब्जी विक्रेता राम भरोसे ने फंदा लगाकर खुदकुशी की है। वहीं परिजन चाचा रामसेवक और उनके परिवारिक सदस्यों पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। दोनों पक्ष एक ही मकान में रहते हैं। उनके बीच लंबे समय से मकान का विवाद चल रहा है।

### साड़ी के फंदे से लटका मिला शव

विवाद के कुछ देर बाद रामभरोसे का बेटा रंजीत स्कूल जाने के लिए निकाल रहा था। इसी दौरान उसकी नजर नीचे बने कमरे पर पड़ी। अंदर राम भरोसे का शव साड़ी के फंदे से लटका मिला। रंजीत की चीख सुनकर परिजन दौड़े। दरवाजा अंदर से बंद था। पुलिस को बुलाया गया। पुलिस की मौजूदगी में दरवाजा तोड़कर नीचे उतारा गया। दरवाजे की कुंडी में अंदर से ताला लगा हुआ था। रामभरोसे के शरीर पर चोट के निशान भी थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पुलिस से बोला, बाहर से लगा था ताला

एडीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि कमरा अंदर से बंद था। इसलिए अब तक की पड़ताल में यह मामला आत्महत्या का लगा रहा है। लेकिन परिजन के आरोपों के आधार पर जांच की जा रही है। वहीं रंजीत का कहना है कि पिता की हत्या करने के बाद आरोपी पिछले दरवाजे से निकले है। इसमें बाहर से ताला लगा था। हालांकि पुलिस इस बात को गलत बता रही है। पुलिस का कहना है कि सबकी मौजूदगी में ही दरवाजा तोड़ा गया है।

### भतीजे की मौत की सूचना मिलते ही चाचा पहुंचा थाने

रामभरोसे की मौत के बारे में पता चलते ही रामसेवक डर गया। वह घर से निकलकर सीधे थाने पहुंच गया। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि वह घायल हालत में आया था। उसे टीबी अस्पताल भेजा गया था लेकिन वह निजी अस्पताल चला गया। वहीं रामभरोसे के बेटे रंजीत का आरोप है कि उसके पिता की हत्या की गई है। हत्या करने के बाद में रामसेवक ने अपने ऊपर चाकू से हमला कर लिया और फिर अस्पताल में भर्ती हो गया। रंजीत ने बताया कि वह इसी घर में अपने पिता, मां विमला और बहन शिवांगी (15 और राज (13) के साथ रहता है।

# पत्नी से जेल न जाने की बात कह फंदे से लटका अधेड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार** : बाजारखाला के ऐशबाग स्थित हबीबनगर निवासी मकसूद अहमद (50) ने पत्नी से कहा कि जेल नहीं जाऊंगा, आत्महत्या कर लूंगा। इसके कुछ देर बाद उसका शव कब्रिस्तान में पेड़ पर फंदे से लटका मिला। वहीं दूसरी ओर पत्नी हाजिर कराने के लिए कोर्ट में मकसूद का इंतजार करती रही। पुलिस के मुताबिक, वह हत्या के मामले में जेल गया था। चार महीने पहले जमानत पर रिहा हुआ था। कोर्ट में पेशी पर नहीं जा रहा था। कोर्ट ने गैरजमानती वारंट जारी किया और कुर्की का आदेश भी दिया था।

बाजारखाला के ऐशबाग हबीबनगर में मकसूद अहमद परिवार के साथ रहता था। 2022 में हत्या के मामले में जेल गया था। चार माह पहले ही जेल से जमानत पर छूटा था। पुलिस उपायुक्त डा. दुर्गेश कुमार ने बताया कि जमानत पर छूटने के बाद से मकसूद कोर्ट में पेशी पर नहीं जा रहा था। कोर्ट ने गैरजमानती वारंट जारी और कुर्की के पहले 82 की कार्रवाई के लिए नोटिस जारी किया था।

### पत्नी कर रही थी हाजिर कराने का इंतजाम

डीसीपी पश्चिमी के मुताबिक, कोर्ट के निर्देश पर पुलिस भी कुछ दिन पहले गई थी। पुलिस ने उसकी पत्नी से कहा था कि वह हाजिर करा दे। सोमवार को मकसूद की पत्नी ने उससे कहा कि वह कोर्ट जा रही है। सरेंडर की व्यवस्था वहां वकील से मिलकर बात करेगी। जब पूरा इंतजाम हो जाएगा तो आ जाना। पत्नी कोर्ट पहुंच गई। वहां से उसने कुछ देर बाद फोन कर मकसूद को बुलाया। मकसूद ने पत्नी से फोन पर कहा कि वह जेल नहीं जाएगा अब कब्रिस्तान में जाकर आत्महत्या कर लेगा। इसके बाद फोन काट दिया। पत्नी ने दोबारा फोन मिलाया तो उसने रिसीव नहीं किया। इसके बाद उसने घरवालों को बताया। बेटा शहजादे, मासूक और अन्य परिवारीजन कब्रिस्तान पहुंचे तो वहां पेड़ से रस्सी के सहारे मकसूद फंदे पर लटका मिला। अस्पताल लेकर पहुंचे जहां, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, मामले की जांच की जा रही है।

# फोरेंसिक जांच के लिए भेजी गई राइफल, मामा पर एफआईआर

## पिता बोले-खेलते समय गलती से हुई घटना, कालपी ले गए शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : कृष्णानगर के प्रेमनगर में रविवार शाम को खेल-खेल में राइफल से चली गोली से किशोर की मौत के मामले में लापरवाही से शस्त्र रखने को लेकर मामा संजय के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। दूसरी ओर जब्त की गई राइफल को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।

प्रभारी निरीक्षक कृष्णानगर पीके सिंह ने बताया कि जालौन के कालपी स्थित आलमपुर निवासी बलबीर सिंह ने तहरीर दी कि मेरे बेटा (शिवा) अप्रैल माह से प्रेमनगर निवासी मनोज कुमार शर्मा के मकान में किराए पर रहते है। बच्चे यहीं पर पढ़ाई करते हैं। 4 अप्रैल को उरई जालौन का रहने वाला मेरा साला संजय सिंह मेरे बेटे शिवा और अपने बेटे दिव्य प्रताप को लेकर बेटी रेनू और रीतू के पास आया था। वह गार्ड की नौकरी तलाश कर रहा था। इसलिए अपनी लाइसेंसी राइफल साथ लेकर आया था।

रविवार को शाम करीब छह बजे के आसपास संजय राइफल कमरे में रखकर सब्जी लेने चला गया। इस दौरान दिव्य और शिवा कमरे में मौजूद थे। दूसरे कमरे में मेरी दोनों बेटियां थी। दोनों बच्चे दिव्य और शिवा कमरे में खेल रहे थे। इसी दौरान गलती से गोली चल गई। जिसकी आवाज सुनकर दोनों बेटियां कमरे के अंदर गई, देखी तो शिवा के पेट में गोली लगी थी। बेटियों ने संजय को सूचना दी। संजय व मेरी बेटी रीतू तत्काल शिवा को लेकर ट्रामा सेंटर गए। जहां इलाज के दौरान मेरे बेटे शिवा ने दम तोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक पीके सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। वहीं संजय की राइफल पुलिस ने रविवार को ही जब्त कर ली थी। उसे फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।

एडीसीपी दक्षिणी शशांक सिंह ने बताया कि संजय की रायफल जब्त कर ली गई थी। लापरवाही से शस्त्र रखने के तहत ही उनके खिलाफ पुलिस ने सोमवार देर शाम को आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया है। संजय का रायफल जालौन से बना हुआ है। वहां के डीएम को शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति की जा रही है। एडीसीपी के मुताबिक संजय को नोटिस देकर जल्द बयान लेने के लिए बुलाया गया है।

### गांव में हुआ अंतिम संस्कार



शिवा (फाइल फोटो)

पुलिस के मुताबिक शिवा के पिता बलबीर और मां पुष्पा देर रात लखनऊ पहुंचे। वह सीधे ट्रामा सेंटर गए। वहीं पर पुलिस को तहरीर दी थी। जिसके आधार पर पुलिस ने सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। दोपहर करीब दो बजे शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन को सुपुर्द कर दिया गया। परिजन शव लेकर कालपी निकल गए। वहीं पर देर शाम को अंतिम संस्कार किया गया।

### जन्मदिन पर मांगी थी स्मार्ट वॉच

पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे पिता बलबीर ने बताया कि वह सेना में जालंधर में तैनात है। 22 जून को शिवा का जन्मदिन था। उसका जन्मदिन धूमधाम से कालपी के आलमपुर में मनाया गया। शिवा ने जन्मदिन पर कहा कि अपने साथ स्मार्ट वॉच लाइएगा। लेकिन जन्मदिन के 16 दिन बाद उसकी मौत हो गई। बलबीर ने कहा कि बेटे को स्मार्ट वॉच नहीं दे सका पर उसके शव को कांधा दे रहा हूं।

### पहले भी हो चुकी है इस तरह की घटना

- 2014 में गुडंबा निवासी अश्वनी की पिता की लाइसेंसी राइफल से खेलते वक्त गोली चलने से मौत
- 19 जून 2016 को हजरतगंज के राज अपार्टमेंट मेनिवासी सुमित का चार साल का बेटा अर्नव खेलते हुए लिफ्ट में फंस गया जिससे उसकी मौत हो गई।

# अतिक्रमण करने वाले 10 ठेलेवालों पर एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ** : पीजीआई के वृंदावन सेक्टर-16 में सड़क पर ठेला लगाकर अतिक्रमण करने वाले 10 दुकानदारों पर एफआईआर दर्ज की गई है। पीजीआई पुलिस ने यह कार्रवाई रविवार देर रात सड़क पर ठेला लगाने से आवागमन बाधित होने पर की। सभी के ठेले भी जब्त कर लिए गए हैं। इंस्पेक्टर पीजीआई ब्रजेश तिवारी ने बताया कि सड़क पर ठेला लगाकर आवागमन बाधित करने पर राहुल जालान, सचिन गुप्ता, दीपक सैनी, सोनू शर्मा, विनय सिंह, परमजीत, शिवजी शाह, आकाश यादव, रवि प्रताप सिंह, मानिक करिया के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# भूमि विवाद में दो पक्षों में मारपीट, दर्जन भर जख्मी

संवाददाता, काकोरी

- मारपीट में गंभीर रूप से घायल छह लोगों को बलरामपुर अस्पताल में कराया गया भर्ती

**अमृत विचार** : काकोरी कोतवाली क्षेत्र के डिघिया गांव में भूमि विवाद में सोमवार को दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। मारपीट में एक पक्ष से करीब दर्जन भर से ज्यादा लोग घायल हो गए। देर शाम को पीड़ित पक्ष ने संबंधित थाने में गैर समुदाय के मोहम्मद अनीस, शाहरुख, रेहान समेत 12 अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

काकोरी के प्रभारी निरीक्षक नबाव अहमद ने बताया कि डिघिया गांव निवासी प्रॉपर्टी डीलर संतोष रावत उर्फ बाबा राजवंशी ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 9 बजे वह अपने कार्यालय में बैठे थे। आरोप है कि जमीन पर कब्जा करने की नियत से पहुंचे विपक्षियों ने उन्हें देख अभद्रता शुरू कर दी। विरोध पर आरोपी जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर उन पर जानलेवा हमला कर दिया।



घायल संतोष रावत

पीड़ित ने बताया कि उसका शोर सुनकर परिवारिक सदस्य उसे बचाने पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई। विपक्षियों के हमले से पीड़ित की पत्नी कल्लो, बेटे रोहित, मोहित, सुमित, प्रांशु, मां मयकी देवी, भाई सुरेश और उनके दोनों बेटे राज और अंशु भी लहूलुहान हो गए। कुल 12 लोग जख्मी हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल नजदीकी सीएचसी में भर्ती कराया। जहां गंभीर रूप से छह घायलों को बलरामपुर अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

# छापा मारकर दो करोड़ की जीएसटी चोरी पकड़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 9.26 करोड़ का लोहा खरीदा, 1.66 करोड़ की बोगस आईटीसी क्लेम कर किया उपभोग
- फर्म का सीजीएसटी से पंजीयन निरस्त करने की तैयारी, दस्तावेजों की हो रही पड़ताल

**अमृत विचार** : जीएसटी में भी सेंध लगाने में टैक्स चोर पीछे नहीं हैं। विशेष अनुसंधान शाखा ने एक लोहा कारोबारी की फर्म पर छापा मारकर दो करोड़ की करचोरी पकड़ी। मौके पर 15 लाख रुपये जमा कराए गए लेकिन कर चोरी कम से कम दो करोड़ की होने की आशंका है। मामले की जांच जारी है। फर्म संचालकों पर बड़ी कार्यवाही की तैयारी है। सीजीएसटी से पंजीयन निरस्त करने के लिए पत्र लिखा गया है।

अपर आयुक्त विशेष अनुसंधान शाखा जोन प्रथम डीपी सिंह के निर्देश पर ज्वाइंट कमिश्नर अरुण शंकर रॉय के नेतृत्व में उपायुक्त विजयपाल सिंह समेत कई अफसरों ने तालकटोरा ऐशबाग स्थित एक लोहा कारोबारी के यहां छापा मारा। जांच-पड़ताल में पता चला कि लखनऊ की इस फर्म ने पश्चिम बंगाल और पंजाब से 9 करोड़ 26 लाख का लोहा खरीद कर बेचा। इतना ही नहीं, खरीदे माल पर 1.66 करोड़ का आईटीसी क्लेम करते हुए उसका उपभोग भी कर लिया।

दिलचस्प यह रहा कि जिस फर्म से खरीद दिखाई गई उसका पंजीयन पहले से ही निरस्त किया जा चुका है। इतना ही नहीं, व्यापारी ने खरीद के सापेक्ष भुगतान किसी अन्य व्यापारी के खाते में किया। संयुक्त आयुक्त राय ने बताया कि मौके पर 15 लाख रुपया जमा कराएगए। व्यापारी के खातों की जांच जारी है। पंजीयन निरस्त कराने के साथ अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# तीन को बिजली चोरी करते पकड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ**: लेसा द्वितीय में सोमवार को बिजली चोरी अभियान चलाया गया। जिसमें विजिलेंस टीम ने बीकेटी के मगंल प्रसाद को एलटी लाइन के सर्विस केबल को मीटर से पहले काटकर बिजली चोरी करते पकड़ा। उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। गायत्रीपुरम में उत्कर्ष श्रीवास्तव और कंचनपुर मटियारी में रमेश सिंह को भी बिजली चोरी करते पकड़ा गया।

## सार-संक्षेप

### ई-रिक्शा में टेंपो ने मारी टक्कर, चालक पर एफआईआर

**अमृत विचार, सरोजनीनगर** : क्षेत्र के गौरी बाजार निवासी रंजीत रावत ने सीएनजी टेंपो (यूपी 32 क्यू 6067) चालक के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रंजीत का कहना है कि वह अपना ई रिक्शा लेकर गौरी से तीन नंबर तरफ जा रहा था। तभी हज हाउस के सामने करीब 10 बजे सीएनजी टेंपो के चालक ने बाएं तरफ से ओवरटेक करने के चक्कर में उसके ई-रिक्शा में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा पलट गया और उसे पर बैठे गौरी बाजार निवासी जगतपाल रावत के बेटे मोहित का पैर फैक्चर हो गया। रंजीत का कहना है कि घटना के बाद जब राहगीरों ने टेंपो चालक को दौड़ा कर रोकने की कोशिश की तो वह टैंपो की स्पीड बढ़ाकर मौके से फरार हो गया। सरोजनीनगर पुलिस ने रंजीत की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर टेंपो नंबर के आधार पर उसके चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### चकरोड से पेड़ हटाने के लिए दौड़ लगा रहा बुजुर्ग

**अमृत विचार, मोहनलालगंज** : क्षेत्र के एसडीएम के जनता दरबार में पहुंच रही शिकायतों को नजरअंदाज कर शिकायतकर्ताओं को कोरा आश्वाशन दिया जा रहा है। सोमवार को एक बार फिर जनता दरबार मे टिकरा सानी के 70 वर्षीय बुजुर्ग मुंशीराम ने मोहनलालगंज उपजिलाधिकारी बृजेश कुमार वर्मा से बताया कि खेत तक चकरोड तो बना हुआ है लेकिन खेत में जाने वाले चकरोड में कई पेड़ है जो बीच रास्ते मे होने के कारण ट्रैक्टर नहीं जा पाता है जिसके चलते खेती का कार्य बाधित है। इसको लेकर वन विभाग से लेकर आप तक कई बार शिकायत की लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। इस पर एसडीएम ने प्रार्थना पत्र रख, जांच करवाने की बात कही।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर दंपित से मारपीट

**अमृत विचार, सरोजनीनगर** : बंथरा के रहीमनगर पड़ियाना निवासी साक्षी गुप्ता ने गांव के ही राकेश गुप्ता, शुभम गुप्ता, शिवम गुप्ता, सत्यम गुप्ता, कुशमा गुप्ता और अंजली गुप्ता के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। साक्षी का कहना है कि शनिवार 6 जुलाई को अपराह्न करीब 3 बजे उसके भाई आदित्य गुप्ता से शिवम गुप्ता घर के पास ही गाली-गलौज करने लगा। इस पर पीड़ित के मां-बाप ने विरोध किया तो राकेश, शुभम, शिवम, सत्यम, कुशमा और अंजली ने मिलकर लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। साक्षी का कहना है कि इस मारपीट में उसके पिता घनश्याम गुप्ता का पैर टूट गया और मां, भाई व उसके भी काफी चोटें आई हैं। आरोप है कि लड़ाई झगड़ा होते देख जब अन्य लोग वहां पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। पीड़िता के मुताबिक, मारपीट में उसके पिता का पैर टूटने के कारण उनका लोक बंधु अस्पताल में अभी भी इलाज चल रहा है। फिलहाल इस मामले में बंथरा पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।

### लड़की को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप

**अमृत विचार, काकोरी** : काकोरी थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने एक युवक पर अपनी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने तहरीर में बताया कि बीते 4 जुलाई की रात करीब 8 बजे गांव के ही कालीचरन का पुत्र कुंदन मेरी बेटी को बहला फुसलाकर कर अपने साथ भगा ले गया है। बेटी घर में रखे सोने के जेवरात सहित 15 हजार की नकदी उठा ले गई है। पुलिस मामला दर्ज कर लड़की की तलाश कर रही है।

### अज्ञात युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**अमृत विचार, मलिहाबाद** : क्षेत्र में एक अज्ञात युवक (30) की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा दिया है। युवक की देर शाम तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। बीती रविवार की रात करीब 12 बजे स्टेशन मास्टर से रहीमाबाद पुलिस को सूचना मिली कि एक अज्ञात युवक का शव कैथुलिया रेलवे फाटक के पास पड़ा है। स्टेशन मास्टर की सूचना पर दरोगा तशरीफ ने मौके पर पहुंच युवक के क्षत-विक्षत शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त आसपास के गांवों में कराने का प्रयास किया। मृतक अज्ञात युवक के शव की शिनाख्त न होने पर सोमवार को रहीमाबाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। एसओ रहीमाबाद अनुभव सिंह ने बताया कि मृतक युवक नीले कलर का सफेद बिंदी वाला शर्ट और नीली जींस पहने हुए था।

### नोट बुक न बनाने पर शिक्षक ने तोड़ा 10वीं के छात्र का दांत

**अमृत विचार, रायबरेली** : जिले के सलोन स्थित मार्डन पब्लिक स्कूल के शिक्षक मो. आसिफ ने छात्र मयंक निर्मल को बेरहमी से इसलिए पीट दिया,, क्योंकि उसने नोट बुक नही बनाया था। पिटाई से वह घायल हो गया और उसका दांत भी टूट गया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर शिक्षक के खिलाफ शिकायत की गई।

# समिट बिल्डिंग के बाहर विवाद करने वाले तीन पकड़े

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : विभूतिखंड स्थित समिट बिल्डिंग में रविवार देर रात को दो गुटों में मारपीट हुई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल जुआ। इसके बाद विभूतिखंड पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक सुशांत गोल्फ सिटी के खुर्दही निवासी अंकित रावत साथी उमेश यादव के साथ रविवार रात समिट बिल्डिंग आए थे। रात करीब 1 बजे वह घर जाने के लिए अपनी कार लेने पार्किंग गए थे। इस बीच सुशांत गोल्फ सिटी का ही सत्यम पार्किंग से अपनी स्कूटी निकाल रहा था। तभी अंकित ने हॉर्न बजा कर रास्ता देने का कहा। इस बीच दोनों लोगों में गाली-गलौज होने लगी। सत्यम उसके साथी अभिषेक व निखिल तिवारी ने अंकित को पीटना शुरू कर दिया।



- रविवार देर रात को हुआ था विवाद, वीडियो वायरल होने पर दर्ज हुई एफआईआर

बीच-बचाव करने दौड़े उमेश की भी आरोपियों ने पिटाई कर दी। अंकित और उमेश का सिर फट गया। इस बीच किसी ने मारपीट का विडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अंकित व उमेश को अस्पताल पहुंचाया। वहीं सत्यम, अभिषेक व निखिल को गिरफ्तार कर लिया।

इंस्पेक्टर विभूतिखंड सुनील कुमार सिंह के मुताबिक, सत्यम बीफार्मा का छात्र है। वहीं निखिल निजी कंपनी में काम करता है। आरोपितों के खिलाफ शांति भंग में कार्रवाई की गई है।

# फंदे से लटका मिला व्यापारी के बेटे का शव

**अमृत विचार, लखनऊ** : इंदिरानगर सेक्टर-10 में व्यापारी के बेटे हिमांशु सिंह (21) का शव सोमवार सुबह फंदे से लटका मिला। पुलिस के मुताबिक आत्महत्या करने की वजह साफ नहीं है।

इंदिरानगर सेक्टर- 10 निवासी संजय सिंह हार्डवेयर व्यापारी हैं। बेटा हिमांशु सिंह पढ़ाई के साथ इन्दिरानगर बी- ब्लॉक स्थित दुकान पर बैठता था। सोमवार सुबह वह नाश्ता करने के बाद अपने कमरे में चला गया। कई आवाज देने के बाद भी कोई जवाब ना देने पर शीशे का दरवाजा तोड़कर परिवार वाले भीतर गए तो हिमांशु पंखे के कुंडे से चादर के फंदे के सहारे लटका हुआ था। इंस्पेक्टर वीरेंद्र तिवारी ने बताया कि कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# हाईकोर्ट में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : जालसाज ने खुद को हाईकोर्ट के एक जज का निजी सचिव बता बुजुर्ग से घर के बेरोजगार युवकों को नौकरी पर लगवाने का झांसा देकर 15 लाख रुपये ठग लिए। आरोप है कि जालसाज ने इस तरह की ठगी कई अन्य लोगों से भी की है। पीड़ित बुजुर्ग ने डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह से शिकायत की। उनके आदेश पर विभूतिखंड थाने में एफआईआर दर्ज की गई है।

विराजखंड निवासी अरुण कुमार सरकारी नौकरी से रिटायर्ड हैं। जनवरी 2023 में अरुण की मुलाकात प्रयागराज के कांदी गांव निवासी ऋषभ शर्मा से उसके गोमतीनगर स्थित रेस्टोरेंट में हुई थी। ऋषभ ने उन्हें खुद को हाईकोर्ट के जज का निजी सचिव बताया था। आरोपी ने अरुण से उनके परिजनों व रिश्तेदारों की नौकरी हाईकोर्ट में लगवाने की बात कही थी। ऋषभ के झांसे में आकर पीड़ित ने उसे 15 लाख रुपये दे दिए। इस बीच पीड़ित को पता चला कि आरोपी के खिलाफ अयोध्या, आजमगढ़ व बहराइच में ठगी के मुकदमे दर्ज हैं। अयोध्या में दर्ज मामले में वह जेल भी होकर आया है।

आरोपी से अपने रुपये मांगने पर ऋषभ बीते मई पीड़ित के घर पहुंचा और अपने स्कूटी वहीं खड़ी कर दी। इसके बाद उसने पिता से बात कराते हुए एक महीने में रुपये वापस करने का वादा किया। लेकिन, रकम कभी नहीं लौटाई। इतना ही नहीं ठगी में आरोपी के पिता विश्वनाथ शर्मा भी शामिल थे। अरुण ने डीसीपी पूर्वी से शिकायत की। उनके आदेश पर विभूतिखंड पुलिस जांच कर रही है।

### दो भाइयों पर 11 लाख हड़पने की एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ** : मड़ियांव इलाके के अलीगंज सेक्टर-सी निवासी अनुज मिश्रा ने दो भाइयों पर 11 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। रुपये मांगने पर उसकी पिटाई की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है। सेक्टर-सी निवासी अनुज मिश्रा के मुताबिक, उन्होंने मोहल्ले के ही पवन सिंह को 11 लाख रुपये दिए थे। पवन ने उनसे तय समय पर रुपये लौटाने व अपनी पवन इंजीनियर्स नामक फर्म में जोड़ने की बात कही थी। मगर ने तो पवन व उसके भाई गिरिजेश ने रुपये लौटाए और न फर्म में जोड़ा। बीते 4 जुलाई को रात 12.30 बजे वह बाइक से घर लौट रहे थे। तभी महाराणा प्रताप रोड पर आरोपी भाइयों ने उन्हें रोक लिया और लात-घूंसों व लोहे की रॉड से पिटाई की। पिटाई में पीड़ित का सिर फट गया। अनुज ने बलरामपुर अस्पताल पहुंच कर इलाज कराया। इसके बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की। प्रभारी निरीक्षक मड़ियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।

### शादी का झांसा देकर युवती से ठगे 4.61 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ** : मड़ियांव इलाके में शादी का झांसा देकर युवती से दोस्ती की। इसके बाद जरूरी काम के बहाने से युवती व उसके करीबी लोगों से 4.61 लाख रुपये ठग लिए। युवती ने बताया कि मैरिज वेबसाइट पर आरोपी युवक से संपर्क हुआ था। अलीगंज पल्टन छावनी निवासी रोली के मुताबिक, कुछ समय पहले मैरिज वेबसाइट पर उनका संपर्क एक युवक से हुआ था। जिसने अपना परिचय नितिन के रूप में दिया। इसके बाद आपस में उनकी बातचीत होने लगी। कुछ दिन पहले वह परिवार से मिलने उनके घर भी आया। परिवार वालों पर उसने अपना विश्वास जमा उनसे और उनके परिचितों से 4.61 लाख रुपये ले लिए।

## एक नजर

### एथलेटिक्स चैंपियनशिप कल से

**अमृत विचार, लखनऊ :** कुर्सी रोड स्थित तीन दिवसीय जोनल एथलेटिक्स मीट जोन ए और बी आगामी 10, 11 और 12 जुलाई को आयोजित की जायेगी। क्राइस्ट चर्च कॉलेज की देखरेख में आयोजित होने वाली इस चैंपियनशिप का उद्घाटन का सांसद तनुज पुनिया करेंगे।

### दादरी में विकास कार्य में आई तेजी

**अमृत विचार, लखनऊ:** ग्रेटर नोएडा के दादरी में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब के विकास की प्रक्रिया तेज हो गई है। शासन के अधिकारियों ने बताया कि कुल 823 एकड़ क्षेत्र में फैले हब में से 455 एकड़ क्षेत्र को 'कोर एरिया' के तौर पर विकसित किया जा रहा है जबकि 17.5 एकड़ क्षेत्र में वाणिज्यिक सुविधाएं व 350 एकड़ क्षेत्र में रेल यार्ड व अन्य परियोजनों पर विकास कार्य हो रहे हैं। पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) माध्यम के जरिए विकास कार्यों को पूरा किया जा रहा है। प्रदेश में औद्योगिक विकास को बढ़ाने के लिए सभी बुनियादी सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।

### कृष्ण ने जीता एक स्वर्ण सहित चार पदक जीते



**अमृत विचार, लखनऊ :** जिला स्तरीय सब–जूनियर एवं जूनियर अक्वाटिक स्विमिंग चैम्पियनशिप में अलीगंज स्थित सिटी मांटेसरी स्कूल के कक्षा नौ के छात्र कृष्ण दुबे ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते हैं। लखनऊ अक्वाटिक एसोसिएशन की देखरेख में सरोजनी नगर स्थित साई सेंटर के तरणताल में आयोजित चैंपियनशिप में कृष्ण दुबे ने 400 मीटर फ्री–स्टाइल में स्वर्ण और 400 मीटर इण्डिविजुअल मिडले में रजत पदक जीता।

### बीपी दास बने राष्ट्रीय सचिव

**अमृत विचार, लखनऊ :** अखिल भारतीय रेलवे इंजीनियर्स फेडरेशन का दिवार्षिक महाधिवेशन में सर्वसम्मति से बीपी दास को राष्ट्रीय सचिव चुना गया। बिजनौर में आयोजित हुए अधिवेशन में तकरीबन 250 इंजीनियर मौजूद रहे। इस दौरान नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें एसडी चतुर्वेदी को राष्ट्रीय अध्यक्ष, शिवकांत को राष्ट्रीय संगठन महासचिव, एसके पाण्डेय को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, मनोज पाण्डेय को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, संजीव मुखर्जी को राष्ट्रीय ऑडिटर पदों पर सर्व सम्मति से चुना गया। महाधिवेशन में रेलवे के जेई, एसएसई को ग्रुप बी पदों में शामिल करने की मांग की गई। मंच का संचालन पूर्व राष्ट्रीय महासचिव कैलाश यादव ने किया।



इमामबाड़े के सामने से शाही जरीह का जुलूस निकलते मुस्लिम समुदाय के लोग। अमृत विचार

# शाही अंदाज में निकला शाही जरीह का जुलूस

## जुलूस में आकर्षण का केंद्र बनी 17 फिट ऊंची ताजिया, हाथी, ऊंट और घोड़े थे शामिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** कर्बला के शहीदों की याद में पहली मुहर्रम को एतिहासिक आसिफी इमामबाड़े से शाही जरीह का जुलूस निकाला गया। 22 फिट ऊंची और 10 फिट चौड़ी शाही जरीह जुलूस का ख़ास आकर्षण बनकर उभरी। शाही जरीह के पीछे 17 फिट ऊंचा ताजिया भी साथ-साथ चला। जुलूस के साथ मातमी बैंड और मर्सियाख्वानी भी लोगों को अपने साथ बांधे रही।

मौलाना मोहम्मद अली हैदर ने जुलूस से पहले मजलिस को खिताब करते हुए कर्बला में यजीद की फ़ौज के साथ हुई 72 लोगों की जंग का मंजर पेश किया। मजलिस के बाद शाही जरीह का जुलूस शुरू हुआ तो शहनाई पर गूंजा : मजलिसे गम है शाहे हुदा की, आज पहली है माहे अजा की। जुलूस के साथ मातमी बैंड पर नौहे पेश किये जा रहे थे।

हुसैनाबाद ट्रस्ट की ओर से निकलने वाले इस शाही जुलूस में हाथी, ऊंट और हजरत इमाम हुसैन का घोड़ा जुलजनाह भी शामिल किया गया था। जुलूस के साथ शाही निशान भी थे। ट्रस्ट के कर्मचारी वर्दी में जुलूस के साथ चल रहे थे। जुलूस के साथ पीएसी व होमगार्ड के जवान भी बैंड पर मातमी धुन बजा रहे थे। जुलूस घंटाघर के रास्ते छोटे इमामबाड़े की तरफ धीमी रफ़्तार में बढ़ रहा था और रास्ते में मातम कर रहे थे।



इमामबाड़ा गुफ़रानमाब में पहली मुहर्रम की मजलिस को संबोधित करते मौलाना कल्बे जवाद। अमृत विचार

# कयामत तक जारी रहेगी अजादारी : कल्बे जवाद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कर्बला के शहीदों के गम में इमामबाड़े सज गए और मजलिसों की फर्श बिछा दी गई। पुराने शहर में हर तरफ जिक्रे हुसैन की सदाएं बलंद हो रही हैं। इमामबाड़ा गुफरानमआब में मौलाना कल्बे जवाद, इमामबाड़ा आगा बाकर में मौलाना मीसम जैदी, मदरसा नाजमिया में मौलाना हमीदुल हसन, अफजल महल में मौलाना आगा रूही और इमामबाड़ा शाहनजफ में मौलाना अली अब्बास खान बड़ी मजलिसों को खिताब कर रहे हैं।

मुहर्रम की पहली मजलिस को खिताब करते मौलाना अली अब्बास खान ने कहा कि इंसान को रास्ता दिखाने के लिए अल्लाह ने जमीन पर अपने प्रतिनिधियों को भेजा। इंसान दुनिया में रहकर तरक्की के रास्ते पर तेजी से सफ़र कर सकता है, लेकिन अगर उसने अल्लाह के भेजे प्रतिनिधि की शिक्षाओं को हासिल नहीं किया तो वह कभी भी अच्छा इंसान नहीं बन सकता। अकबरी गेट स्थित इमामबाड़ा सैयद तक़ी साहब जन्नत मआब में मुहर्रम की पहली मजलिस में मौलाना सैयद सैफ अब्बास नकवी ने कहा कि अल्लाह ने अपने पैगंबर के माध्यम से लोगों को कई आदेश दिए, लेकिन किसी भी आदेश में मदद का वादा नहीं किया। विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित इमामबाड़ा आगा होम्यो में मजलिस को खिताब करते मौलाना अख्तर अब्बास ने कहा कि हम कर्बला के जुल्मों को याद रखें लेकिन जरूरी यह भी है कि हम आज के यजीदों को भी न भूलें।

इमामबाड़ा गुफरानमआब में मौलाना कल्बे जवाद ने मुहर्रम की पहली मजलिस में कहा कि पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब ने कहा था कि हुसैन हिदायत का चिराग है। हजरत इमाम हुसैन की याद में होने वाली अजादारी कयामत तक जारी रहेगी। इमामबाड़ा आगा बाकर में मौलाना मीसम जैदी ने कहा कि हमारी जाकिरी की मंजिल जिक्रे अहलेबैत है। मौलाना हमीदुल हसन ने कुरान और अहलेबैत शीर्षक से मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि जैसे अहलेबैत मेरे नबी को मिले किसी और नबी को नहीं मिले।

# उप्र ने हरियाणा को 2-1 से हराया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




चैंपियन बनने के बाद उत्तर प्रदेश की बालिका टीम खुशी मनाते हुए। अमृत विचार

**अमृत विचार :** झांसी में आयोजित जूनियर नार्थ जोन हॉकी चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की बेटियों ने चमक बिखेरी और चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया, वहीं उत्तर प्रदेश बालक हॉकी टीम को फाइनल में हार का सामना करना पड़ा और उसे रजत पदक मिला।

बालिका वर्ग के फाइनल में उत्तर प्रदेश ने हॉकी हरियाणा को रोमांचक मैच में 2-1 से शिकस्त दी। दोनों ही टीमों में शुरुआत से एक-दूसरे पर हमले शुरू किए लेकिन पहले दो क्वार्टर में किसी टीम को गोल दागने में सफलता नहीं मिली। पहली सफलता हरियाणा को तीसरे क्ववार्टर में मिली। शशि ने 37वें मिनट में गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। लेकिन यह बढ़त बहुत देर तक नहीं रही। चौथे और अंतिम क्ववार्टर में उत्तर प्रदेश की लड़कियों ने शुरू से ही दबदबा बना लिया। 58वें मिनट में उत्तर प्रदेश को पेनल्टी कार्नर का मौका मिला, जिसे रश्मि पटेल ने गोल में बदल कर 1-1 से हिसाब चुकता किया। 60 वें मिनट में उत्तर प्रदेश की पूर्णिमा यादव ने हरियाणा की रक्षापंक्ति को भेद कर शानदार गोल दागा और टीम को 2-1 की बढ़त दिला दी, जो मैच के अंत तक कायम रही। टीम के कोच मुख्य कोच जितेंद्र सिंह भदौरिया, सहायक कोच पॉल देवेंद्र और टीम मैनेजर सुषमा कुमारी रही। बालक वर्ग के फाइनल में चंडीगढ़ ने उत्तर प्रदेश को 2-1 से हराया। इस टीम के प्रशिक्षक विकास पाल और टीम मैनेजर राजेश सोनकर रहे।

## लखनऊ फाल्कन्स में शामिल होने का एक और मौका

**अमृत विचार, लखनऊ :** अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में यूपी टी-20 लीग की तैयारियां चल रही हैं। मेजबान लखनऊ फाल्कन्स भी मुकाबले की तैयारी में जुटा है। टीम में शामिल होने वाले छह से सात अनकैप्ड (नीलामी प्रक्रिया से बाहर रहने वाले खिलाड़ियों) का ट्रायल 13 और 14 को होना है। इसके लिए ट्रायल इकाना स्टेडियम में होगा।

इसमें हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी 11 को दोपहर 12 बजे तक टीम की वेबसाइट पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। दो दिवसीय चयन प्रक्रिया में प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन होना है। चयनित खिलाड़ियों को 25 सदस्यीय टीम में शामिल किया जाएगा। पिछले सत्र में यूपी टी-20 लीग के पहले सत्र में लखनऊ फाल्कन्स ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी छाप छोड़ी थी।

# अली के गोल से लखनऊ चीफ को मिली जीत



आरए ब्वॉयज क्लब (ऑरेंज जर्सी) और लखनऊ चीफ (काली जर्सी) के खिलाड़ी फुटबॉल पर कब्जे के लिए संघर्ष करते हुए। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जिला फुटबॉल लीग में सोमवार को सतसन क्लब और लखनऊ चीफ क्लब ने जीत के साथ अगले दौर में जगह बनाई।

चौक स्टेडियम पर खेले गए पहले मुकाबल में सतसन क्लब ने लखनऊ यूथ क्लब को 2-1 से और लखनऊ चीफ क्लब ने आरए ब्वॉयज को 1-0 से हराया। सतसन और लखनऊ यूथ क्लब के मध्य खेला गया मुकाबला एक तरफा रहा। मैच के 16वें मिनट में सतसन क्लब के मयंक ने लखनऊ यूथ क्लब पर शानदार गोल किया और 1-0 से बढ़त हासिल की।

सैयद मेहंदी ने साथी खिलाड़ी से मिले पास को गोल में बदला। वहीं, लखनऊ चीफ क्लब की ओर से अली ने शानदार खेल दिखाया और बेहतरीन गोल दागा। यही गोल निर्णायक साबित हुआ।


## कार्यालय नगर पंचायत, तालग्राम–कन्नौज

पत्रांक– 43/न0पं0ता0/2024–25 दिनांक – 08.07.2024

(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)

समस्त चारे–भूसे विक्रेताओं/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना से प्राप्त / प्राप्त होने वाली धनराशि से नगर पंचायत तालग्राम को निम्न विवरण के अनुसार चारे–भूसे की आवश्यकता है। जिसके लिये दिनांक 15.07.2024 के अपरान्ह 2.30 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत तालग्राम में निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाओं को उसी दिन 3.00 कार्यालय नगर पंचायत में उपस्थित विक्रेताओं/ठेकेदारों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा निविदाएं खोली जायेंगी। इच्छुक व्यक्ति अपनी–अपनी निविदाएं प्रति किलो की दर से दे सकते है। विवरण निम्न प्रकार है

| कार्य सं0 | कार्य का विवरण | मात्रा | प्रति कुन्तल | कुल धनराशि | 2% अर्नेस्ट मनी | टेन्डर मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | गौवंश हेतु चारे–भूसे की आपूर्ति | 353.34 कुन्तल | 750.00 | 2,65,000.00 | 5,300.00 | 300.00 | एक सप्ताह |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत तालग्राम
जनपद कन्नौज

अध्यक्ष
नगर पंचायत तालग्राम
जनपद कन्नौज


## सार-संक्षेप



उप्र की टीम कप के साथ जश्न मनाती हुई। अमृत विचार

### व्हीलचेयर रग्बी टूर्नामेंट में उप्र ने जीती सीरीज

**अमृत विचार, काकोरी :** 5 जुलाई से 7 जुलाई के बीच मध्य प्रदेश के ग्वालियर में अटल बिहारी बाजपेई व्हीलचेयर रग्बी टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। अटल बिहारी बाजपेई ट्रेनिंग स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में 6 राज्यों की टीम ने प्रतिभाग किया। इसमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, हरियाणा तथा छत्तीसगढ़ राज्यों की टीम सम्मिलित हुई। उप्र की टीम से डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय से प्रहलाद चौहान सम्मिलित हुए। इनके साथ सीतापुर निवासी नितिन, रवी कुमार और आरती सम्मिलित हुए। प्रतियोगिता में उप्र और मध्य प्रदेश के मध्य अंतिम मुकाबला हुआ। ऐसे में उप्र ने मध्य प्रदेश को 6–1 से हराकर सीरीज हासिल की।



ट्रॉफी के साथ सेंट जोसेफ की टीम खुशी मनाते हुए। अमृत विचार

### सेंट जोसेफ कॉलेज के खिलाड़ियों ने बिखेरा जलवा

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंदिरा नगर स्थित गुरुकुल अकादमी में 5 और 6 जुलाई को आयोजित किए गए जोनल बास्केटबॉल टूर्नामेंट में सेंट जोसेफ कॉलेज के खिलाड़ियों ने जलवा बिखेरा। अंडर–19 आयु वर्ग के फाइनल में सेंट जोसेफ का मुकाबला हुआ। इस मुकाबले में सेंट जोसेफ के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए गुरुकुल अकादमी को 29 अंकों से हराया और विजेता बनने का गौरव हासिल किया। अंडर–14 में सेंट जोसेफ कॉलेज के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया और सीएमएस गोमती नगर को शिकस्त दी। इस आयु वर्ग में सेंट जोसेफ की टीम को रजत पदक मिला। सेंट जोसेफ समूह के संस्थापक पुष्पलता और प्रबंध निदेशक अनिल ने दमदार प्रदर्शन करने वाली दोनों टीमों के खिलाड़ियों को बधाई दी। अनिल ने कहा कि स्कूल के 13 बच्चों का चयन रीजनल टीम हुआ है। इनमें अंडर–19 के नौ और अंडर– 14 आयु वर्ग में चार खिलाड़ी शामिल हैं। ये खिलाड़ी 26 से 28 जुलाई तक आगरा में होने वाले मुकाबलों में खेलते नजर आयेंगे।

# विजयी प्रतिभागियों को मेडल देकर किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नटराज नृत्य संगीत विद्यालय की ओर से आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में लखनऊ, अयोध्या, दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, हमीरपुर, पटना, झांसी, वाराणसी तथा अन्य स्थानों के 100 से अधिक प्रतिभागियों ने नृत्य, संगीत, गायन, वादन एवं विशेष कौशल मॉडलिंग एवं मार्शल आर्टस में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आयोजन अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के प्रेक्षागृह में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग और विशिष्ट अतिथि कलरिप्पयट्टू की सचिव प्रियंका अग्रवाल ने विजयी प्रतिभागियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। नटराज नृत्य संगीत विद्यालय विभिन्न नृत्यों, संगीत और सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रचार और शिक्षा के लिए काम करने वाला संस्थान है।

प्रतियोगिता में नृत्य (एकल) में प्रथम स्थान पर आयुषी ओझा, द्वितीय पर सान्वी और तृतीय पर अन्नू भारती और अंशिका विश्वकर्मा रहीं। युवा वर्ग में प्रथम स्थान पर अंशिका सिंह और द्वितीय पर आराध्या और ईशा तृतीय रहीं। वरिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान पर मुक्ताश्री सिन्हा और द्वितीय स्थान पर मुस्कान राजपूत रहीं। लोक नृत्य में मुक्ताश्री सिन्हा को प्रथम पुरस्कार मिला। युगल नृत्य में प्रथम स्थान पर शिवांशी और अंतरा कश्यप, द्वितीय स्थान अपर अंशिका सिंह और अनुज तथा तृतीय स्थान पर अमूल्य और सान्वी रहीं। समूह नृत्य में प्रथम स्थान पर शिवांशी विश्वकर्मा का समूह, द्वितीय स्थान पर अंशिका सिंह का समूह रहा। गायन में प्रथम स्थान पर अनिशा अग्रवाल रहीं। वरिष्ठ वर्ग के गायन में प्रथम स्थान पर महेश कुमार गुप्ता रहे।



नृत्य प्रस्तुत करती प्रतिभागी।

### वाद्य वादन में विवान रहे पहले स्थान पर

वाद्य वादन में प्रथम पर विवान अग्रवाल और द्वितीय पर कार्तिक अग्रवाल रहे। युवा वर्ग में प्रथम पर व्योम आहूजा, द्वितीय पर प्रणत जैन और तृतीय स्थान पर साक्षी रहीं। वरिष्ठ वर्ग में प्रथम पर विप्लव सिंह, द्वितीय पर अनुराग गुप्ता और तृतीय स्थान पर विशाखा त्रिपाठी रहीं। विशेष कौशल मॉडलिंग में नटराज नृत्य संगीत विद्यालय को प्रथम स्थान मिला। मार्शल आर्ट्स में इंटरनेशनल मार्शल आर्ट्स स्कूल इंडिया को प्रथम स्थान मिला।


## कार्यालय : नगर पंचायत, तालग्राम–कन्नौज

पत्रांक– 42/न0पं0ता0/2024–25 दिनांक – 08.07.2024

(अति अल्पकालीन कोटेशन सूचना)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग / नगर निधि योजना से प्राप्त/प्राप्त होने वाली धनराशि से नगर पंचायत तालग्राम जनपद कन्नौज को निम्न विवरण के अनुसार निर्माण एवं क्रास/जाल/पुलिया/क्रास निर्माण/आपूर्ति कार्य व रेडियम रिफ्लेक्टिव साइन बोर्ड व पेयजल व्यवस्था हेतु सामग्री आपूर्ति आदि एवं नगर की स्ट्रीट लाइट हेतु एल0ई0डी0 मरम्मत करवाना एवं नगर सीमान्तर्गत समस्त साधारण खराब हैण्डपम्पों की मरम्मत एवं पाइप लाइन लीकेज व सबमर्सिबल मोटर पम्प क्रय कार्य करवाना चाहती है, जिसके लिए दिनांक 15.07.2024 के अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत में कोटेशन आमन्त्रित करती है, प्राप्त कोटेशनों को उसी दिन 03:00 बजे कार्यालय नगर पंचायत में अध्यक्ष महोदय द्वारा उपस्थित कोटेशन दाताओं के समक्ष खोले जावेगे, शेष नियम व शर्ते किसी भी दिन कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है, विवरण निम्न है।

| क्र0 सं0 | कार्य/सामग्री का नाम | अनुमानित लागत | समयाविध |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं0 1 में हर्षनगर में विभिन्न स्थानों पर क्रास जाल डालने का कार्य। | 96,565.00 | एक माह |
| 2 | वार्ड नं0 2 में शिवाजीनगर में विभिन्न स्थानों पर क्रास जाल डालने का कार्य। | 95,902.00 | एक माह |
| 3 | वार्ड नं0 3 में इन्द्रानगर में विभिन्न स्थानों पर क्रास जाल डालने का कार्य। | 97,970.00 | एक माह |
| 4 | वार्ड नं0 4 में किदवईनगर में विभिन्न स्थानों पर क्रास जाल डालने का कार्य। | 97,798.00 | एक माह |
| 5 | वार्ड नं0 5 में शास्त्रीनगर में विभिन्न स्थानों पर क्रास जाल डालने का कार्य। | 99,174.00 | एक माह |
| 6 | वार्ड नं0 6 में लक्ष्मीनगर में विभिन्न स्थानों पर क्रास जाल डालने का कार्य। | 98,039.00 | एक माह |
| 7 | वार्ड नं0 7 में जवाहर नगर में विभिन्न स्थानों पर क्रास जाल डालने का कार्य। | 96,270.00 | एक माह |
| 8 | वार्ड नं0 8 में महावीरनगर में विभिन्न स्थानों पर क्रास जाल डालने का कार्य । | 98,299.00 | एक माह |
| 9 | वार्ड नं0 9 में हमीदनगर में विभिन्न स्थानों पर क्रास जाल डालने का कार्य। | 97,724.00 | एक माह |
| 10 | वार्ड नं0 10 में इकबालनगर में विभिन्न स्थानों पर क्रास जाल डालने का कार्य। | 98,653.00 | एक माह |
| 11 | वार्ड नं0 11 में आजादनगर में विभिन्न स्थानों पर क्रास जाल डालने का कार्य। | 97,604.00 | एक माह |
| 12 | वार्ड नं0 4 में मोहल्ला गढ़ी पोखर एवं वार्ड नं0 11 में मोहल्ला जेरकिला में बरगदिया चौराहे से लेकर निजाम मास्टर के घर तक सी0सी0 रोड़ के छूटे हुए भाग का निर्माण कार्य। | 94,919.00 | एक माह |
| 13 | वार्ड नं0 11 में बरगदिया चौराहे के पास पुलिया के एप्रोच का निर्माण कार्य। | 81,865.00 | एक माह |
| 14 | वार्ड नं0 11 में श्री दिलदार कोटेदार के मकान के पास पुलिया का निर्माण कार्य। | 95,519.00 | एक माह |
| 15 | वार्ड नं0 1 व 3 में छिबरामऊ बस स्टाप से लेकर सहकारी समिति तक रोड़ के दक्षिणी तरफ सी0सी0 एप्रोच का निर्माण कार्य। | 97,270.00 | एक माह |
| 16 | वार्ड नं0 1 व 3 में छिबरामऊ बस स्टाप से लेकर सहकारी समिति तक रोड़ के उत्तरी तरफ सी0सी0 एप्रोच का निर्माण कार्य। | 94,960.00 | एक माह |
| 17 | वार्ड नं0 1 व 3 में छिबरामऊ चौराहे पर सी0सी0 एप्रोच का निर्माण कार्य। | 78,963.00 | एक माह |
| 18 | कार्यालय में 1 नग बैटरी एवं एम0आर0एफ0 सेण्टर में 1 नग बैटरी एवं इन्वेटर व ई0ओ0 आवास पर 2 बैटरी की आपूर्ति कार्य। | 75,500.00 | एक माह |
| 20 | नगर सीमान्तर्गत समस्त हैण्डपम्पों एवं पाइप लाइन लीकेज मरम्मत एवं सबमर्सिबल मोटर पम्प क्रय आदि कार्य। | रेट प्रति नग | एक माह |
| 21 | समस्त एल0ई0डी0 90 वाट/60 वाट की लाइट मय ड्राइबर सहित मरम्मत का कार्य। | रेट प्रति नग | एक माह |
| 22 | 2 नग एल.एस.टी. स्र्टाटर 20 एच.पी. कम्पलीट क्रय/आपूर्ति कार्य। | 87,000.00 | एक माह |
| 23 | कटआउट 200 एम्पियर, | रेट प्रति नग | एक माह |
| 24 | नलकूपों हेतु निपुल, बुस, पैकिंग, बाल, बोल्ट, जी.आई. पाइप आदि सामान क्रय कार्य। | रेट प्रति नग | एक माह |
| 25 | नलकूपों हेतु सबमर्सिबल मोटर पम्प 15/12.50 एच0पी0 की आपूर्ति कार्य। | रेट प्रति नग | एक माह |
| 26 | स्वागत द्वार रेडियम फोटो एवं मा0 अध्यक्ष जी एवं सभासदों को रेडियम रिफ्लेक्टिव साइन बोर्ड लगाने का कार्य। | रेट प्रति नग | एक माह |
| 27 | विद्युत व्यवस्था हेतु टाटा एस हाईड्रोलिक सीढ़ी रिपेयर / मरम्मत का कार्य। | 99120.00 | एक माह |
| 28 | विद्युत व्यवस्था हेतु टाटा एस हाईड्रोलिक सीढ़ी इंजन बनवाने / मरम्मत का कार्य। | 94,400.00 | एक माह |
| 29 | नगर के आवश्यक स्थानों पर ठण्ड़ा पेयजल हेतु वाटर कूलर 60/80 लीटर का आपूर्ति कार्य। | 98,530.00 | एक माह |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत तालग्राम
जनपद कन्नौज

अध्यक्ष
नगर पंचायत तालग्राम
जनपद कन्नौज

## एक नजर

### मुख्य अभियंता ने किया उपकेंद्रों का दौरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिसगोमती मुख्य अभियंता रजत जुनेजा ने सोमवार को नादरगंज के उपकेंद्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने नये कनेक्शन और प्रीपेड मीटरों के स्टॉक के बारे मे उपकेंद्र अधिकारियों से जानकारी ली। मुख्य अभियंता ने बताया कि गहरू पावर हाउस पर नए कनेक्शन और प्रीपेड मीटरों के बारे उपभोक्ताओं की शिकायतों को सुना। बिजली के बकायेदारों से राजस्व की वसूली के लिए किए जा रहे प्रयास की जानकारी ली। क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति और बारिश के मौसम में करंट से बचाने के लिए किए जा रहे इंतजामों के बारे में भी जाना।

### सिसेंडी सबस्टेशन का निर्माण अटका

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिसेंडी मे प्रस्तावित सबस्टेशन का निर्माण विभागीय कार्रवाई में उलझ गया है। जिसका खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। मोहनलालगंज के सिसेंडी में प्रस्तावित 33केवी सबस्टेशन के निर्माण को अब तक मंजूरी नही मिल सकी है। स्थानीय निवासी महेश राजपूत ने बताया कि सबस्टेशन का कार्य अधिकारियों की उदासीनता के कारण लटका है। नीलेश अवस्थी और राधिका शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में दिनभर बिजली की आवाजाही बनी रहती है। घर में लगा टुल्लू पंप के न चल पाने के कारण पानी की समस्या गंभीर हो जाती है। सब स्टेशन बन जाए तो समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी। अधिशासी अभियंता एसके अग्रवाल ने कहा कि अभी तक जमीन का एलॉटमेंट नही हो पाया है। एसडीएम मोहनलालगंज के यहां फाइल लबिंत है। जमीन मिलने के एक महीने में सभी कार्रवाई को पूरी कर काम शुरू करा दिया जाएगा।

### राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद बना "अवार्डिंग एंड असेसिंग निकाय"

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एसवीईटी) और राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा व प्रशिक्षण परिषद के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) हुआ है। इस समझौते के तहत एसवीईटी प्रमाणित "अवार्डिंग एंड असेसिंग निकाय" बन गया है। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने सोमवार को बताया कि व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार के लिए एमओयू किया गया है। इससे युवाओं को नए और उच्च स्तरीय रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। एसवीईटी अब प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षार्थियों को समय से मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र प्रदान कर सकेगा।

# एक सप्ताह से घर से नहीं निकल रही शोहदे से परेशान युवती

## 1 जुलाई को तमंचे के बल पर घर में घुसकर छेड़छाड़ व मारपीट की थी, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मड़ियांव क्षेत्र निवासी एक युवती का पड़ोसी ने जीना मुहाल कर दिया है। उसकी हरकतों से परेशान होकर युवती एक सप्ताह से घर में कैद है। वह घर से निकलने में डर रही है। 1 जुलाई को आरोपी तमंचा लेकर पीड़िता के घर में घुसकर छेड़छाड़ और मारपीट की थी।

पुलिस आयुक्त से शिकायत करने पर मड़ियांव पुलिस ने डेढ़ महीने बाद मामला दर्ज किया है। पीड़िता के मुताबिक, मोहल्ले का ही लक्ष्मीकांत वाजपेयी करीब डेढ़ माह से उन्हें परेशान कर रहा था। घर से निकलते ही वह उनके पीछे लग जाता था। सूनसान स्थान पर अकेला पाकर छेड़छाड़ करने लगता।

20 मई को उन्होंने केशव नगर पुलिस चौकी व 23 मई को मड़ियांव थाने पहुंचकर इसकी शिकायत की थी। इसके बाद भी आरोपित के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### कार्रवाई न होने से बढ़ा मनोबल

पीड़िता का आरोप है कि दो बार शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। सिर्फ उसे आश्वासन देकर वापस कर दिया। इसके बाद से ही आरोपी लक्ष्मीकांत का मनोबल बढ़ गया। वह कुछ दिन तो शांत रहा फिर परेशान करने लगा। अश्लील टिप्पणी करने लगा। विरोध करने पर धमकी देता था।

### रास्ते में रोककर दी जान से मारने की धमकी

पीड़िता के मुताबिक, 1 जुलाई को वह जरूरी काम से निकली थी। वह भरतनगर पानी की टंकी के पास पहुंची, तभी आरोपी लक्ष्मीकांत ने उसे रोक लिया। विरोध करने पर वह धमकाने लगा। उन्होंने वीमेन हेल्प लाइन पर शिकायत करने की बात कही तो गालियां देते हुए भाग गया। उसी रात वह उनके घर पर तमंचा लेकर आ धमका। उस समय घर पर वह और उनकी छोटी बहन थी। गालियां देते हुए उसने उनकी पिटाई कर दी। चीख पुकार पर छोटी बहन ने भागकर आसपास के लोगों को बुलाया। लोगों को आता देख लक्ष्मीकांत वहां से भाग निकला। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा के मुताबिक, मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# नादरगंज सहित कई इलाकों में आज गुल रहेगी बिजली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** डालीगंज खंड के गोयल उपकेंद्र के 400 केवीए पर तार बदलने का कार्य मंगलवार को किया जाएगा। इससे सेक्टर-ओ और उसके आसपास सुबह 10 से शाम 4 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी।

पुरनिया उपकेंद्र के 33केवी फीडर पर इंटरपोलिंग कार्य के कारण उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बिजली नहीं मिलेगी।

नादरगंज और सरोजनीनगर से पोषित उतरेठिया लाइन पर कार्य के चलते आसपास के क्षेत्र में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक बाधित रहेगी। लखनऊ कानपुर रोड़ मार्ग पर एनएचएआई की ओर से हाइडिल कॉलोनी सरोजनीनगर मे बिजली के पोल को बदलने के कारण सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी।

# कोतवाली परिसर में दरोगा के मकान में लगा दी सेंध

## रिश्तेदारी में गए कृष्णानगर कोतवाली के दरोगा का सूना था घर

संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में चोरों के हौसले इतने बुलंद हो चुके है कि वह अब पुलिस को भी नहीं बक्श रहे है। ताजा मामला कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र का है। जहां कोतवाली परिसर में बने दरोगा अनीस सिंह के मकान में चोरों ने सेंध लगाई। दरोगा वर्तमान में गोसाईंगंज थाने में तैनात है। इस वारदात ने पुलिस की मुस्तैदी पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

गोसाईंगंज में तैनात दरोगा अनीस सिंह कृष्णानगर कोतवाली परिसर स्थित टाइप-3 में परिवार के साथ रहते हैं। रविवार को वह रिश्तेदार के घर आयोजित मुंडन संस्कार में शामिल होने परिवार के साथ प्रयागराज गए थे। घर की चाबी नौकरानी के पास थी। सोमवार सुबह उनके घर का दरवाजा खुला था। यह देखकर बिल्डिंग में रहने वाले अन्य पुलिसकर्मियों ने अनीस को जानकारी दी। पड़ोसियों ने बताया कि अंदर सामान बिखरा था। अनीस ने थाने में सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने जांच शुरू की।

प्रभारी निरीक्षक पीके सिंह ने बताया कि अनीस जाते समय घर की चाबी नौकरानी को दे गए थे। वह साफ-सफाई करने के बाद ताला बंद करना भूल गई। जब पड़ोसियों ने देखा तो जानकारी दी है। कोई सामान चोरी नहीं हुआ है। दरोगा अनीस के आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### घटना सोशल मीडिया पर हुई वायरल

कोतवाली परिसर में दरोगा के घर में चोरी की सूचना दोपहर बाद सोशल मीडिया पर वायरल होते ही, इलाके में हड़कंप मच गया। कोतवाली के आसपास के लोगों में चर्चा शुरू हो गई कि परिसर में दरोगा का मकान ही सुरक्षित नहीं है तो क्षेत्र का क्या हाल होगा। उधर, परिसर में चोरी की सूचना वायरल होते ही उच्चाधिकारियों ने पूछताछ शुरू कर दी है।

### चार मकानों से लाखों का माल उड़ाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** चोरों ने चार मकानों का ताला तोड़कर लाखों का माल साफ कर दिया। चारों घटनाएं गोमतीनगर विस्तार, गोसाईगंज, मडियांव और पीजीआई इलाके में हुई। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गोमतीनगर विस्तार छोटा भरवारा निवासी शाह आलम के मुताबिक, रविवार को वह परिवार क साथ अपने बुआ के घर घरेलू कार्यक्रम में गए हुए थे। अगले दिन जब वह घर वापस लौटे, तो चोरी की जानकारी हुई। चोरों ने लाखों रुपये कीमत के जेवर व 20 हजार की नकदी चोरी कर ले गए। वहीं, गोसाईगंज के सुरियामऊ निवासी सूरज रविवार को अपने दूसरे घर चिनहट गए थे। सुबह जब लौटे, तो मकान में चोरी की जानकारी हुई। चोरों ने अलमारी से हार, पावजेब, झुमकी, 10 हजार की नकदी चोरी कर ले गए।

उधर, मडियांव के न्याय बिहार कॉलोनी निवासी सरोजनी कनौजिया बताया कि वह बीते 23 जून को बहनोई के घर गयी थी। अगले दिन जब घर लौटी, तो चोरी की जानकारी हुई। बताया कि चोर अलमारी से करीब 70 हजार की नकदी और लाखों रुपये के जेवर चोरी कर ले गए। वहीं, पीजीआई के हैवतमऊ मवैया निवासी रामू पाल के नवनिर्मित मकान से करीब 3 लाख रुपये कीमत के बिजली के तार चोरी कर ले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मददगार बन महिला के उड़ाए 10 हजार रुपये, एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ :** बैंक ऑफ इंडिया की मानकनगर शाखा में टप्पेबाज ने महिला की मदद का झांसा देकर 10 हजार रुपये पार कर दिए। घर पहुंचने पर जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी। इंस्पेक्टर मानकनगर अजीत सिंह ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। कृष्णानगर के मधुवन नगर निवासी गीता देवी ने बताया कि मानकनगर की बैंक आफ इंडिया शाखा में उनका खाता है। बीती 4 जुलाई को वह बैंक से रुपये निकालने गई थी। उन्होंने बैंक से 22 हजार रुपये निकाले थे। आरोप है कि इस दौरान एक युवक ने उनसे कहा कि नोट फटी हुई है। गिनने के बहाने उसने बैंक से निकाली गई रकम से 10 हजार रुपये पार कर दिए। घर पहुंचने पर उन्हें टप्पेबाजी की जानकारी हुई। इंस्पेक्टर ने बताया कि बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे में आरोपित को फुटेज से चिन्हित कर लिया गया है। जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।



मायके वालों से जानकारी लेती पुलिस। अमृत विचार

# रिटायर्ड दरोगा ने दहेज के लिए बहू को बंधक बना पीटा

- कृष्णानगर इलाके में हुई घटना, पिता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मुक्त कराया
- ससुर समेत चार के खिलाफ एफआईआर, पति गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कानपुर रोड स्थित एलडीए कॉलोनी में विवाहिता को तीन दिन से बंधक बनाकर पीटा जा रहा था। उस पर दहेज के 20 लाख रुपये मायके से लाने का दबाव बनाया गया। पड़ोसियों ने मायके वालों को सूचना दी। पिता की सूचना पर पुलिस ने विवाहिता को मुक्त कराया और रिटायर्ड दरोगा समेत चार पर एफआईआर दर्ज की। देर शाम को आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया। विवाहिता का इलाज लोकबंधु अस्पताल में चल रहा है।

न्यू गरौड़ा निवासी सुदर्शन यादव ने बताया कि उनकी बेटी अनीता की शादी 2022 फरवरी में कृष्णानगर स्थित सीएमएस स्कूल के पास सेक्टर-सी 1 निवासी रिटायर्ड दरोगा रामनरेश यादव के बेटे रोहित से हुई थी। रामनरेश के परिवार में बेटा रोहित, पत्नी राजेश्वरी और बेटी अर्चना रहती है। आरोप है कि शादी के सात महीने बाद से ही पति और ससुराल के लोग लगातार अनीता से 20 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग कर परेशान कर रहे थे। विरोध करने पर उसकी अक्सर पिटाई करते थे। प्रभारी निरीक्षक कृष्णानगर पीके सिंह ने बताया कि पिता सुदर्शन यादव की तहरीर पर रिटायर्ड दरोगा राम नरेश यादव, उनकी पत्नी राजेश्वरी, बेटा रोहित और बेटी अर्चना पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

**तीन दिन तक बंधक बनाकर की पिटाई :** पुलिस के मुताबिक, पिता ने तहरीर बताया कि अनीता को ससुराल वालों ने तीन दिन से कमरे में बंधक बनाकर रखा था। उसका मोबाइल भी छीन लिया और लगातार पीटते रहे, जबरदस्ती फंदा बनाकर उसे लटकाने की तैयारी कर रहे थे। तीन दिनों से वह घर के बाहर नहीं दिखी। पड़ोसियों की सूचना पर मायके वाले पहुंचे और पुलिस बुलाई। पुलिस ने अनीता को बंधन मुक्त कराया।

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# 13 मांगों के लिए 15 से जन जागरण करेंगे नगर निकाय कर्मचारी

- मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री सहित मुख्य सचिव को भेजे आंदोलन के नोटिस

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के बैनर तले प्रदेश के नगर निकाय कर्मचारी 15 जुलाई से 15 अगस्त तक जन-जागरण करेंगे। कर्मचारियों की 2017 से लम्बित 13 सूत्री समस्याओं के निराकरण के लिए प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री का ध्यानाकर्षण कराएंगे। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शशि कुमार मिश्र ने बताया कि कार्यसमिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री, दोनों उप मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री के साथ नवनियुक्त मुख्य सचिव, समस्त अपर मुख्य सचिव व प्रमुख सचिव नगर विकास, निदेशक स्थानीय निकाय को आन्दोलन की नोटिस प्रेषित कर पूर्व में हुई बैठकों में लिए गए निर्णय के अनुसार आदेश जारी करने का अनुरोध किया गया है।

प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि कर्मचारियों की सेवा सम्बधी वेतन विसंगति, अकेन्द्रियत सेवा नियमावली, 2001 तक के दैनिक वेतन संविदा कर्मियों का विनियमितीकरण, रिक्त पदों पर स्थाई नियुक्ति, पदोन्नति, सफाई कर्मचारियों सहित लिपिक, चालक आदि किसी भी कैडर का पुनर्गठन नहीं किया गया, पुरानी पेंशन बहाली, बढ़ी आबादी के अनुरूप पदों का सृजन सहित आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा, स्थायीकरण नीति, श्रमिकों को कार्य के अनुरूप वेतन भत्ता आदि मां पत्र पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया जा सका है।



प्रशस्ति पत्र के साथ रेलवे के सम्मानित होने वाले कर्मचारी। अमृत विचार

# 11 रेलवे कर्मचारियों को दिए प्रशस्ति पत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सुरक्षित एवं संरक्षित रेल संचलन में बेहतरीन कार्य करने के लिए पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम आदित्य कुमार ने सोमवार को 11 कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

संरक्षा पुरस्कार प्राप्त करने वाले कर्मचारियों में ट्रेन प्रबंधन गोंडा, सैयद मजबहर अब्बास रिजवी, स्टेशन अधीक्षक बलरामपुर रंजन कुमार श्रीवास्तव, लोको पायलट आरपी सिन्हा, सलोपा गोरखपुर गौतम कुमार गुप्ता, ट्रेन प्रबंधक गोंडा दीपक तिवारी, ट्रैक मेंटेनर बढ़नी चैतू, ट्रेन प्रबंधक गोंडा मो. अकील, बलरामपुर के राजेश कुमार यादव, डालीगंज के अरुण कुमार यादव, टेक्नीशियन ऐशबाग श्रवण कुमार भारती, टेक्नीशियन ऐशबाग पवन कुमार शामिल रहे।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) विक्रम कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा.) राजीव कुमार, मुख्य परियोजना प्रबंधक राघवेन्द्र कुमार और वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी डॉ. शिल्पी कन्नौजिया और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### विभोर की जयंती पर पांच साहित्यकार सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** साहित्यिक संस्था काव्य कला संगम ने आचार्य रामदेव लाल विभोर की 87वीं जयंती पर उत्तर प्रदेश प्रेस क्लब में पांच वरिष्ठ साहित्यकारों का सम्मान किया। सम्मानित होने वालों में नवगीतकार श्याम श्रीवास्तव अस्वस्थता के कारण समारोह में नहीं आये, संस्था उनका सम्मान उनके घर पहुंचाएगी। वरिष्ठ छंदकार अशोक कुमार पाण्डेय अशोक, साहित्यकार उमाशंकर शुक्ल शितिकंठ, गजलकार कृपा शंकर श्रीवास्तव विश्वास और कवियित्री मधु दीक्षित को सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे डॉ. हरिशंकर मिश्र ने बताया कि आचार्य रामदेव लाला विभोर बहुत उच्च कोटि के छंदकार थे। इस विधा में उन्होंने 20 साल तक इतनी मेहनत की कि जिनसे उन्होंने सीखा वह भी इनसे छन्दों की बारीकियां पूछने आने लगे थे। मधुकर अस्थाना ने रामदेव लाल विभोर के साहित्यिक योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी काव्य कृतियां एक संपदा की तरह से हैं। संस्था के महामंत्री राजेश कुमार श्रीवास्तव ने अंत में सभी का आभार व्यक्त किया।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

# ठीक नहीं जॉगिंग ट्रैक की गुणवत्ता, दोबारा बनवाएं

## केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खराब गुणवत्ता पर मंडलायुक्त ने दिए निर्देश

- कार्यदायी संस्था निर्माण निगम पर जुर्माना व अफसरों पर करें कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केडी सिंह बाबू स्टेडियम में निर्माणाधीन जॉगिंग ट्रैक की गुणवत्ता मानक के अनुरूप न होने पर ध्वस्त करके दोबारा बनवाएं। साथ ही कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम से जुर्माना वसूलते हुए लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर कराएं। यह निर्देश सोमवार को स्मार्ट सिटी द्वारा संचालित परियोजनाओं की समीक्षा में मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने दिए।

उन्होंने लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के पारिजात सभागार में बैठक करके सबसे पहले केडी सिंह बाबू स्टेडियम के कार्यों की प्रगति जानी। इस दौरान निर्माणाधीन जॉगिंग ट्रैक की गुणवत्ता मानक के अनुरूप न होने पर कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम (यूपीआरएनएन) पर नाराजगी जताई। और कार्यदायी संस्था पर जुर्माना लगाने के साथ लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर एफआईआर कराने के निर्देश दिए। यह भी कहा जॉकिंग ट्रैक ध्वस्त करके दोबारा गुणवत्ता पूर्वक बनाया जाए। इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे। वहीं, नगर निगम के अभियंताओं को ताइक्वांडो हाल, वॉलीबॉल कोर्ट, क्रिकेट प्रैक्टिस पिच की गुणवत्ता की जांच करने के निर्देश दिए। कहा, संबंधित अधिकारी स्वयं व नियमित रूप से कार्यों की मॉनीटरिंग करें। वॉलीबॉल ट्रैक की फिनशिंग अच्छे से व बॉक्सिंग रिंग के बाहर का एरिया एक लेबल करें। बैठक में उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह व सचिव विवेक श्रीवास्तव रहे।



पारिजात सभागार में स्मार्ट सिटी कार्यों की समीक्षा करतीं मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब।

### तांगा स्टैंड को देंगे मॉर्डन का लुक

इसके बाद एलडीए द्वारा किए गए हुसैनाबाद हेरिटेज जोन के कार्यों की समीक्षा की। उपाध्यक्ष ने अवगत कराया कि उन्नयन एवं सौंदर्यीकरण में लजीज गली व फ्रेग्नेंस पार्क का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। कैफेट एरिया का शेष व दो टॉयलेट ब्लॉक का काम पांच दिन में पूर्ण हो जाएगा। मंडलायुक्त ने कहा कि तांगा स्टैंड पर केनोपी, बोर्ड व डिजाइन के तहत विकसित करते हुए मॉडर्न तांगा का लुक दिया जाए। कैसरबाग चौराहा के इमारतों को फसाड लाइट, रोटरी व हेरिटेज इमारतों के जीर्णोद्धार व साज-सज्जा का 92 फीसद कार्य पूर्ण बताया गया जिसे तेजी के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। कहा, हेरिटेज जोन में एकरूपता के तहत साज-सज्जा के कार्य कराएं।



कार्यक्रम में शामिल यूनियन बैंक के वरिष्ठ अधिकारी। अमृत विचार

# ऋण देकर स्वरोजगार को बढ़ावा दें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और जिला उद्योग केंद्र के तत्वावधान में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें यूनियन बैंक के महाप्रबंधक राजेश कुमार, क्षेत्र प्रमुख मार्कन्डेय यादव, सहायक महाप्रबंधक मनीष श्रीवास्तव, राजकुमार यादव तथा जिला उद्योग केंद्र लखनऊ के महाप्रबंधक मनोज कुमार चौरसिया ने भाग लिया।

मनोज ने बैंक लखनऊ की शाखाओं के प्रबंधकों को सरकारी योजनाओं से परिचित कराया। उन्हें बताया कि किस प्रकार से ऋणों का वितरण करके सरकारी योजना के अंतर्गत उद्योग प्रोत्साहन उद्यमिता विकास एवं स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जा सकता है। इससे बैंक लाभ के साथ लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं। सरकार के भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने योजनाओं में आने वाली समस्याओं से निपटने के लिए डीआईसी के वेब -पोर्टल एवं संपर्क सूत्र भी साझा किया। महाप्रबंधक राजेश ने कहा बैंक पूर्व से ही इस दिशा में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। इस कार्यशाला के बाद शाखा प्रबंधक योजनाओं से जानकार बनकर और बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# 72 घंटे में फाल्ट नहीं ठीक कर पाए बिजली कर्मचारी

## मलिहाबाद और 50 गांवों में लोग पानी के लिए भी रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार:** मलिहाबाद में बिजली के केबल में हुआ फाल्ट विभागीय कर्मचारी 72 घंटे बाद भी ठीक नहीं कर पाए हैं। कस्बे समेत 50 गांवों की तीन लाख आबादी के सामने पानी का संकट भी खड़ा हो गया है। कस्बे में टैंकरों से जलापूर्ति आपूर्ति की जा रही है। इन्वर्टर जवाब दे गए हैं और ज्यादातर मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ हो गए हैं। पंखे न चलने से दोपहर में लोग उमस से भी परेशान रहे।

समस्या के निदान के लोग लगातार उपकेंद्र का चक्कर लगा रहे है। अधिकारियों के फोन स्विच ऑफ हैं। कर्मचारियों की तरफ से क्षेत्र में जल्द ही सप्लाई के सामान्य होने का आश्वासन दे रहे हैं। पेयजल संकट को देखते हुए नगर पंचायत चैयरमैन असमत आरा खान की ओर से टैंकरों से घर-घर पानी पंहुचाने का काम किया जा रहा है। मोहल्लो मे पानी के टैंकरो के पंहुचते ही महिलाएं, बच्चे घरो से बाल्टी लेकर लम्बी-लम्बी लाइनों मे लगकर पानी ढ़ोने का मजबूर हैं। अवर अभियंता त्रिभुवन सिंह ने बताया कि रहीमाबाद के राधे लाल ढ़ाबे के पास फॉल्ट मिला है। जिसको ठीक करने के लिए कर्मचारी रातो दिन लगे हुए है। काम के पूरा करते ही बिजली सप्लाई को सामान्य कर दिया जाएगा।



मलिहाबाद में टैंकर से पानी भरते लोग। अमृत विचार

### तीन दिनों से चार दर्जन से अधिक गांवों में छाया अंधेरा

मलिहाबाद कस्बे के अलावा चांदपुर, नजर नगर, बिराहिमपुर, बदौरा, फूलचंद खेड़ा, माधवपुर, मोहद्दीपुर, कुंडरा कला, गढ़ी संजर खां, कुंडरा खुर्द, भुलभुला खेड़ा, चांदपुर, हासिमपुर, ईशापुर, कहला, सुरगौला, रूपनगर, भतोइया, भिम्माखेड़ा, गोंदा, गुलाल खेड़ा, नत्थाखेड़ा, सलामत खेड़ा, नई बस्ती, औलिया खेड़ा, धनाखेड़ा, खड़ौहां, संतनगर, चिंहुटा, भावाखेड़ा, अहमदाबाद, रसूलपुर, गौरैयन खेड़ा, मानखेड़ा, कटौली, टिकरी खुर्द व नगर पंचायत के मोहल्ला केवलहार, जोशिनटोला, झंडातला, शीतलन टोला, मोहम्मडन टोला, बउली, मुंशीगंज, चौधराना, सैय्यदवाड़ा, समदा तालाब, मिरदहन टोला, बस्ती धनवंतराय, बशारत तरफदार, बजरिया, दुअरतला, गल्लामंडी, अवध बिहारी मार्ग, चोघड़ा, मछली मंडी, मलिहाबाद चौराहा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नया पुराना, बारहदरी, सब्जी मंडी, हरदोई रोड, नींबूबाग, मिर्जागंज आदि गांव।

## एक नजर

### पंखे में उतरा करंट बदायूं के युवक की मौत

**अमृत विचार, हरदोई :** बदायूं का रहने वाला युवक सब्ज़ी मण्डी में मशरूम बेचकर गुज़ारा कर रहा था। रविवार की रात उसने खाना खाया और सोने के लिए जैसे ही पंखा लगाया, जिसमें करंट उतर आया और उसी की चपेट में आने से वहीं पर मौत हो गई। बदायूं ज़िले के मोहम्मद नगर मजरा करतौली निवासी 35 वर्षीय केन्द्रपाल अपने पिता का इकलौता पुत्र था। परिवार में पत्नी राजकुमारी के अलावा दो बेटे और एक बेटी हैं। पिता नत्थू लाल ने बताया कि केन्द्रपाल कोतवाली शहर के राधे पुरवा स्थित राजीव शुक्ला के बाग में झोपड़ी डाल कर रह रहा था। रविवार की रात पंखा में उतरे करंट से उसकी मौत हो गई। कोतवाली शहर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

### बालिका के अपहरण और दुष्कर्म में 20 साल की कैद

**अमृत विचार, हरदोई :** अपर सत्र न्यायाधीश मोहम्मद नसीम ने एक फैसले में एक बालिका को बहला फुसलाकर उसका अपहरण करने के बाद उसके साथ रेप करने के मामले में आरोपी को जुर्म साबित होने पर 20 साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई है। जज ने आरोपी पर विभिन्न धाराओं में 65 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। शासकीय अधिवक्ता मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि थाना मस्जिला क्षेत्र के कैथापुरवा मजरा चठिया क्षेत्र के निवासी प्रेम कुमार उर्फ बच्चा ने 15 अगस्त 2021 को एक बालिका को बहला फुसलाकर उसका अपहरण कर लिया। और उसे शादी का झांसा दिया। उसके बाद उसके साथ रेप किया।

### विजय बहादुर यादव बने एएसआई लेखा

**अमृत विचार, हरदोई :** एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने आंकिक पुलिस ऑफिस में तैनात एएसआई लेखा जगदीश प्रसाद का गैर जनपद तबादला होने पर विजय बहादुर यादव को एएसआई लेखा की ज़िम्मेदारी सौंपी है। एसपी ने श्री यादव को तत्काल कार्यभार ग्रहण करने के लिए आदेशित किया है।

### खेत पर जा रही किशोरी के साथ की छेड़छाड़

**अमृत विचार, हरदोई :** पिता को खेत पर खाना देने जा रही किशोरी के साथ गांव के दो युवकों ने बुरी नीयत से पकड़ लिया। आरोप है कि युवकों ने उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए उसे ज़मीन पर गिरा दिया। किशोरी के चीखने की आवाज़ सुनकर आस-पास खेतों में काम कर रहे लोग दौड़ पड़े। आरोपी युवक पुलिस से शिकायत करने पर किशोरी को मार डालने की धमकी देते हुए भाग निकले। बघौली थाने क्षेत्र के एक गांव निवासी 14 वर्षीय किशोरी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि सारे मामले की जांच की जा रही है।



चैंपियन बनने वाली उत्तर प्रदेश बालिका टीम। अमृत विचार

# पुनर्वास विवि की खिलाड़ियों ने लहराया परचम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** युगांडा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन ओपन चैंपियनशिप प्रतियोगिता में पुनर्वास विश्वविद्यालय की खिलाड़ियों ने देश का परचम लहराया है। दो छात्राओं ने तीन स्वर्ण सहित दो कांस्य पदक हासिल किये हैं।

युगांडा में आयोजित पैराबैडमिंटन ओपन चैंपियनशिप प्रतियोगिता 1 से 7 जुलाई के बीच आयोजित हुई। इसमें डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की छात्रा रुचि त्रिवेदी, स्वाती और कनक सिंह जादौन ने कड़े मुकाबले के बाद रुचि त्रिवेदी ने पैराबैडमिंटन प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण पदक हासिल किए। वहीं स्वाती ने दो कांस्य पदक प्राप्त किये। कनक सिंह को सफलता नहीं मिल सकी। कुलपति प्रोफेसर संजय सिंह ने कहा कि ये गौरव का क्षण है कि हमारे विश्वविद्यालय की छात्राओं ने देश का मान बढ़ाया है। विश्वविद्यालय के क्रीड़ा एवं योग प्रकोष्ठ के निदेशक प्रोफेसर पाण्डेय राजीव नयन और विवि के छात्रों ने बधाई दी है।

### हार नहीं मानूंगी : कनक




असफलता का सामना करने वाली कनक सिंह ने कहा कि वर्ष 2023 में आयोजित पैराबैडमिंटन प्रतियोगिता में कास्य पदक प्राप्त किया था, इस बार चूक हुई, प्रयास जारी रहेगा।

### लगातार अभ्यास से मिली सफलता : रुचि



पैराबैडमिंटन प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण पदक पाने वाली रुचि त्रिवेदी का कहना है कि इसी टूर्नामेंट में वो पिछले साल शामिल हुई थीं, तब कांस्य पदक हासिल किया। लेकिन हौसला नहीं खोया, निरंतर अभ्यास किया और मुझे सफलता मिली। इसका प्रतिफल देश को तीन स्वर्ण पदक हासिल कर दिया। मेरे पापा हमेशा कहा करते हैं कि लगातार अभ्यास करते रहो सफलता जरूर मिलेगी। आज पिता की बात सही साबित हुई। इतनी खुशी मिली कि बयां करना आसान नहीं है। मां ने हमेशा अपनी सुनने की सलाह दी।

### फिर से करूंगी प्रतियोगिता की तैयारी : स्वाती



विवि में बीए द्वितीय सेमेस्टर की जालौन निवासी छात्रा स्वाती ने बताया है कि पिछले साल नेशनल गेम्स में प्रतिभाग किया था, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। इससे मैं काफी निराश थी। अभ्यास का समय बढ़ाया और निरंतर अभ्यास किया तो इस बार दो कांस्य पदक हासिल किए। फिर प्रतियोगिता की तैयारी में कुछ अलग करने की कोशिश रहेगी जिससे स्वण पदक प्राप्त कर संकू।

# गरीब बच्चों के भविष्य से खेल रहे निजी विद्यालय

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- चयनित 1.65 लाख बच्चों में सिर्फ 72 हजार को ही दिया प्रवेश

**अमृत विचार :** आरटीई के तहत चयनित गरीब बच्चों के भविष्य से हाई प्रोफाइल प्राइवेट स्कूल खिलवाड़ करने पर अमादा हैं। मनमानी का आलम ये है कि राजधानी सहित प्रदेश भर में इस बार 1.65 लाख बच्चों का चयन हुआ है लेकिन इसमें प्रवेश सिर्फ 72 हजार बच्चों को ही मिला है। जबकि नए सत्र से जुलाई माह में पढ़ाई चल रही है। अभी 93 हजार बच्चों का प्रवेश होना बाकी है।

इस आंकड़े को देखकर शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने सोमवार को नाराजगी जाहिर करते हुए सभी जिलों के जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर प्रवेश न देने वाले निजी विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कहा है। साथ ही बीएसए को भी निर्देशित किया है। शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने कहा कि प्रदेश में आरटीई के तहत 1.65 लाख बच्चों का चयन हुआ है, जिनमें से अब तक मात्र 72,044 बच्चों का ही प्रवेश हुआ है। शेष बचे बच्चों के एडमिशन के बारे में तमाम प्रकार की शिकायतें आ रही हैं। अनेक माता-पिता या अभिभावकों की ओर से शिकायतें मिली हैं कि चयन के बावजूद उनके बच्चें का एडमिशन नहीं हो सका है ।

# एआरटीओ प्रवर्तन के सभी तीन पद खाली, कार्य प्रभावित

**अमृत विचार,लखनऊ:** परिवहन विभाग में तबादले के दबाव में कहीं कम तो कहीं अधिक चेकिंग दलों की तैनाती कर दी गई। लखनऊ से दो एआरटीओ प्रवर्तन का तबादला हुआ और बदले में सिर्फ एक यात्रीकर अधिकारी की तैनाती की गई। अब यहां पर आरटीओ प्रवर्तन के अलावा तीन पीटीओ तैनात हैं। लखनऊ में एआरटीओ प्रवर्तन के सभी तीन पद खाली है। चेकिंग दलों की कमी की वजह से लखनऊ में स्कूली वाहनों की जांच ठप पड़ गई। आठ जुलाई से शुरू होने वाली स्कूल बस और वैन के फिटनेस जांच के नाम पर सिर्फ औपचारिकता की गई। यहीं नहीं चेकिंग के दौरान टैक्स की वसूली और डग्गामार वाहनों के खिलाफ कार्रवाई और चालान की बंद है।

# छींकने को लेकर दो शिक्षकों में भिड़ंत, विभागीय जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


- एक ही आवास में रहते है दोनों शिक्षक

**अमृत विचार :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में छींकने की मामूली सी बात को लेकर दो शिक्षक आपस में भिड़ गए। विवाद इतना बढ़ा की दोनों हाथापाई पर उतर आए। कुलपति का कहना है कि शिक्षकों के विवाद में सुलह - समझौता हो गया है, लेकिन विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

भाषा विवि में छींकने के विवाद में एक-दूसरे से भिड़ने वाले शिक्षक एक ही आवास में रहते हैं। बताते हैं कि रात के समय एक शिक्षक को छींक आ गई। इस बात पर दूसरे शिक्षक ने विरोध किया। छोटी सी बात ने ही कुछ ही देर में विवाद का रूप ले लिया। फिर दोनों में जमकर हाथापाई हुई। सुबह होने पर मामले ने तूल पकड़ना शुरू कर दिया। प्रकरण कुछ ही देर बाद कुलपति तक पहुंच गया। गंभीर प्रकरण को लेकर कुलपति कार्यालय से विभागीय जांच के निर्देश मिले। इसी के बाद सुलह-समझौता किया जाने लगा। बताते हैं कि मामले में आपसी सहमति का प्रयास हो रहा है।

कुलपति प्रो. एनबी सिंह का कहना है कि शिकायतकर्ता द्वारा जो जानकारी दी गई है, उसमें ये कहा गया है कि छींकने की मामूली वजह पर दूसरे शिक्षक ने उनके साथ हाथापाई की है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए विभागीय जांच के निर्देश जारी किए गए हैं।

## सार-संक्षेप



उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते नगर पंचायत अध्यक्ष गनेश रावत साथ में अन्य ।

### एयरफोर्स ने रुकवा दिया सीवर, प्रदर्शन

**अमृत विचार, बख्शी के तालाब :** नगर पंचायत अंतर्गत बरसात के मौसम में तालाब के पानी के निकास के लिये सीवर पाइपलाइन डालने की दी गई अनुमति एयरफोर्स के अधिकारियों द्वारा अमान्य किये जाने के खिलाफ नगर पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ों नागरिकों ने धरना दिया। बीकेटी तहसील परिसर में आयोजित धरने को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष गनेश रावत ने कहा कि वार्ड 17 रुदही के बरखुरिया तालाब का पानी ओवर फ्लो हो जाने लोगों के घरों में घुस जाता है। मार्ग डूब जाए से आम जनमानस को आवागमन में परेशानी होती है। इस तालाब के पानी को सरिया तालाब में गिराने के लिये पाइपलाइन डाली जानी है। जिसके लिये बीकेटी एयरफोर्स स्टेशन कार्यालय से 10 जून 2024 को अनुमति दी गई थी। पाइपलाइन डालने का जब 80 प्रतिशत कार्य हो जाने के बाद एयरफोर्स कार्यालय की ओर से 29 जून को नगर पंचायत कार्यालय को पूर्व में दी गई अनुमति को अमान्य करने का पत्र भेज दिया गया। जल निकास के जनहित से जुड़े मुद्दे को लेकर धरने में सपा के पूर्व विधायक राजेंद्र यादव, बीकेटी प्रधान संघ के अध्यक्ष आदर्श सिंह क्षेत्र के प्रधानों के साथ शामिल हुए। बीकेटी नगर पंचायत के अध्यक्ष द्वारा एसडीएम सतीश चंद्र त्रिपाठी को ज्ञापन देकर समस्या का समाधान कराने की मांग की गई।



संत सम्मेलन के साथ माधव मंदिर का वार्षिक उत्सव सम्पन्न

### वैदिक ग्रंथों को प्रचार प्रसार बेहद जरूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोगों में वैदिक ग्रंथों का प्रचार प्रसार करने और उसका गहन अध्ययन कराने की बहुत जरूरत है। लोग इससे दूर होते जा रहे हैं। यह बात डालीगंज स्थित माधव मंदिर के पांच दिवसीय वार्षिक उत्सव में संत सम्मेलन में पवन शास्त्री ने कही। सम्मेलन में शामिल होने के लिए दो सौ से अधिक संत मंदिर पहुंचे। सम्मेलन में महंत चन्द्रिका दास कोतवाल ने सर्वधर्म सद्भावना को बढ़ाने की बात कही। संत सम्मेलन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें मंदिर प्रबंधन से जुड़े पदाधिकारियों ने आये हुए सभी संतों को भोजन कराया। इस मौके पर बिहारी लाल साहू, गोविन्द साहू, भारत भूषण गुप्ता, श्याम जी साहू, अनुराग साहू, ओंकार जायसवाल, राकेश साहू, माया आनंद, दिनेश अग्रवाल, निशांत शुक्ला और अमन साहू आदि मौजूद रहे।

### घर के अंदर युवक ने खुद को गोली मारकर दे दी जान

**अमृत विचार, सीतापुर :** कोतवाली क्षेत्र में एक युवक ने घर के अंदर खुद को अवैध असलहे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। फायर की आवाज सुनने के बाद परिजन घर के अंदर घुसे तो बेटे का रक्तरंजित शव पड़ा देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने असलहा बरामद करते हुए शव को पीएम के लिए भेज दिया। क्षेत्र के ग्राम उरदौली निवासी दिलीप कश्यप सड़क पर अंडे की दुकान चलाते हैं। उनका बेटा अमित (30) लकड़ी का कारोबार करता है। बताया जाता है कि रविवार की देर शाम युवक अमित तनाव की स्थिति में घर के अंदर दाखिल हुआ और कमरे में अवैध असलहे से गोली मार ली। परिजनों ने बताया कि बीते कई माह से उसकी पत्नी बच्चों सहित मायके में थी। गोली की आवाज सुनने के बाद परिजन घर के अंदर दाखिल हुए तो बरामदे में अमित का शव पड़ा था और पास में पड़ा अवैध असलहा भी मामले की हकीकत बयां कर रहा था। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने असलहा जब्त करते हुए मामले में जांच-पड़ताल शुरू की है। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर नमूने इकट्ठा किए हैं। अमित की आत्महत्या का कारण क्या है, कहना मुश्किल है। लेकिन घटना के बाद कई तरह की चर्चाएं सामने आ रही हैं। प्रभारी निरीक्षक अपराध अमर सिंह ने बताया किअमित ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की है। मौके से अवैध असलहा भी बरामद हुआ है।

### गड़ासे से गला काटकर पिता की हत्या

**अमृत विचार, सीतापुर :** मानपुर थाना इलाके में संपत्ति विवाद के चलते कलयुगी बेटे ने पिता की गड़ासे (धारदार हथियार) से गला काटकर हत्या कर दी। छोटे बेटे ने बड़े भाई और उसकी पत्नी पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी बेटे और उसकी पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर निवासी रामपाल यादव (65) वर्ष पुत्र छेद्दू के दो बेटे बड़ा बेटा राम सुशील यादव और छोटा बेटा मिथलेश यादव दोनों की शादी हो चुकी है।



मानस मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना।

# तीसरी बार मोदी सरकार का श्रेय मतदाताओं व कार्यकर्ताओं को

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**कार्यक्रम**

- लखनऊ उत्तर में भाजपा का मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम, पुष्पवर्षा कर जताया आभार
- पार्टी के प्रतिबद्ध कार्यकर्ताओं और समर्थकों को जीत का असली नायक बताया

**अमृत विचार:** तीसरी बार मोदी सरकार का नारा साकार करने में भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत है। अगर भाजपा जीती है तो इसका श्रेय मतदाताओं को जाता है। यह बात डालीगंज स्थित मानस मंदिर परिसर में आयोजित विधानसभा स्तरीय मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कही।

उन्होंने कहा कि उन सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निभाई। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने पार्टी के प्रतिबद्ध कार्यकर्ताओं और समर्थकों को जीत का असली नायक बताया। क्षेत्रीय विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि लखनऊ उत्तर क्षेत्र में भाजपा को विधानसभा चुनाव से भी अधिक मत मिले। राजनाथ सिंह के नेतृत्व में हुए लखनऊ के ऐतिहासिक विकास और सेवा कार्यों को जनता ने अपना आशीर्वाद दिया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ किया गया। इस दौरान महामंत्री रामऔतार कनौजिया, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, भाजपा महानगर उपाध्यक्ष सौरभ वाल्मीकि, घनश्याम अग्रवाल, डॉ. शैलेंद्र शर्मा अटल, दिनेश तिवारी लवकुश त्रिवेदी, रामशरण सिंह आदि मौजूद रहे।

### टहल रहे युवक को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

**अमृत विचार,हरदोई :** शाम को खाना खाने के बाद युवक अपने घर के बाहर सड़क पर टहल रहा था। उसी बीच तेज़ रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। उसे एम्बुलेंस-108 से सीएचसी मल्लावां भेजा गया, लेकिन वहां पहुंचते ही मौत हो गई। युवक पेशे से ड्राइवर था। कासिमपुर थाने के गौसगंज निवासी 40 वर्षीय आनन्द शुक्ला अपने दो भाइयों में बड़ा था।

# इमरजेंसी ड्यूटी छोड़ दोस्त के साथ चली गई नर्स, मरीज करते रहे इंतजार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अस्पताल परिसर में स्कूटी और मोबाइल मिलने पर परिजनों ने अनहोनी की जताई आशंका
- बवाल बढ़ने पर नर्स ने पिता के मोबाइल पर मैसेज कर दी जानकारी

**अमृत विचार :** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल की एक नर्स रात में इमरजेंसी ड्यूटी छोड़ कर चली गई। सुबह घर न पहुंचने पर पिता पुलिस को लेकर अस्पताल पहुंचे और कर्मियों पर उसे गायब करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। कैमरे खंगालने पर दोस्त के संग जाने की पुष्टि हुई। पिता के मोबाइल पर जब नर्स ने मैसेज किया तो परिजन व अस्पताल प्रशासन ने राहत की सांस ली।

एनएचएम के तहत बीते मार्च महीने में 54 स्टॉफ नर्स सिविल अस्पताल में तैनात की गईं थीं। इसमें एक नर्स को इमरजेंसी में तैनात किया गया था। शनिवार आधी रात को इमरजेंसी में करीब 20 मरीज भर्ती थे। ऑन ड्यूटी नर्स की जब जरूरत पड़ी तो वो वहां नहीं मिली, तो दूसरे सहकर्मी ने उसकी खोजबीन की, नर्स के नंबर पर कॉल किया, लेकिन वह बंद आ रहा था।

सुबह जब नर्स घर नहीं पहुंची तो पिता पुलिस के साथ अस्पताल में निदेशक-सीएमएस से मिले। पिता ने कर्मियों पर आरोप लगाया कि उसे गायब कर दिया होगा। तब अस्पताल के कैमरे खंगाले, जिससे पता चला कि परिसर में अपनी स्कूटी में मोबाइल छोड़कर दोस्त के साथ चली गई। मामला बढ़ता देख नर्स ने दूसरे नंबर से अपने पिता के नंबर पर मैसेज किया और अपनी मर्जी से जाने की बात लिखी और तलाशने के लिए मना किया। इसके बाद मामला शांत हुआ।

सीएमएस डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने बताया नर्स की अभी अनुपस्थिति लगा दी गई है। पूरे मामले की रिपोर्ट एनएचएम के साथ शासन को भी भेजी जाएगी। इसके बाद इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 9 से 18 नवम्बर तक होगा उत्तराखंड महोत्सव

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तराखण्ड महापरिषद की सोमवार को उत्तराखण्ड महापरिषद भवन में हुई आम सभा की बैठक में उत्तराखण्ड महोत्सव के बारे में निर्णय लिया गया। इस बार 9 नवम्बर से 18 नवम्बर तक उत्तराखंड महोत्सव मनाया जाएगा. महोत्सव का उद्घाटन उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मुख्यमंत्रियों से कराया जाना प्रस्तावित किया गया है। उत्तराखण्ड महापरिषद के उपाध्यक्ष पूरन सिंह जीना ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी उत्तराखण्ड महापरिषद की स्मारिका उत्तराखण्ड दर्पण प्रकृति नमन विशेषांक प्रकाशित किया जायेगा. जिसका विमोचन मुख्य अतिथि द्वारा किया जायेगा। उत्तराखण्ड महोत्सव 2024 में भारत के विभिन्न प्रांतो के हस्तशिल्पियों द्वारा निर्मित हस्त शिल्प उत्पाद, जैविक उत्पाद तथा भारत के विभिन्न प्रान्तों के लोक संस्कृति की प्रस्तुतियां, डांस उत्तराखण्ड डांस तथा वाइस ऑफ उत्तराखण्ड प्रतियोगिता भी आयोजित की जायेगी।

# कैसे बच गए होटल अग्निकांड के दोषी अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दो बार हुई जांच में अधिकारी व अभियंता समेत 39 मिले थे दोषी
- जांच के दौरान चलता रहा पत्राचार का खेल, कई हो गए सेवानिवृत्त

**अमृत विचार :** चारबाग में अवैध रूप से बने होटल एसएसजे इंटरनेशन व होटल विराट में अग्निकांड के दोषी लखनऊ विकास प्राधिकरण के 39 अधिकारी व अभियंता में ज्यादातर सेवानिवृत्त होने के साथ बरी हो गए। सवाल इस बात का इस अग्निकांड में सात लोगों की जलकर मौत हुई थी और छह झुलस गए थे। इसके बाद भी दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई।

दोनों होटल बिना मानचित्र के अगल-बगल बनाए गए थे। जहां आग व अन्य सुरक्षा के इंतजाम नहीं थे। इसके बाद भी बनकर खड़े हो गए और नियमों को ताक पर रखकर संचालन होता रहा। प्रवर्तन कार्य में लापरवाही कहें या मिलीभगत नतीजा 19 जून 2018 को दोनों होटल में आग लगने से सात लोगों की जलकर मौत हो गई थी, जबकि छह लोग झुलस गए थे। उस समय मामले की जांच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर तत्कालीन एडीजी लखनऊ जोन राजीव कृष्ण व एलडीए उपाध्यक्ष पीएन सिंह की थी। इस हादसे में प्राधिकरण में अधिकारी, अभियंता व कर्मचारी समेत 24 दोषी मिले थे। इनके कार्यकाल में निर्माण हुआ और कार्रवाई नहीं की गई।

इसके बाद शासन ने दूसरी बार जांच आवास विकास परिषद के एफसी धर्मेंद्र वर्मा से नए सिरे से कराई तो एलडीए के 30 अभियंता, नौ अधिकारी व कर्मचारी समेत 39 दोषी मिले थे। फिरभी इन पर कार्रवाई नहीं हुई बल्कि पूरा प्रकरण पत्राचार में उलझा रहा और दोषी बरी हो गए।

### ये हो चुके सेवानिवृत्त

इस अग्निकांड में दोषी मिले अधिशासी अभियंता वकील अहमद, अरुण कुमार सिंह व दुर्गेश श्रीवास्तव, सहायक अभियंता प्रमोद गुप्ता व ओपी गुप्ता, अवर अभियंता रविंद्र सिंह, अनिल मिश्रा, जीडी सिंह समेत कई सेवानिवृत्त हो चुके हैं तो कुछ की मृत्यु हो चुकी है।

आक्रोशपरिवादाभ्यां विहिंसन्त्यबुधा बुधान्।
वक्ता पापमुपादत्ते क्षममाणो विमुच्यते॥

मूर्ख लोग ज्ञानियों को बुरा-भला कहकर उन्हें दु:ख पहुंचाते हैं। इस पर भी ज्ञानीजन उन्हें माफ कर देते हैं। माफ करने वाला तो पाप से मुक्त हो जाता है और निंदक को पाप लगता है।

## संपादकीय

# कश्मीर में आतंक

जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ लगातार विशेष ऑपरेशन चलाया जा रहा है लेकिन आतंकवाद अब भी कायम है। सोमवार को जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के सुदूर माचेड़ी इलाके में आतंकवादियों ने सेना के वाहनों पर गोलीबारी की। गोलीबारी में दो सैनिक घायल हो गए। आतंकवादियों की यह हरकत पुलवामा हमले जैसी थी। यह इलाका भारतीय सेना की 9वीं कोर के अंतर्गत आता है। एक दिन पहले रविवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में आतंकवादियों ने राजौरी जिले के मंजाकोट इलाके के गुलाठी गांव में प्रादेशिक सेना के शिविर पर सुबह करीब चार बजे गोलीबारी की। गोलीबारी में एक सैनिक घायल हो गया। जम्मू-कश्मीर में हाल के आतंकवादी हमलों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। एक ओर सरकार का दावा है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद से लड़ाई अंतिम चरण में है, बीते 10 वर्षों में आतंकी घटनाओं में बड़े स्तर पर कमी आई है। लेकिन हर आतंकी हमले के बाद सरकार के दावे खोखले नजर आते हैं। जम्मू-कश्मीर में अब अशांति पैदा करने के लिए पाकिस्तान नई साजिश रच रहा है। आतंकवादी अब ज्यादा घातक हथियारों का इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि राज्य में भय के माहौल का स्तर पांच साल पहले की तुलना में कम है। पिछले दिनों मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने छह आतंकियों को मार गिराया था। दो जवान भी शहीद हुए थे। अधिकारियों के अनुसार, मारे गए आतंकी हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े थे। इनमें एक पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादी संगठन का स्थानीय कमांडर भी था। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी आरआर स्वैन ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में आतंकवादियों को मार गिराना बड़ी उपलब्धि है। सुरक्षा माहौल को मजबूत करने की दिशा में यह मील का पत्थर है। स्वैन ने कहा कि ऑपरेशन की सफलता इस बात का संकेत है कि जम्मू-कश्मीर में आतंक के खात्मे की लड़ाई अंजाम तक पहुंचेगी।

एक महीने में सुरक्षाबलों ने नौ आतंकियों को मारा है। फिर भी जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा को लेकर और सतर्क रहने की जरूरत है। राजौरी-पुंछ में सक्रिय आतंकवादी खास प्रशिक्षण प्राप्त हैं। आतंकियों का समर्थन करने वाले बड़ी चुनौती बनकर उभरे रहे हैं। पिछले दिनों गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षा एजेंसियों के बीच बिना किसी रुकावट के निरंतर समन्वय, कमजोर क्षेत्रों की पहचान और ऐसे क्षेत्रों की सुरक्षा चिंताओं को दूर करने पर जोर दिया। यह भी सही है कि जब तक वहां के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के समुचित प्रबंध नहीं किए जाते आतंकी संगठन उन्हें मोहरा बनाते रहेंगे।

# भ्रष्टाचार के अर्थशास्त्र को मूक सामाजिक स्वीकृति



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

हमें स्टीफन हॉकिन्ग की किताब ए ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ टाइम के बाद कॉसमॉस को पढ़ना होगा जिसे कार्ल सागां ने सन 1980 में प्रकाशित किया था। भारत में करप्शन की सच्ची कहानियां फिक्शन से भी अधिक रोमांचक हैं और इनका पाठक वर्ग बड़ा है।

मैंने नहीं सुना कि संसद ने भारत में करप्शन की एनॉटमी पर कभी अध्ययन करवाया और इसकी रिपोर्ट प्रकाशित की, सिवाय इन दस बिल के जो देश की सर्वोच्च संस्था में विचारार्थ लंबित हैं। मनुष्य की सोच और गतिविधि में सबसे प्रमुख है शॉर्टकट क्योंकि यह ऊर्जा की संरक्षण के सिद्धांत के अनुसार काम करता है। दूसरा कारण है छिप कर या बे-ईमानी करके धनसंग्रह की प्रवृत्ति, जो कि मनुष्यों ही नहीं पशुओं में भी नैसर्गिक है। इसलिए, रिश्वत, पेपर लीक आदि को इस नजरिए से देखें तो यह पूरी तरह से विज्ञान के सिद्धांतों पर आधारित है और मनुष्य का स्वभाव इसका समर्थन करता है।

करप्शन की टॉलरेंस किस वजह से है इसे जानने के लिए चंद उन पेपर्स को भी पढ़ना चाहिए जिन्हें चीन के उन स्कॉलर्स ने प्रकाशित किया है जो यूरोपियन यूनिवर्सिटीज में पढ़ते हैं जैसा कि कैंब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस द्वारा सन 2020 में प्रकाशित यूएन यूएन अंग की इस किताब -चाइनाज गिल्डिड एज-द पैराडॉक्स ऑफ़ इकॉनोमिक बूम एंड वास्ट करप्शन, से साबित होता है। रूस में भी जबरदस्त करप्शन है। भारत में करप्शन का स्केल और इंटेंसिटी, व्यापकता अर्थात इन्सिडेन्स एंड प्रिवेलेंस व्यापक है और इसकी ऐतिहासिकता वेलफेयर और डेमोक्रेटिक स्टेट के लिए चिन्तीय और अवनतिकारक है।

हमें स्टीफन हॉकिन्ग की किताब ए ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ़ टाइम के बाद कॉसमॉस को पढ़ना होगा जिसे कार्ल सागां ने सन 1980 में प्रकाशित किया था। भारत में करप्शन की सच्ची कहानियां फिक्शन से भी अधिक रोमांचक हैं और इनका पाठक वर्ग बड़ा है। एक बात यह कि नीट के रद्द और नए पर्चे के कंटेंट डिजाइन अर्थात प्रश्नों में शत प्रतिशत भिन्नता होने की संभावना के कारण परीक्षार्थियों के रेस्पांस का आकलन भी भिन्न हो जाएगा। पहली बार के पर्चे में जो परीक्षार्थी बेहतर परफॉर्म करने के बाद जितना स्कोर हासिल कर पाते वह दूसरी बार के पर्चे में दिए गए प्रश्नों में कुछ को सोल्व नहीं कर पाते तो इनकी स्कोरिंग नीची होने की प्रबल संभावना है। इस विशाल अंतर की क्षतिपूर्ति कैसे होगी और कौन, कब, किस फॉर्म में करेगा? इसलिए न तो वस्तुस्थिति के बारीक परीक्षण से काम चलता है और न ही अलग-अलग साइज़ के कंकड़ों को एक पात्र में डालकर हिलाने से बड़े साइज़ वाले ऊपर आएंगे और बारीक एवं छोटे साइज़ के नीचे चले जाएंगे। साधनहीन, विपन्न, एवरेज मनुष्य कुछ न कर पाएगा क्योंकि उसने खुद को कानून के दायरे में जकड़ लिया है, ऐसा सोशल साइकोलॉजिस्ट्स का कहना है।

> भारत में करप्शन आज से थोड़े ही है। कौटिल्य ने चन्द्रगुप्त मौर्य की सेना के लॉजिस्टिक्स और ऑर्डनेन्स विभाग में करप्शन होने के और इसे रोकने की व्यवस्था के प्रमाण 'अर्थशास्त्र' में दिए हैं। इस्लामिक स्टेट, मुग़ल राज और अंग्रेजों के समय में करप्शन का आधार पर बहुत काम होते थे। ईस्ट इंडिया कंपनी के अनेक अंग्रेज़ अधिकारी भी भ्रष्ट रहे।

रिश्वतखोरी या बे-ईमानी अगर स्वभावगत तो इस पर अंकुश इसलिए होता है कि न्याय की हानि न हो। लेकिन न्याय तो अब व्यक्ति-सापेक्ष हो गया है, प्रकृति सापेक्ष नहीं रहा। इसलिए भाई लोगों जितना भ्रष्ट आचरण कर सकते हैं, करें। डरें नहीं, क्योंकि न्याय सुनिश्चित करने वाले संपन्न और ताकतवर व्यक्ति ही इसे मोल्ड करके खुद के लिए अनंत सुख की कामना ही नहीं बल्कि छीनने का जुगाड़ को सही मानते हैं। इसलिए आधुनिक अर्थव्यवस्थाओं को एक समाजशास्त्री ने इकॉनमी ऑफ़ कम्फर्ट, एनरूट वाया करप्शन कहा है। मुझ जैसे अल्प समझ वाले व्यक्ति को यह ख्याल सही लगता है। लेकिन, करप्शन के लिए भीरूपन नहीं बल्कि साहस की जरूरत होती है। करप्शन को फिजिक्स के बाद अगर बायोलॉजी और केमिस्ट्री के नजरिए से देखा जाए तो हमें जेनेटिक्स और परिवेशिकी एवं न्यूरो-फिजियोलॉजी के रहस्य में जाकर मॉलिक्यूलर लेवल तक भी उतरना होगा। करप्शन, बहुत लोगों का जेनेटिक ट्रेंड बन चुका है और प्रसन्नता, सुख और भय की केमिस्ट्री तो व्यक्ति के लिए जानलेवा होती है। भारत के मनीषियों का यह कथन सही है कि अन्याय को कुदरत बर्दाश्त नहीं करती और कथित विप्लव, बेशक व्यक्ति के मन के भीतर है, परिवार में है, समाज में है, पॉलिटिक्स में है, बिजनेस में या फिर अंतर्देशीय संबंधों में है, कुदरती तौर पर सुधार के एक कदम के रूप में प्रकट होकर सब-कुछ बराबर कर देता है।

भारत में करप्शन को रोकने के प्रयासों के बावजूद यह बढ़ी है। इस बारे में रिसर्च भी बहुत हुई है, लेकिन जब तक इसकी स्ट्रक्चर और सोशल एक्सेप्टेन्स की वजहों पर दीप रिसर्च नहीं की जाएगी तब तक मोदी जैसे व्यक्ति होने के बावजूद इसका ढांचा ढहेगा नहीं। मेरे हिसाब से छिपे तौर से मोदी राज में भी भाजपा शासन वाले प्रान्तों में बहुत करप्शन हुई है, क्योंकि इसके बिना काम होते ही नहीं। आधे से अधिक कर्मचारी काम करने के पैसे लेते हैं और दफ्तर अटेंड करने के लिए तनख्वाह। जो रिश्वत लेने की हिम्मत नहीं रखते और इनके पास रिश्वत लेने वाली सीट नहीं है, वे लोग लेथार्जिक हैं या ढर्रे पर काम करते हैं। चाइनीज पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन रिव्यु जैसे जर्नल हमारे यहां नहीं है। कम्पेरेटिव पॉलिटिक्स जर्नल में प्रकाशित पर्चा 'रिफार्म, स्टेट एंड करप्शन -इज करप्शन लेस डेस्ट्रक्टिव इन चाइना दैन रूस?' और चाइनीज पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन रिव्यु के दिसम्बर 2018 के अंक में प्रकाशित स्टडी 'करप्शन एंड एंटी-करप्शन रिसर्च इन चाइना -ए क्रिटिकल रिव्यु ऑफ़ चाइनीज टॉप जर्नल पब्लिकेशन्ज़ (1989-2017) को पढ़ने बहुत कुछ मालूम होता है।

भारत में करप्शन आज से थोड़े ही है। कौटिल्य ने चन्द्रगुप्त मौर्य की सेना के लॉजिस्टिक्स और ऑर्डनेन्स विभाग में करप्शन होने के और इसे रोकने की व्यवस्था के प्रमाण 'अर्थशास्त्र' में दिए हैं। इस्लामिक स्टेट, मुग़ल राज और अंग्रेजों के समय में करप्शन का आधार पर बहुत काम होते थे। ईस्ट इंडिया कंपनी के अनेक अंग्रेज़ अधिकारी भी भ्रष्ट रहे। इनमें से कोलब्रुक केस तो मशहूर है जो मालखाने से अपने लिए शानदार वस्तुओं को मामूली दाम देकर लेता था।

सन 2002 में 102 देशों में व्याप्त भ्रष्टाचार की मात्रा और फ्रीक्वेंसी के अनुसार तैयार की गयी सूची में हमारा रैंक नंबर 71वां था। मुझे रेश्यो और प्रोपोर्शेनेट कैलकुलेट नहीं करना आता, परन्तु मुझे यह शक है कि नई गणना के समय 61 नए देशों को शामिल न करके 41 उन्हीं देशों के बीच में तुलना करनी चाहिए थी जिनसे पहली पार की गई थे। अन्य स्रोतों से यह जाहिर है कि सांख्यकी अध्ययनों के अनुसार भारत में उक्त अवधि के समापन के बाद इसका इन्सिडेन्स और प्रिवेलेंस बढ़ने से भ्रष्टाचार की वॉल्यूम दुगनी हो गई। देश में प्रशासकीय स्तर पर कर्मचारियों के लिए जो भी कण्ट्रोल, क्लासिफिकेशन एंड अपील रूल्स और कंडक्ट रूल्स हैं वे सिर्फ आंशिक रूप से सक्रिय किये जाते हैं। नेशनल क्राइम रिकाड्र्स ब्यूरो के अनुसार हरियाणा में भाजपा के शासन काल 2021-2022 के दौरान ही करप्शन के केस तीन गुणा हुए हैं।

सन 2021 में इनकी संख्या 79 थी जो अगले साल बढ़कर 246 हो गई (इंडियन एक्सप्रेस, 5दिसंबर, 2023)। प्रशासन की चुस्ती या निगहबानी और एंटी-करप्शन मैकेनिज्म की सक्रियता के नाते से नहीं बल्कि भ्रष्टाचार बढ़ने की वजहों के नाते से इस संख्या को समझने की जरूरत अधिक है। यह अधिक चिंताजनक है कि रिश्वत के आरोपों में अकसर ही छोटे स्तर के कर्चारियों को पकड़ा जाता है और बड़ी मछलियां जाल में फंसने से बच जाती है। इंडिया पालिसी फोरम की सन 2014-15 संकलित की गई एक रिपोर्ट करप्शन इन इंडिया -ब्रिजिंग रिसर्च एविडेंस एंड पालिसी आप्शन्स में कहा गया है कि आमजन का भ्रष्टाचार के प्रति जैसा नज़रिया है उसकी पुष्टिकरण के लिए अकादमीय दृष्टि से पर्याप्त और मजबूत सबूत हैं।

कोर्ट केस, डाक्यूमेंट्री प्रूफ, ब्यान और मौके की गवाही के अलावा मटेरियल वेल्थ की रिकवरी इस बारे में पर्याप्त आधार देती है कि देश में करप्शन की स्ट्रक्चर और व्याप्तता की सीमाओं का विस्तार हुआ है। खेद की बात है कि कार्रवाई करने वाली एजेंसीज से संबद्ध कुछेक जांच अधिकारी साक्ष्य मिटाने और नष्ट करने या कार्रवाई न करने के एवज में भारी रिश्वत लेते हैं। रिश्वत के आरोप को हल्का करके भरपाई करने का प्रयास पूरी शक्ति से किया जाता। अफसर लोग अपने साथियों को बचाते हैं। 85 पन्नों की यह रिपोर्ट देश में करप्शन की स्ट्रक्चर को न केवल उघाडती है बल्कि इसमें बढ़ोतरी के संकेत भी देती है। इस रिपोर्ट के समर्थन में 100 से अधिक रिसर्च पेपर्स, रिपोर्ट्स और दस्तावेजों का सन्दर्भ देकर इसे अकाट्य और विश्वसनीय बनाया गया है।

## प्रसंगवश

# हिंसक होते वन्य जीव

पिछले दिनों उत्तराखंड में बाघ ने एक आठ वर्ष के बच्चे को अपना निवाला बना लिया। उत्तराखंड के अलग-अलग क्षेत्रों में हिंसक वन्य जीवों के मानव पर हमले लगातार बने हुए हैं। कुमाऊं व गढ़वाल मंडल के पहाड़ी इलाकों से लगे गांवों में बाघ और गुलदार का आतंक बना हुआ है। बीते कुछ माह मे हिंसक हुए इन वन्य जीवों ने कई महिलाओं और पालतू जानवरों पर हमला कर उन्हें घायल या अपना शिकार बनाया है। पिछले तीन माह में ही बाघ नैनीताल जनपद के भीमताल ब्लाक में दो महिलाओं और एक युवती को अपना शिकार बना चुका है। जब यह घटनाएं हुई तो लोग सड़कों पर उतर आए। जंगली जीव अपना प्राकृतिक आवास जंगल को छोड़कर हमारे क्षेत्र में क्यों आ रहे है,यह भी हमें सोचना और समझना होगा। बाघ और गुलदार का मानव के साथ संघर्ष पिछले कुछ सालों में काफी बढ़ा है। कुमाऊं से लेकर गढ़वाल तक फैले विश्व प्रसिद्ध जिम कार्बेट नेशनल पार्क से लगे गांवों में बाघ और गुलदार अक्सर देखे जाते हैं तथा वहां पर जंगल जाने वाली या खेतों में काम करने वाली महिलाओं पर जानलेवा हमला होना अब एक आम बात है। इन सबके बीच सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर बीते सालों में यह हमले क्यों बढ़े है और क्यों बाघ, गुलदार जंगल छोड़कर गांवों की ओर रुख कर रहे हैं? दरअसल कथित विकास की सोची समझी साजिश के तहत हमने पहाड़ खोद डाले हैं। बिना सोचे समझे जहां-तहां जंगल काटकर सड़कें बना दी गई हैं। सड़कें बनी तो जंगल के बीच में मकान, भवन और रिसोर्ट भी बनने लगे। जमीनें बिकने लगीं, बाहरी लोगों का प्रवेश हुआ तो जंगल में पेड़ कटने लगे और पेड़ों की जगह कंक्रीट के जंगल खड़े हो गए। इन रिसोर्ट और बंगलों में मनोरंजन के नाम पर कभी आतिशबाजी पार्टियां, तो कभी देर रात तक डीजे बजने लगा। शांत जंगल मे शोर होने लगा। नतीजतन वन्य जीवों के प्राकृतिक आवासों पर हमारा हस्तक्षेप बढ़ता गया। जाहिर है इसका नकारात्मक असर हुआ। जंगल का मूल जीवन ,उसकी इकोलॉजी डिस्टर्ब हुई तो जानवर जंगल छोड़ गांव की ओर आने लगे। जानवर अब डरे-डरे से है और हमारी नासमझी के कारण ही जंगल से पलायन को विवश हैं।



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

# श्रेष्ठ प्रबंधन पर निर्भर है आपदा नियंत्रण



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

> इसी तरह बरसात की बात करें तो चाहे नहर-नाले साफ करने की बात हो या पहाड़ों से भूस्खलन रोकने का प्रबंध और सड़कों की मरम्मत, सब बरसात आने पर ही याद आता है।

ग्लोबल वार्मिंग का असर आज आम आदमी को भी दिखने लगा है। इस साल जो भीषण गर्मी पड़ी,उसने हर किसी को प्रभावित किया। जंगलों में आग लगने की घटना ने विकराल रूप धारण कर लिया था। तमाम इंतजामात कुछ काम नहीं आए। कई वनकर्मियों और नागरिकों की जान भी गई। मैंने इस वर्ष उत्तराखंड की लंबी यात्राएं कीं। इस दौरान पिथौरागढ़, चंपावत, अल्मोड़ा, भीमताल,नैनीताल, मुनस्यारी और टिहरी सभी जगह जंगलों को जलते देखा। वन विभाग कर्मचारी प्रशिक्षण और सुविधाओं के अभाव में भी ड्यूटी निभाने के तहत आग बुझाते रहे पर जंगल नहीं बचा पाए। बिनसर क्षेत्र में 5-6 वन कर्मचारियों का झुलसकर जान गंवाना हृदय विदारक घटना थी।

इसी तरह बरसात की बात करें तो चाहे नहर-नाले साफ करने की बात हो या पहाड़ों से भूस्खलन रोकने का प्रबंध और सड़कों की मरम्मत,सब बरसात आने पर ही याद आता है। इधर कुछ दिनों की बारिश में ही आंतरिक सड़कें टूटकर ध्वस्त हो गई हैं। कुमाऊं क्षेत्र में लगभग 80 छोटी-बड़ी सड़कें बंद हैं,जिनमें गांवों को जोड़ने वाली ब्रांच सड़कें भी शामिल हैं। रानीखेत और रामनगर को जोड़ने वाला अंग्रेजों के जमाने का बना हुआ पुल भी बीते दिनों ढह गया। हल्द्वानी से मात्र 28 किलोमीटर दूर रेलवे का मुख्य स्टॉपेज लाल कुआं में पानी भर जाने से रेल यातायात बाधित रहा। व्यस्ततम भवाली-अल्मोड़ा हाईवे भी साल भर काम चलने के बावजूद भी बाधित होता रहता है। इसी तरह चारधाम और आदि कैलाश यात्रा भी स्थगित करनी पड़ी है। आपदाओं से बचने के लिए हमें पहाड़ों की प्रकृति को समझना पड़ेगा। उत्तराखंड के लगभग सभी पहाड़ अपनी युवावस्था में हैं। उन्हें परिपक्व होने में अभी वर्षों लगने हैं,पर लगातार सड़क विस्तारीकरण के कारण उन पर चोट की जा रही है, पेड़ काटे जा रहे हैं,जो गंभीर परिणामों को न्यौता देने वाली बात है। सड़क में मलवा आने से अक्सर यात्री मार्ग में फंस जाते हैं। कुमाऊं में काली, गोरी और सरयू नदी उफान पर है तो गढ़वाल क्षेत्र में अलकनंदा, मंदाकिनी और पिंडर का भी यही हाल है।

इस बार भी मानसून की शुरुआत से ही लगभग सभी जिलों से तबाही की खबरें आने लगी हैं। अपने आसपास अगर नैनीताल की बात करूं तो जलवायु परिवर्तन का असर इस शहर में पिछले कई वर्षों से दिखाई देने लगा है। मानसून की बारिश की प्रवृत्ति में भी अब काफी बदलाव आया है। पुराने समय में कई-कई दिनों तक लगातार बारिश होती थी जिसे स्थानीय भाषा में सतझड़ कहते थे,लेकिन आज के दौर में कुछ देर के लिए मूसलाधार बारिश हो जाती है,जो सब कुछ तहस-नहस कर देती है और फिर कई-कई दिनों तक सूखा पड़ जाता है। अगर पिछले 10 वर्षों की बात करें तो नैनीताल और इसके आसपास के क्षेत्र में बारिश का आंकड़ा घटकर मात्र 10 प्रतिशत रह गया है। यह सब जलवायु परिवर्तन का असर है और अंधाधुंध पर्यटन भी इसके लिए कहीं न कहीं जिम्मेदार है। जब नए-नए भवनों और रिसॉर्ट्स का निर्माण होगा तो परिणति यही होनी है। यहां की प्रसिद्ध लोअर मॉल रोड पिछले कई वर्षों से धंसती जा रही है। पाषाण देवी मंदिर के पास ठंडी सड़क में दो साल पहले जो भूस्खलन की शुरुआत हुई थी,उसकी पुनरावृत्ति हर साल हो रही है। इसने कुमाऊं विश्वविद्यालय के छात्रावास को भी अपनी जद में ले लिया है। तराई भाबर के क्षेत्र में जैसे-जैसे कृषि भूमि का रकबा कम हुआ,जल आपूर्ति करने वाली नहरों को अवैध तरीके से पाट दिया गया है, जिससे जल भराव की समस्या बढ़ रही है।

बरसात का मौसम अपने साथ कई बार जलजला लेकर आता है। कई मकानों और पुलों की बलि बरसात के मौसम में चढ़ जाती है। इसीलिए निर्माण कार्य में भी प्रबंधन की जरूरत है। बारिश इस तबाही का बहाना बन जाती है,लेकिन सच्चाई यह है कि निर्माण कार्य में इस्तेमाल की गई घटिया सामग्री और लापरवाही इसका मुख्य कारण होता है। बरसात का मौसम पोल खोलने का काम जरूर करता है। अंधाधुंध निर्माण के चलते पहाड़ियां यूं ही जर्जर अवस्था में हैं उस पर गर्मियों में लगने वाली आग इन्हें और कमजोर बना देती है। बोल्डर गिरने की घटनाएं बढ़ रही हैं जबकि ये बॉल्डर ही पहाड़ों को थामे रहते हैं। इनका गिरना मतलब पहाड़ों का कमजोर होना। आज पहाड़ की सहन क्षमता से अधिक पर्यटक यहां आ रहे हैं,जो एक गंभीर मुद्दा है। इन तमाम तथ्यों को ध्यान में रखकर एक ठोस प्रबंधन नीति जरूरी है,जो आपदा के मौसम की मार को कम कर सके।

## सोशल फोरम

# शिक्षा में सुधार के लिए

सरकार की नीति कहती है कि स्कूल सरकारी हो या प्राइवेट,उनमें पढ़ाने वाले शिक्षक ट्रेंड होने चाहिए। ट्रेंड मतलब बीएड, डीएलएड आदि। सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में स्पष्ट कर दिया है कि जो ट्रेंड नहीं है वह किसी भी स्कूल में पढ़ा नहीं सकता।

इन हाकिमों को देखना चाहिए कि सरकार के इस दिशा निर्देश का पालन प्राइवेट स्कूलों में हो रहा है या नहीं। अगर नहीं हो रहा है तो यह समाज और बच्चों के साथ धोखा है, साथ ही सरकार के प्रति अपराध है। हाकिमों को इन पर कार्रवाई करनी चाहिए, अखबार वालों को, टीवी और यू-ट्यूब वालों को ऐसी कार्रवाइयों के बारे में खबरें और वीडियो चलानी चाहिए।

आज के दौर में शहरों में रिक्शा वाले, खोमचे वाले, घरेलू नौकर का काम करने वाले तक अपने बच्चों को किसी प्राइवेट स्कूल में ही पढ़ाने की चाहत रखते हैं। ऐसे न जाने कितने पढ़ाते भी हैं। तमाम आर्थिक जद्दोजहद को झेलता लोअर मिडिल तो बड़ी संख्या में अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में ही भेजता है। यह वर्ग महंगी ही होती जाती फीस और अन्य तमाम शुल्कों से बुरी तरह हलकान है। उनकी मासिक आमदनी का बड़ा हिस्सा बच्चों की शिक्षा पर ही खर्च हो जा रहा है।

हाकिमों को देखना चाहिए कि सरकार के दिशा निर्देश, बच्चों को उपलब्ध सुविधाओं, शिक्षकों के वेतन स्तर आदि का मेल कैसा है इन प्राइवेट स्कूलों में। प्रिंसिपल से लेकर चपरासी तक,किसी को अंग्रेजी नहीं आती और तब भी अंग्रेजी स्कूल खोलकर अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा देने का दम भरने वाले स्कूल भी हजारों में हैं। ऐसे भी बहुतेरे प्राइवेट स्कूल हैं, जिनके शिक्षकों और शिक्षण का स्तर निम्न है। वे बड़ी मात्रा में अधकचरी जमात पैदा कर रहे हैं छात्रों की और इनका सबसे बड़ा शिकार लोअर मिडिल क्लास है। हाकिमों को यह सब देखना चाहिए। सिर्फ सरकारी मास्टरों को खूब-खूब टेंशन दे देने से शिक्षा नहीं सुधरने वाली। इन शिक्षकों के मानस और उनके हितों से भी सामंजस्य बिठाना होगा।

-फेसबुक वॉल से



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

# शिव, तुम्हारी गंगा कहां खो गई



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

> हमारे सामने एक जिम्मेदारी यह है कि उत्तर भारत से बाहर के लोगों को इस भय से कैसे मुक्त करें और बताएं कि आर्यावर्त के प्रतिरूप -'उत्तर भारतीय हिंदुत्व' जैसी कोई चीज कभी नहीं रही है।

हरिद्वार में एक प्रश्न यह जन्मा कि यदि हिमालय शिव का वास है तो इसका नाम 'हरद्वार' क्यों नहीं है? इसे हरिद्वार के रूप में क्यों लोकप्रिय बनाया गया? सिर्फ बद्रीनाथ (विष्णु) की वजह से इसे हरिद्वार नहीं कहा जा सकता, क्योंकि आगे केदारनाथ, कैलास- मानसरोवर और 'शिव की जटा' पर उतरी गंगा है। हिंदू धर्म में कम से कम दो प्रवृत्तियां स्पष्ट हैं, आक्रामक आत्मसातीकरण और प्रेमभरा अंतरमिश्रण। एक-एक समय कट्टर वैष्णवों ने दूसरे धार्मिक बिंबों का आक्रामक आत्मसातीकरण किया है। इसका एक उदाहरण 'हरद्वार' को 'हरिद्वार' बनाना है। इसी तरह प्रेमसक्त अंतरमिश्रण के उदाहरण हैं, हरि-हर और अर्धनारीश्वर के बिंब, शैव-वैष्णव विवाद का राम और शिव द्वारा एक-दूसरे की प्रशंसा के रूप में समाधान।

आक्रामक आत्मसातीकरण की प्रवृत्ति धर्म को मूल्यों की खोज की जगह कर्मकांड प्रधान तो बनाती ही है,उसे हिंसात्मक भी बना देती है और आज के दौर में व्यापार का उपजाऊ क्षेत्र भी। धर्म के दो पक्ष हैं-मूल्य चेतना और कर्मकांड। धर्म का महज कर्मकांड में सीमित होना धर्म का अंत है। जब भी धर्म-धर्म का बहुत शोर हो तो समझ लेना चाहिए,वहां सब है सिवाय धर्म के। मेरे लिए चिंता का विषय आक्रामक आत्मसातीकरण का नया रूप है,जो एकरूपतावादी स्वरूप है। यह 'उत्तर भारतीय हिंदुत्व' के आक्रमण का भ्रम पैदा कर रहा है । स्पष्ट है कि उत्तर भारत में सांस्कृतिक विविधता के साथ हिंदुओं की आस्थाओं और रीतियों में भी विविधता है।

वस्तुतः 'उत्तर भारतीय हिंदुत्व' जैसी कोई चीज नहीं है। अपनी विविधताओं और अंतरमिश्रण के साथ हिंदू धर्म जरूर एक बड़ी वास्तविकता है। मेरा इससे सरोकार गर्व और शर्म से भिन्न है।

हमारे सामने एक जिम्मेदारी यह है कि उत्तर भारत से बाहर के लोगों को इस भय से कैसे मुक्त करें और बताएं कि आर्यावर्त के प्रतिरूप -'उत्तर भारतीय हिंदुत्व' जैसी कोई चीज कभी नहीं रही है। इससे जुड़े प्रचार हिंदुओं को ही संकुचित कर रहे हैं। मुझे हिंदू देवताओं में शिव सबसे ज्यादा प्रिय हैं। शिव एक गैर वैदिक उत्पत्ति के देवता हैं,पशुपति से विकसित, वैदिक रुद्र और दक्षिण भारतीय नटराज आदि के बिंबों से अंतरमिश्रित। दक्षिण में शिव भक्ति का प्रचार ज्यादा रहा है। कश्मीर में शैव दर्शन बना है, भले हिंदी क्षेत्र में कई बड़े शिव मंदिर हों। शिव से संबंधित जो कथाएं बाद में बनीं,उनसे स्पष्ट बोध हो सकता है कि दक्षिण-उत्तर संवाद कितना अर्थपूर्ण है। शिव का संबंध गंगा और कैलास से होना। दक्षिण-उत्तर के बीच धार्मिक सांस्कृतिक अंतरमिश्रण का एक बड़ा उदाहरण है। मुझे शिव इसलिए भी प्रिय हैं कि उनकी छवि भले संहारक की बनाई गई है,वे जरा भी मार-काट मचाने वाले देवता नहीं हैं,बल्कि काली की हिंसात्मकता को रोकने के लिए वे उनकी राह में सत्याग्रह करते दिखते हैं। वे स्वर्णाभूषण और राजमुकुट वाले देवता नहीं हैं, लोक देवता हैं और कई स्थानीय लोक परंपराओं के साथ उनका व्यापक अंतरमिश्रण होता है। वे सर्वसुलभ देवता हैं और सबसे कम हथियाए जा सके हैं। एक और खूबी है, वे भोले हैं, सहज हैं, घर-परिवार वाले हैं। कोई अन्य देवता इस तरह घर-परिवार वाला नहीं है।

समुद्र मंथन में कोई ऐरावत ले गया, कोई लक्ष्मी ले गया, कोई अमृत ले गया, शिव के हिस्से में जहर आया। उन्हें नीलकंठ कह कर महिमामंडित कर दिया गया,पर क्या किसी ने उनके विषपान के दर्द को पहचाना? यह मुक्त बाजार एक तरह का समुद्र मंथन ही तो है। कोई ऐरावत ले जाएगा, कोई लक्ष्मी ले जाएगा,करोड़ों लोगों के हिस्से में जीवन का हलाहल आएगा। हरिद्वार में एक जगह साधारण सा बना एक स्कूल देखा जिसका नाम 'संस्कृति स्कूल' है,पर यहां शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी है। धर्म की तरह संस्कृति की धारणा किस तरह सिकुड़ी है,इसका यह एक उदाहरण है। देहरादून में दून स्कूल है,जो इस देश के 'रुलर्स', शासक तैयार करता है,बड़े लोगों के बच्चे यहां पढ़ते हैं। दूसरी तरफ, हिंदी माध्यम के हजारों विद्यालय हैं,जो देश को चपरासी,क्लर्क,नर्स और झंडा ढोने वाला देते हैं। पूरे देश में राम का हल्ला है,पर यह देश तो हलाहल पी रहा शिव बना हुआ है। एक बार फिर गंगा की तरफ लौटें। गंगा को एक महान नदी कहने का अर्थ यह कभी नहीं होना चाहिए कि देश की नर्मदा, कृष्णा, कावेरी, गोदावरी आदि नदियां गौण हैं। सिर्फ गंगा के गुण गाना भारतवासी को सीमित करेगा, यह आक्रामक 'उत्तर भारतीय हिंदुत्व' का चिह्न होगा। फिर गंगा के सैकड़ों स्थानीय नाम हैं और बांग्लादेश में तो इस नदी का नाम पद्मा है। यह नहीं है कि भारत में वह हिंदू नदी है और बांग्लादेश में वह मुसलमान हो गई। नदियां, पहाड़, खेत, जंगल कभी हिंदू-मुसलमान नहीं होते।

मैं गंगा के किनारे कुछ नहीं,गंगा को ही ढूंढ रहा हूं। मुझे लगा कि मैं जैसे अपने ही घर में खो गया हूं। मेरे सांस्कृतिक असबाब मेरे घर से बाहर फेंक दिए गए हैं और हर तरफ अपरिचित चीजें भर गई हैं। इतना ताम-झाम, इतना ग्लैमर, इतने जयकारे, इतने नाट्य, इतने शक्तिशाली प्रचार हैं कि मेरी आवाज कौन सुनेगा! फिर भी हमें तूती की तरह बोलना तो होगा। तसल्ली यह हुई कि गंगा निर्विकार बह रही हैं। वह अपने संसार को पहले की ही तरह बचा रही हैं। इसी तरह कहीं नर्मदा बह रही होगी,कहीं गोदावरी बह रही होगी,कहीं कोसी बह रही होगी और सैकड़ों नदियां बह रही होंगी। वे बह-बह कर यही कहती हैं, धर्म को तालाब न बनाओ और न उसे बाढ़ बनाओ। गंगा की बाढ़ का पानी पवित्र नहीं होता।

# शारीरिक दृष्टि से अयोग्य होते व्यस्क

लगभग आधी व्यस्क आबादी शारीरिक दृष्टि से अयोग्य हो रही है। लांसेट ग्लोबल हेल्थ अध्ययन के अनुसार भारत में लगभग आधी व्यस्क आबादी 2030 तक शारीरिक रूप से अयोग्य हो जाएगी। शारीरिक रूप से निष्क्रिय हो रहे लोगों की संख्या 2000 में 22.3 प्रतिशत के मुकाबले 2022 में 49.4 प्रतिशत हो गई। भारत में इस मामले में महिलाओं की संख्या और भी ज्यादा है, जो लगभग 57 प्रतिशत है जबकि पुरुष 42 प्रतिशत शारीरिक रूप से अयोग्य पाए गए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार स्वस्थ रहने को एक व्यस्क को सप्ताह में 150 से 300 मिनट हल्की एक्सरसाइज की जरूरत है। ऐसा न करने से डायबिटीज और हार्ट की समस्या बढ़ने की आशंका रहती है। वर्ल्ड स्टेटिक्स के आंकड़ों के अनुसार भारत में जिम में जाकर एक्सरसाइज करने वालो की संख्या मात्र 50 लाख ही है,जो की पूरे विश्व के मुकाबले काफी कम है। जानकारों का मानना है कि स्वस्थ रहने के लिए सुबह-सुबह का टहलना और छोटे-छोटे व्यायाम करना व्यस्कों के लिए बहुत जरूरी है। साथ ही साथ अपने को फिट रखने के लिए जंक फूड के स्थान पर पौष्टिक आहार भी जरूरी है जैसे ताजा भोजन,दूध और दूध से निर्मित खाद्य पदार्थ, अंडे और अन्य प्रोटीन युक्त आहार आदि। अभी तक सबसे स्वस्थ देश नहीं होने के बावजूद,भारत 195 देशों में अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि के मामले में 12 वें स्थान पर है। भारतीय जनता में पहले से ही हृदय रोग और मधुमेह जैसी बीमारियों की प्रवृत्ति है। भारतीयों को दूसरों की तुलना में बहुत पहले पुरानी बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। व्यायाम बहुत जरूरी है,व्यायाम करेगा तभी तो स्वस्थ बनाएगा इंडिया।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

# सरयू लाल निशान के करीब, 53 सेमी ऊपर बह रही राप्ती

## नेपाल से छोड़े गए पानी से कछार में तबाही की आशंका ▶ बाढ़ से बचाव और राहत के लिए चिकित्सा विभाग ने 37 टीमें लगाईं

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** पहाड़ और नेपाल से छोड़े गए पानी से सरयू का जल स्तर लाल निशान के करीब पहुंच गया है। जलस्तर सोमवार शाम 46 सेमी दूर था। तेजी से बढ़ रहे पानी से कछार के लोग सुरक्षित स्थान तलाशने लगे हैं। जल स्तर में बढ़ोत्तरी इसी तरह रही तो सुबह तक सरयू का रौद्र रूप सामने आने की संभावना है। इससे सरयू के कछार में तबाही की आशंका है। जिला प्रशासन ने सरकारी मशीनरी को लगा दिया है। कछार के साथ तटबंधों की सुरक्षा का निर्देश दिया गया है।

सरयू में बाढ़ के पानी से रुदौली, सोहावल और सदर तहसील के तीन दर्जन गांव प्रभावित हो सकते हैं। जल स्तर बढ़ने के साथ ही नदी का फैलाव बढ़ गया है। रुदौली और सदर के कई गांवों के करीब पानी पहुंच गया है। कछार के कच्चे रास्तों पर पानी भर गया है। गांव में हलचल है। लोग सुरक्षित स्थानों की तलाश में लग गए हैं। कछार में बोई गई गन्ने की फसलों में भी पानी पहुंचने लगा है।


सरयू नदी का तेजी से बढ़ रहा जलस्तर। अमृत विचार

### सरयू के घाटों पर बढ़ाई गई सतर्कता

अयोध्या के घाटों पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर जल पुलिस और एसटीआरएफ की टीम ने सतर्कता बढ़ा दी है। पानी में उतरने से मना किया जाने लगा है। सीढ़ियों पर बढ़ते जल का स्तर के मद्देनजर घाटों के किनारे बैठे तीर्थ पुरोहित की चौकियों को हटाया जा रहा है। घाटों पर लगे अस्थाई चेंजिंग रूम भी दूर किया जा रहे हैं।


सरयू घाट से हटाया जा रहा अस्थाई चेंजिंग रूम। अमृत विचार

### पांच सेमी प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा जलस्तर

केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक सरयू नदी का जलस्तर पांच सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। सोमवार शाम चार बजे जलस्तर 92.270 मीटर पर पहुंच गया। सरयू का लाल निशान 92.270 मीटर पर है। केंद्रीय जल आयोग अवर अभियंता अमन चौधरी ने बताया कि सरयू नदी के जलस्तर बढ़ने का क्रम जारी रहा तो खतरे के निशान पर जल्द ही पहुंच जाएगी।

### सुरक्षित ठिकाने की तलाश में बाढ़ प्रभावित गांवों के लोग

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** सरयू नदी में पानी बढ़ते के साथ ही बाढ़ प्रभावित मूडाडीहा माझा, उरदहवा, पिपरी संग्राम, पूरे चेतन सलेमपुर, मडना माझा, बलुइया माझा, गिलन्ट, सेवरहवा, काजीपुर माझा, रामपुर पुआरी माझा गांवों में हलचल तेज हो गई है। लोग सुरक्षित ठिकाने की तलाश में लग गए हैं। बलुइया माझा के शत्रोहन निषाद, राहुल निषाद, सियाराम ,वीरेंद्र गंगाराम आदि ने कहा कि नदी बढ़ता पानी देखकर डर लगने लगा है। सुरक्षित ठिकानों की तलाश कर रहे हैं। बलुइया गांव जाने वाले रास्ते पर पानी भर गया है। मड़ना माझा के लेखपाल रामपाल ने कहा कि सूची बनाई जा रही है। समय रहते बाढ़ पीड़ितों को गांव से निकाल लिया जाएगा। अभी गांव में पानी नहीं भरा है।

## बाढ़ अपडेट

### राप्ती के तेज बहाव से कटी भिन्गा-मल्हीपुर सड़क

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** नेपाल के पानी से उफनाई राप्ती नदी के तेज बहाव के कारण भिन्गा से मल्हीपुर जाने वाली टु लेन सड़क वीरपुर के पास कट गई। जिससे आवागमन बंद हो गया। बीते दिनों में जनपद में जहां राप्ती नदी नेपाली पानी के कारण खतरे के निशान से एक मीटर 90 सेमी ऊपर पहुंच गई थी। जिससे जिले के कई गांवों में पानी घुस गया था। जैसे जैसे जलस्तर घटता गया कटान तेज हो गई। भारी बारिश के चलते जिले के कई सड़कों के ऊपर पानी बहने लगा था। बीती रात में पानी के तेज बहाव के कारण भिन्गा मल्हीपुर टू लेन सड़क वीरपुर के पास कट गई। लगभग एक किलोमीटर सड़क क्षतिग्रस्त हो गई।

### बाढ़ के कहर से बंद हुआ पलिया-भीरा मार्ग


पलिया-भीरा मार्ग पर चल रही नाव।

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** जिले में हुई बारिश और बनबसा बैराज से चार लाख क्यूसेक से अधिक छोड़े गए पानी की वजह से शारदा नदी में उफान आ गया है। वहीं जलस्तर बढ़ने से घाघरा और मोहाना नदी ने तबाही मचानी शुरू कर दी है। पलिया-भीरा मार्ग पर रपट पुल के ऊपर दो फुट पानी चलने से मुख्य मार्ग बंद कर दिया गया है। इससे पलिया इलाके का सीधा संपर्क भीरा और जिला मुख्यालय से कट गया है, जबकि निघासन होकर करीब 25 किलोमीटर का अतिरिक्त फेरा लगाकर जिला मुख्यालय पहुंचा जा सकता है। शारदा नदी और मोहाना नदी के उफान से पलिया व निघासन तहसील के करीब सौ से अधिक गांवों में बाढ़ का पानी पहुंच गया है। रास्तों पर डेढ़ से दो फुट पानी चलने लगा है।

## गोंडा में बल्ली के सहारे नहर पार कर रहे ग्रामीण

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** इटियाथोक ब्लॉक के ग्राम पंचायत शिवपुरिया के ग्रामीणों को एक गांव से दूसरे गांव तक जाने के लिए बल्ली का सहारा लेना पड़ रहा है। दरअसल गांव के बगल से निकली सरयू नहर पर पुल न होने से यहां के लोगों ने नहर पर बल्ली रखकर अस्थाई पुल बना दिया है और इसी पुल के सहारे जान जोखिम में डालकर एक गांव से दूसरे गांव तक पहुंच रहे हैं। इटियाथोक ब्लॉक के ग्राम पंचायत शिव पुरिया में करीब 20 वर्ष पहले सरयू नहर खोदी गयी थी। उसी समय गांव के लोगों ने संबंधित अधिकारियों से नहर पर पुलिया बनाए जाने की मांग की थी लेकिन तत्कालीन अफसरों ने ग्रामीणों की मांग को दरकिनार कर दिया और नहर खोद कर चले गए। इसके बाद शिव पुरिया व अमारे भरिया गांव के लोगों को आवागमन में समस्या खड़ी हो गई। अब एक गांव से दूसरे गांव तक जाने के लिए लोगों को कई किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी खराब हो जाती है।


गोंडा के शिवपुरिया गांव के बगल बनी नहर पर लकड़ी की अस्थायी पुलिया से गुजरता ग्रामीण। अमृत विचार

## बलरामपुर में 50 गांव बने टापू

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** भारी बारिश में नेपाल से छोड़े गए पानी के कारण सोमवार को राप्ती नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 53 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया है। नदी के किनारे बसे गांवों पर बाढ़ का कहर टूटने लगा है। बाढ़ के चलते करीब 50 गांव टापू बन गए हैं। नदी की कटान के चलते लोग अपने हाथों से ही अपना आशियाना उजाड़ रहे हैं। गांव में पहाड़ी नाले की बाढ़ का पानी भरने से परिवार के लोग छतों पर शरण लिए हुए हैं। कई मार्गों पर आवागमन ठप हो गया है।


मदारगढ़ गांव में बाढ़ का पानी भरने से छतों पर शरण लिए लोग।

बलरामपुर शहर के आसपास बाढ़ का पानी भरने लगा है। बलरामपुर से तुलसीपुर जाने वाले नेशनल हाईवे 730 पर बाढ़ का पानी ओवरफ्लो कर रहा है। प्रशासन ने आवागमन के लिए नाव की व्यवस्था कराई है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।

सोमवार को जिला आपदा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, राप्ती नदी का जलस्तर खतरे के निशान 104.620 मीटर से 53 सेंटीमीटर ऊपर 105.050 मीटर पर पहुंच गया गया है। बाढ़ के चलते तुलसीपुर तहसील क्षेत्र के 15 सदर तहसील क्षेत्र के 26 तथा उतरौला तहसील क्षेत्र के करीब 9 गांव टापू बन गए हैं। कई गांव के रास्ते पानी भर जाने के कारण बंद हो गए हैं।

## सोना स्टॉक की लूट के खिलाफ कारोबारी एकजुट



राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोड़ा।

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के सोमवार को होटल ब्रिज में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में आभूषण कारोबारियों ने स्टॉक की लूट रोकने के लिए एकजुटता प्रदर्शित की। तय हुआ कि ऐसी घटनाओं की रोकथाम और अपराधियों को पकड़ने के लिए सोशल मीडिया के जरिए सूचना और सहायता का तंत्र बनाया जाएगा। सम्मेलन में 8 राज्यों के आभूषण कारोबारियों ने भाग लेते हुए सोना-चांदी के लिए देश भर में एक भाव सुनिश्चित करने और तस्करी रोकने के लिए कड़े कानून बनाए जाने की मांग की।

सम्मेलन में फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने कहा कि ज्वैलरी उद्योग संकट से जूझ रहा है। कई समस्याओं का तत्काल समाधान होना जरूरी है। उन्होंने कारोबारियों के साथ बढ़ती लूट पर चिंता जताई। राष्ट्रीय महासचिव नितिन केडिया ने कहा कि सरकार को आभूषण कारोबारियों के हित में कदम उठाने चाहिए। उन्होंने तस्करी और अवैध स्वर्ण व्यापार में कमी लाने, चेन स्नैचिंग और चोरी की घटनाएं रोकने, उद्योग में पारदर्शिता और जवाबदेही में वृद्धि, ईमानदार ज्वैलर्स को अनुचित प्रतिस्पर्धा से सुरक्षा जैसी मांगें उठाईं।

**राष्ट्रीय सम्मेलन**

### मुंबई में सोने-चांदी की सबसे बड़ी प्रदर्शनी 8 से

सम्मेलन में जेम एंड ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के संजीव भाटिया और अशोक सेठ ने बताया कि 8 से 13 अगस्त तक मुंबई में देश की सबसे बड़ी सोने-चांदी की प्रदर्शनी लगेगी। आदिकाश इंटरनेशनल के मनीष सिंह ने बताया कि चांदी की सबसे बड़ी प्रदर्शनी 'आगरा ज्वेलरी शो' ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के साथ मिलकर आगरा में 8 से 10 सितंबर तक आयोजित होगी।

## कुशाग्र के पिता और चाचा को देख लेने की दी धमकी

▶▶ 30 अक्टूबर 2023 को कुशाग्र की अपहरण के बाद की गई थी हत्या

▶▶ मास्टरमाइंड प्रभात के चाचा ने दी धमकी, एफआईआर के निर्देश

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर, अमृत विचार।** कुशाग्र कनोडिया हत्याकांड में जेल भेजे गए मास्टरमाइंड प्रभात के चाचा ने कोर्ट में पैरवी करने पहुंचे कुशाग्र के पिता और चाचा से गाली गलौज करने के साथ उन्हें देख लेने की धमकी दी। इस पर पीड़ितों ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर अफसरों से सुरक्षा की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई। एडिशनल पुलिस कमिश्नर कानून व्यवस्था हरीश चन्दर ने कोतवाली पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर जांच के आदेश दिए हैं। आचार्य नगर के एक अपार्टमेंट में रहने वाले सूरत के कपड़ा कारोबारी मनीष कनोडिया के बेटे कुशाग्र की 30 अक्टूबर 2023 को अपहरण के बाद हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में कुशाग्र की ट्यूशन टीचर रचिता वत्स, उसके प्रेमी प्रभात और साथी शिवा को जेल भेज दिया था। वर्तमान में एडीजे 17 की कोर्ट में गवाही चल रही है। कुशाग्र के चाचा सुमित कनोडिया लखनऊ से पैरवी कर रहे हैं।




पुलिस ऑफिस पहुंचे कुशाग्र के पिता मनीष व चाचा सुमित।

### फोन पर कह रहे थे... हम सबको निपटा देंगे

चाचा सुमित ने बताया कि सोमवार को त्रिपुरारी मिश्रा की कोर्ट में उनके चाचा संजय की गवाही थी। वह अपने बड़े भाई मनीष के साथ कोर्ट पहुंचे थे। वह और कुशाग्र के पिता मनीष कोर्ट के बाहर खड़े थे। उसी दौरान मास्टरमाइंड प्रभात के चाचा रामू शुक्ला फोन पर बात करते हुए किसी से कह रहे थे कि तुम परेशान न हो। तुम मेरे ऊपर से अपना हाथ न हटाना, हम सबको निपटा देंगे। इसके बाद बेवजह गालीगलौज शुरू कर दिया और देख लेने की धमकी दी।

## फल विक्रेता के बेटे का अपहरण, गिरफ्तार

**कानपुर, अमृत विचार।** बाबूपुरवा में रविवार दोपहर फल विक्रेता के बेटे को अगवा करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी युवक फल विक्रेता के बेटे को बहला फुसला कर बाइक में बिठा ले गया था। छोटे बेटे के शोर मचाने पर पिता ने आरोपी को पकड़ पुलिस को सौंपा।

बाबूपुरवा एम ब्लॉक निवासी सुनील राठौर की किदवई नगर चौराहे के पास फल की दुकान है। सुनील ने बताया कि रविवार दोपहर बेटा शोभित व अंश खाना लेकर आए थे। बच्चों को दुकान पर बैठा कर वह खाना खाने चले गए। इस बीच बाइक से आए एक व्यक्ति ने केले खरीदे, फिर बड़े बेटे शोभित को केले का थैला पकड़ कर चलने के बहाने अगवा कर लिया।

## सार-संक्षेप


कानपुर में 28 जुलाई को लघु उद्योग भारती कानपुर सम्भाग की होने वाली आमसभा के लिए लघु उद्योग भारती का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मिला। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल में शामिल कानपुर संभाग के अध्यक्ष अमन घई, प्रदेश उपाध्यक्ष हरेंद्र मूरजानी, जिलाध्यक्ष संदीप अरोड़ा व कानपुर देहात अध्यक्ष अनुराग मालवीय ने डिप्टी सीएम को आमसभा के लिए आमंत्रित किया। अमृत विचार

### अवध विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा कल

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय की पांच विषयों की प्रवेश परीक्षा को सकुशल कराने को लेकर सोमवार को केन्द्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों के साथ बैठक हुई। आवासीय प्रवेश परीक्षा समन्वयक प्रो. शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि 10 जुलाई को एलएलबी त्रिवर्षीय, बीफार्मा, डीफार्मा, एलएलएम, एमएड विषयों की प्रवेश परीक्षा होगी। दो पालियों की परीक्षा में कुल 7,189 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिसके लिए 12 केन्द्र बनाये गए हैं। केन्द्रों पर मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट्स पूरी तरह प्रतिबन्धित रहेंगे। परीक्षा की पारदर्शिता के लिए 12 केन्द्राध्यक्ष एवं 26 पर्यवेक्षक तैनात किए गए।

### उर्दू मिशन स्कूल में किया पौधरोपण

**बाराबंकी कार्यालय, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के क्रम में साप्ताहिक पीडीए वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता व महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुमैया राना ने समाजवादी साथियों के साथ सदर बाजार स्थित उर्दू मिशन स्कूल में पौधरोपण किया। इस मौके पर कानपुर की मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड, राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद अरशद एवं बाराबंकी की मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड, राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व छात्रनेता लखनऊ विवि छात्रसंघ दानिश सिद्दीकी, उर्दू मिशन स्कूल के अध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम, प्रिंसिपल मौलाना मुनाजिरुल सहित कई लोगों ने बच्चों के साथ पौधे लगाकर अखिलेश यादव के उज्जवल भविष्य की कामना की।


पौधा रोपित करतीं सपा नेत्री सुमैया राना।

## मंत्री संजय निषाद ने पकड़ा फर्जी भुगतान का मामला

▶▶ कैबिनेट मंत्री ने सहायक निदेशक मत्स्य कार्यालय का किया निरीक्षण, सीडीओ को जांच के दिए आदेश

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने सोमवार को सहायक निदेशक मत्स्य कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। मत्स्य विभाग की ओर से मत्स्य पालन सहित अन्य रोजगारपरक योजनाओं का प्रचार-प्रसार न किए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई। कार्यालय में सूचना पट न देखकर भी काफी नाराज दिखे। प्रपत्रों की जांच में पाया कि एक गांव में मत्स्य योजना का संचालन हुए बिना संबंधित को भुगतान कर दिया गया। विकास भवन पहुंचकर सीडीओ अजय कुमार से मिले और सभी खामियों पर जांच करने के आदेश दिए।

संजय निषाद सबसे पहले कार्यालय पर पहुंचे। प्रपत्रों की जांच की तो बढ़पुरा ब्लॉक के ग्राम मिहौली में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का संचालन हुए बिना संबंधित को पूरा भुगतान कर देने का मामला सामने आया। इसी के साथ केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं के प्रचार–प्रसार के बारे में जानकारी ली तो प्रचार-प्रसार धरातल पर जीरो नजर आया। उन्होंने शासन को रिपोर्ट देने की बात कही।


मत्स्य विभाग के कार्यालय का निरीक्षण करते कैबिनेट मंत्री संजय निषाद।

## आयुध नगरी बनने की ओर 'पूरब का मैनचेस्टर'

**210** हेक्टेयर से अधिक भूमि अलॉट | **10** हजार करोड़ से अधिक का निवेश | **218** हेक्टेयर से अधिक भूमि पर डिफेंस कॉरिडोर | **24** कंपनियों ने निवेश की इच्छा जताई | **1700** करोड़ से अधिक निवेश धरातल पर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

▶▶ 18 हजार से अधिक युवाओं को रक्षा उत्पादन सेक्टर में रोजगार का अवसर मिलने का खुला रास्ता

**अमृत विचार।** कभी 'पूरब का मैनचेस्टर' कहा जाने वाला कानपुर अब आयुध नगरी की पहचान बनाने की तरफ आगे बढ़ रहा है। देश को रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर तेजी से आकार ले रहा है। इसके प्रदेश में छह नोडल हैं, जिसमें कानपुर नोडल में सर्वाधिक निवेश हो रहा है। कानपुर नोडल में बड़े पैमाने पर रक्षा उत्पादों का निर्माण होगा। इसमें छोटे-बड़े हथियारों से लेकर गोला-बारूद और सैन्य बलों के लिए अत्याधुनिक सुरक्षित वस्त्रों का निर्माण भी शामिल है। इसके साथही कानपुर नोड में अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़े उपकरणों को भी निर्मित किया जाएगा।

नरवल तहसील के अंतर्गत साढ़ में 218 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है। यूपीडा के अधिकारियों के अनुसार अब तक यहां 24 कंपनियों ने निवेश की इच्छा जाहिर की है, जिसमें पांच कंपनियों ने निवेश शुरू करते हुए कार्य भी प्रारंभ कर दिया है। इनमें सबसे बड़ा नाम अदाणी समूह का है, जिसने बीते फरवरी माह से ही यहां अपनी फैक्ट्री शुरू कर दी है।

1500 करोड़ रुपये के निवेश से शुरू हुए इस प्रोजेक्ट के जरिए छोटे, मध्यम और बड़े कैलिबर के गोलाबारूद के विविध रेंज का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा 38 करोड़ रुपये से आधुनिक मैटेरियल एंड साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सैनिकों के लिए अत्याधुनिक सुरक्षित वस्त्रों के निर्माण का काम भी शुरू हो चुका है। 360 करोड़ रुपये से नेत्र ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड आर्टलरी शेल का निर्माण करेगी और 3500 करोड़ रुपये से अनंत टेक्नोलॉजी एलईओ और जीईओ सैटेलाइट निर्माण से जुड़े उपकरण तैयार करेगी।

### इन्फ्रास्ट्रक्चर पर 62 करोड़ रुपये होंगे खर्च

यूपीडा के अधिकारियों के अनुसान कानपुर नोडल के लिए अब तक 210 हेक्टेयर से अधिक भूमि अलॉट की जा चुकी है। डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के कानपुर नोड में 18 हजार से भी अधिक रोजगार सृजन होने की उम्मीद है। अब तक कुल 1700 करोड़ से अधिक का निवेश धरातल पर उतर चुका है, इससे फिलहाल ढाई हजार रोजगार युवाओं को प्राप्त हुए हैं। कानपुर नोड में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए प्रदेश सरकार 62 करोड़ रुपये खर्च कर रही है। इसमें से लगभग 33 करोड़ के कार्य पूरे हो चुके हैं। 16 करोड़ रुपये से अधिक के कार्य निर्माणाधीन हैं। 13 करोड़ के कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी है।



## 10,000 नॉन-एसी कोच बनाने की योजना

▶▶ यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे का बड़ा फैसला

नई दिल्ली

**अमृत विचार।** नॉन-एसी यात्रियों के लिये सुविधाएं बढ़ाने के लिये रेलवे ने बड़ा फैसला और प्रयास किया है। भारतीय रेल अगले दो वित्तीय वर्षों (2024-25 एवं 2025-26) में 10,000 नॉन-एसी कोच बनाने की योजना बना रही है। अगले दो वर्षों में नॉन-एसी कोचों की कुल संख्या में 22 प्रतिशत की वृद्धि की जायेगी।

2024-25 के लिए कुल उत्पादन की योजना : 2,605 सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच, 1,470 नॉन-एसी शयनयान कोच, 323 एसएलआर कोच, 32 उच्च क्षमता वाले पार्सल वैन एवं 55 पेंट्री कार इसमें यात्रियों की सुविधा में सुधार के लिये डिजाइन किये गये अमृत भारत सामान्य द्वितीय श्रेणी, शयनयान एवं एसएलआर कोच शामिल हैं।



2025-26 के लिए कुल उत्पादन की योजना : 2,710 सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच, 1,910 नॉन-एसी शयनयान कोच, 514 एसएलआर कोच, 200 उच्च क्षमता वाले पार्सल वैन एवं 110 पेंट्री कार सामान्य द्वितीय श्रेणी, शयनयान एवं एसएलआर कोच के लिये अमृत भारत श्रृंखला पर जोर जारी है।

## धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहा पति, शिकायत

**कानपुर, अमृत विचार।** सोमवार को पुलिस कमिश्नर ऑफिस पहुंची एक महिला ने युवक पर प्रेमजाल में फंसाकर शादी करने इसके बाद दुष्कर्म कर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का आरोप लगाया। एडिशनल पुलिस कमिश्नर कानून व्यवस्था को महिला ने प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर अफसर ने एसीपी पनकी को जांच के आदेश दिए।

कांशीराम कॉलोनी पनकी निवासी महिला ने आरोप लगाया कि जिस घर में वह रहती है उसी के तीसरे माले पर एक युवक रहता था। जिसने उससे दोस्ती की और प्रेमजाल में फंसाकर 28 अप्रैल 2024 को लखनऊ ले जाकर शादी कर ली। फिर ईसाई धर्म अपनाने के लिए दबाव बनाने लगा, कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला ने पनकी पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया।

## एक नजर

### बिहार में वज्रपात से 12 लोगों की मौत

**पटना :** बिहार के सात जिलों में पिछले 24 के दौरान वज्रपात की चपेट में आकर 12 लोगों की मौत हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वज्रपात से हुई इन मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए सोमवार को कहा कि आपदा की इस घड़ी में वह प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पिछले 24 घंटे के दौरान वज्रपात की चपेट में आकर जमुई और कैमूर में तीन-तीन, रोहतास में दो, सारण, सहरसा, भोजपुर और गोपालगंज में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई है। नीतीश कुमार ने मृतक के परिजनों को आज ही चार-चार लाख रूपये की अनुग्रह राशि देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी तरह से सतर्कता बरतें, वज्रपात से बचाव के लिए आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए सुझावों का अनुपालन करें, खराब मौसम के दौरान घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

### मध्य प्रदेश: 14 लाख रुपये का इनामी नक्सली ढेर

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में सोमवार को 14 लाख रुपये का इनामी नक्सली मारा गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। नक्सल विरोधी अभियान के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) जयदीप प्रसाद ने भोपाल में संवाददाताओं को बताया कि यह मुठभेड़ हट्टा थाना अंतर्गत कठियाटोला वन क्षेत्र में हुई। उन्होंने बताया कि राज्य पुलिस की हॉक फोर्स को सूचना मिली थी कि कुछ नक्सली राशन और दैनिक उपयोग की सामग्री लेने के लिए काठियाटोली गांव पहुंचे हैं। अधिकारी ने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान हॉक फोर्स ने जंगल में हुई मुठभेड़ में सोहन उर्फ उकास उर्फ आयुतु का ढेर हो गया। बाकी नक्सली भागने में सफल रहे।

# चीनी घुसपैठ पर केंद्र सरकार की चुप्पी खतरनाक : प्रियंका

नई दिल्ली, एजेंसी



▸▸ चीन ने भारतीय क्षेत्र में गांव भी बसा लिए लेकिन सरकार को नहीं नजर आ रहे

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने चीन की घुसपैठ पर चिंता जताते हुए कहा कि उसने भारतीय सीमा में गांव बसा लिए हैं और हमारी करीब चार हजार वर्ग किलोमीटर जमीन पर कब्जा कर लिया है, लेकिन मोदी सरकार इस मुद्दे पर चुप्पी साधे है।

प्रियंका ने कहा कि खबर यह भी है कि अरुणाचल प्रदेश में घुसपैठ की अपनी गतिविधियां जारी रखते हुए चीन अब लद्दाख क्षेत्र में भी बंकर बना रहा है। चीन सीमा पर हमारी पेट्रोलिंग के 65 प्वाइंट थे जिनमें से 26 पर उसका कब्जा हो गया है और अब वह अपनी सैन्य गतिविधि को ज्यादा चुस्त दुरुस्त कर रहा है। उन्होंने कहा, चीन ने भारतीय क्षेत्र में अपने गांव बसा लिए, बंकर भी बना रहा है। भारत की लगभग 4000 वर्ग किलोमीटर जमीन पर कब्जा कर लिया है। अरुणाचल प्रदेश की 30 जगहों के नाम बदलकर सूची जारी की।

एलएसी पर हमारे 65 पेट्रोलिंग पॉइन्ट्स में से 26 हम खो चुके हैं। ये सारी बातें मीडिया कह रहा है और ये सूचनाएं सार्वजनिक रूप से मौजूद हैं। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी अभी भी कह रहे हैं कि न कोई घुसा था, न कोई घुसा है। मोदी सरकार किस दबाव में भारत की सीमा सुरक्षा और अखंडता को लेकर इतने समझौते कर रही है।

### जम्मू-कश्मीर में शांति स्थापित करने में केंद्र विफल: खरगे

**नई दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को जम्मू कश्मीर में सैनिकों पर हुए आतंकी हमले की निंदा की और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार इस केंद्र शासित प्रदेश में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक त्रासदी बनी हुई है। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया कि जम्मू-कश्मीर के कठुआ में आतंकी हमले में हमारे बहादुर जवानों की शहादत पर गहरा दुख हुआ। 6 जवान घायल भी हैं। हम सेना पर हुए इस कायरतापूर्ण आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में एक महीने में यह पांचवां आतंकी हमला है। कांग्रेस अध्यक्ष का कहना है कि जवानों के परिवारों के प्रति हमारी गहरी संवेदना है। हम अपने बहादुर जवानों के साहस और वीरता को सलाम करते हैं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं घायलों के साथ हैं और हम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

# घर खरीदारों के साथ हो रही धोखाधड़ी एग्रीमेंट में एकरूपता की जरूरत : कोर्ट

नयी दिल्ली, एजेंसी



▸▸ सुप्रीम कोर्ट ने अश्विनी उपाध्याय की याचिका पर सुनवाई करते हुए की अहम टिप्पणी

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि देश में घर खरीदारों के साथ हो रही धोखाधड़ी को लेकर बिल्डर-खरीदार के बीच समझौतों में एकरूपता लाने की आवश्यकता है।

न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि खरीदारों के साथ बिल्डर धोखाधड़ी कर रहे हैं और यही कारण है कि अब एकरूपता लाने की जरूरत है। शीर्ष अदालत, वकील अश्विनी उपाध्याय द्वारा 2021 में दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही है। याचिका में कहा गया है कि पारदर्शिता एवं निष्पक्षता लाने तथा बिल्डरों और एजेंटों को अनुचित एवं गलत कारोबारी गतिविधियों में संलिप्त होने से रोकने के लिए एक मॉडल समझौता की जरूरत है।

न्यायमित्र के रूप में न्यायालय को सहयोग कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता देवाशीष भरूखा ने पीठ से कहा कि मसौदा बिल्डर-खरीदार समझौतों के साथ एक अंतिम स्थिति रिपोर्ट रिकॉर्ड पर लाया गया है।


यह भी दलील दी गई कि राज्यों के सुझाव हासिल हुए और उन्हें सम्मिलित किया गया। पीठ ने कहा कि वह न्याय मित्र की रिपोर्ट और उस पर आपत्तियों का अध्ययन करेगी। इससे पहले, पीठ ने उद्योग संघों सहित हितधारकों को इन 'मॉडल' समझौतों पर अपने सुझाव केंद्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय को प्रस्तुत करने की अनुमति दी थी। मामले में अगली सुनवाई 19 जुलाई को होगी।



भारी बारिश के बाद दृश्यता कम होने के कारण सोमवार को मुंबई हवाई अड्डे पर उड़ान सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुईं। दृश्यता कम होने के कारण हवाई पट्टी पर एक घंटे से अधिक समय तक परिचालन बंद रहा और लगभग 50 उड़ानें रद कर दी गईं।

# रक्षा का सबसे अच्छा तरीका युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहना : धनखड़

नई दिल्ली, एजेंसी



▸▸ उपराष्ट्रपति ने भारतीय रक्षा संपदा सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों से की बातचीत

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने तेजी से बदलते तकनीकी और भू-राजनीतिक परिदृश्य का उल्लेख करते हुए सोमवार को कहा कि रक्षा का सबसे अच्छा तरीका युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहना है।

धनखड़ ने उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में भारतीय रक्षा संपदा सेवा के 2023 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों से बातचीत करते हुए कहा कि युवा अधिकारियों को तेजी से बदलते परिदृश्य के साथ लगातार तालमेल बिठाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से हमेशा राष्ट्र को सर्वोपरि रखने का आग्रह किया। रक्षा भूमि को सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने रक्षा भूमि के प्रबंधन में आने वाली कई चुनौतियों जैसे अतिक्रमण और उसके बाद कानूनी विवादों का उल्लेख किया। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को भूमि प्रबंधन के लिए प्रौद्योगिकी का सर्वोत्तम उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इससे किसी भी घुसपैठ की निगरानी कर सकेंगे और दृढ़ संकल्प के साथ त्वरित कार्रवाई कर सकेंगे। उपराष्ट्रपति ने अधिकारियों से वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए काम करने का आग्रह करते हुए कहा कि जब आप दबावों और चुनौतियों का सामना करें, तब भी दृढ़ रहें। उन्होंने छावनी क्षेत्रों के अंदर पर्यावरण की देखभाल और वनस्पतियों का पोषण करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि समाज के व्यापक लाभ के लिए रक्षा संपदा भूमि पर संरचित तरीके से हर्बल वृक्षारोपण और बागवानी को बढ़ावा देकर इसे प्राप्त किया जा सकता है।

# निलंबित आईपीएस के खिलाफ एसीबी ने शुरू की जांच

**मुंबई :** महाराष्ट्र भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने निलंबित आईपीएस अधिकारी कैसर खालिद के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। एसीबी अधिकारी ने बताया कि एक व्यक्ति की शिकायत के बाद जांच शुरू की गई, जिसने दावा किया कि जब आईपीएस अधिकारी खालिद मुंबई रेलवे पुलिस आयुक्त थे, तब उसने कई मौकों पर उन्हें पैसे दिए थे। उन्होंने कहाकि शिकायतकर्ता के अनुसार खालिद ने उन्हें कुछ पैसे भी लौटाए। यह पैसे रेलवे की जमीन पर होर्डिंग्स लगाने की अनुमति देने से संबंधित थे। खालिद को घाटकोपर होर्डिंग की अनुमति देने में कथित भूमिका के बाद राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया था।

# आनंद विवाह लागू करने की तैयारी में कई राज्य


नई दिल्ली, एजेंसी

झारखंड, महाराष्ट्र और मेघालय सहित कई राज्यों ने आनंद विवाह अधिनियम को अपने यहां लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी है तथा कई अन्य राज्यों ने इसे दो माह के अंदर लागू करने का केंद्र को भरोसा दिया है।

यह जानकारी अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में दी गई। यह अधिनियम सिखों को विवाह के कार्यान्वयन एवं पंजीकरण से संबंधित है। मंत्रालय की विज्ञप्ति में कहा गया है कि राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने आनंद विवाह अधिनियम के कार्यान्वयन पर चर्चा करने के लिए राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ बैठक की। आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा की अध्यक्षता में वीडिया कांफ्रेंसिंग के जरिए आयोजित बैठक में 18 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ आनंद विवाह अधिनियम के तहत सिखों के विवाह के कार्यान्वयन और पंजीकरण पर चर्चा की गयी। बैठक में झारखंड, महाराष्ट्र और मेघालय सहित कुछ राज्यों ने उक्त अधिनियम के कार्यान्वयन की सूचना दी, जबकि शेष राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने दो महीने के भीतर अधिनियम को कार्यान्वित करने का आश्वासन दिया है।

# प्रकृति के साथ सामंजस्य समय की मांग : मुर्मू

भुवनेश्वर, एजेंसी



ओडिशा के पुरी में समुद्र किनारे प्रकृति का आनंद लेतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

▸▸ राष्ट्रपति ने भुवनेश्वर के निकट ब्रह्मकुमारी के दिव्य ध्यान केंद्र का किया उद्घाटन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करना समय की मांग है। भुवनेश्वर के निकट हरिदमदा गांव में ब्रह्मकुमारी के दिव्य ध्यान केंद्र का उद्घाटन करते हुए मुर्मू ने कहा कि जंगल, पहाड़, नदियां, झीलें, समुद्र, बारिश, हवा - ये सभी जीवों के जीवित रहने के लिए अनिवार्य हैं लेकिन मनुष्य अपने भोग-विलास के लिए प्रकृति का दोहन कर रहा है और ऐसा करके प्रकृति के प्रकोप का शिकार हो रहा है।

उन्होंने कहा कि मनुष्य को यह याद रखना चाहिए कि प्रकृति में प्रचुरता उसकी जरूरतों के लिए है, उसके लालच के लिए नहीं। भारतीय जीवनशैली के हमेशा प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व पर जोर दिये जाने का उल्लेख करते हुए मुर्मू ने कहा कि हमारे दर्शन में धरती को माता और आकाश को पिता कहा गया है। नदी को भी माता की उपाधि दी गई है। जल को जीवन कहा गया है और हम वर्षा को भगवान इंद्र और समुद्र को भगवान वरुण के रूप में पूजते हैं।

उन्होंने कहा कि इसका मतलब यह है कि प्रकृति जड़ नहीं है, उसके भीतर भी चेतना की शक्ति है। राष्ट्रपति ने कहा कि जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग और मौसम की अनिश्चितता आज दुनिया के सामने बड़ी चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा कि बाढ़, भूस्खलन, हिमस्खलन, भूकंप, जंगल की आग और सुनामी जैसी प्राकृतिक आपदाएं अब कभी-कभार होने वाली घटनाएं नहीं रह गई हैं। अब ये लगातार होने वाली घटनाएं बन गई हैं। मुर्मू ने कहा कि हमारे दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव समाज में बड़े बदलाव का मार्ग प्रशस्त करते हैं। हमें प्राकृतिक संसाधनों का न्यूनतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए अपनी आदतों को बदलना होगा। अक्सर नल खुले रहने से पीने का पानी बर्बाद हो जाता है। दिन में भी लाइट जलती रहती है। प्लेट में कुछ खाना छोड़ देने की आदत से हम अभी तक मुक्त नहीं हो पाए हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रकृति के अनुकूल जीवनशैली पर सिर्फ चर्चा करना ही काफी नहीं है, हमें इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना होगा। उन्होंने ब्रह्माकुमारी के स्थायित्व के लिए जीवनशैली अभियान की भी शुरुआत की।

# गैंगरेप के आरोपी ने पीड़िता की मां को मारकर जान दी

संवाददाता फतेहपुर चौरासी (उन्नाव)

- चलाईं ताबड़तोड़ गोलियां, पीड़िता के पिता और बहन भी घायल
- उन्नाव में वारदात, हल्का दरोगा और हेड कांस्टेबल निलंबित

**अमृत विचार :** सामूहिक दुष्कर्म (गैंगरेप) के आरोप में जेल से जमानत पर छूटे आरोपियों ने सोमवार तड़के पीड़ित परिवार पर सोते समय ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं और धारदार हथियार से हमला बोल दिया। इसमें पीड़िता की मां व पिता सहित दो बहनें घायल हो गईं। सभी सीएचसी लाया गया, जहां मां को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पिता व बहनों को गंभीर हालत में कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाद में मुख्य आरोपी ने खुद को तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। आईजी समेत कई अफसर गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार से जानकारी ली। आईजी के निर्देश पर हल्का दरोगा और एक हेड कांस्टेबल को निलंबित किया गया है। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के एक गांव की युवती ने गांव के अनुराग और पुनीत पर गैंगरेप की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने दोनों को पिछले साल अगस्त में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मार्च 2024 में दोनों जमानत पर बाहर आए थे।

## उत्तराखंड

# ऊधमसिंह नगर में चार युवक बाढ़ में डूबे

संवाददाता, खटीमा/शक्तिफार्म

- खटीमा में बाढ़ में फंसे परिवार को बचाने गए दो युवक डूबे, शक्तिफार्म में अलग-अलग नदियों में दो युवक बह गए





मृतक प्रिंस कुमार और सन्नी। (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** खटीमा में भारी बारिश और जलभराव में फंसे एक परिवार को बचाने पहुंचे दो युवकों की मौत हो गई। एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू कर दोनों शवों को बरामद किया। उधर, शक्तिफार्म क्षेत्र में काटना नदी में मछली पकड़ने गया युवक तेज बहाव में बह गया। एक अन्य घटना में खेत में खड़ा युवक बैगुल नदी के तेज बहाव के साथ बह गया। पुलिस व ग्रामीण युवकों की तलाश में जुटे रहे लेकिन उनका कहीं पता नहीं लगा।

खटीमा में मूसलाधार बारिश के चलते क्षेत्र में हुए जलभराव के चलते रिटायर्ड एलआईयू अफसर राजेन्द्र प्रसाद का मकान में बाढ़ में घिर गया था। सूचना मिलने पर ग्राम हल्दी घेरा निवासी प्रिंस कुमार (18) पुत्र राम कृपाल और सन्नी (20) पुत्र धर्मेंद्र कुमार बाढ़ में फंसे परिवार को रेस्क्यू करने वहां पहुंच गए। जैसे ही दोनों रेस्क्यू के लिए आगे बढ़े तभी पानी में सांप आ गया। सांप से बचने को दोनों इधर-उधर भागने लगे और तभी वे गहरे पानी में चले गए। दो युवकों के डूबने की सूचना पर तहसीलदार हिमांशु जोशी एसडीआरएफ टीम के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की सहायता से एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू कर दोनों शवों को बरामद कर लिया। युवकों की मौत से दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। दैवीय आपदा का शिकार हुआ सन्नी तीन भाइयों में सबसे छोटा था और आईटीआई कर रहा था। जबकि प्रिंस भी तीन भाइयों से छोटा था और कंप्यूटर का कोर्स कर रहा था।

शक्तिफार्म के निर्मल नगर ग्राम सभा के ग्राम 20 क्वार्टर निवासी संजीत मंडल पुत्र हजारी मंडल का खेत बैगुल नदी के किनारे है। बैगुल नदी में आई बाढ़ के बाद संजीत अपने भाई सूरज व एक अन्य युवक के साथ सोमवार को खेत की फसल देखने गया था। बताया जा रहा है संजीत अपने खेत पर जहां खड़ा था, वो हिस्सा बैगुल नदी के बहाव में समा गया। संजीत भी नदी में गिरकर बह गया। उसके भाई सूरज व दूसरे युवक ने जान बचाई।

वहीं निर्मल नगर निवासी जगदीश मंडल (40) पुत्र विनोद मंडल रविवार को धौरा डैम की सीमा पर काटना नदी में मछली पकड़ने गया था। देर शाम नदी में जाल फेंकते समय जगदीश नदी में गिरकर डूब गया। सूचना पर कोतवाल सितारगंज के नेतृत्व में पुलिस टीम साथ रात तक उसकी तलाश में जुटे रही। लेकिन जगदीश का पता नहीं चला।

# बाबा केदार को भेजा अनंत की शादी का निमंत्रण

**श्री केदार धाम/देहरादून :** प्रसिद्ध उद्योगपति व रिलायंस इंड्रस्ट्रीज के प्रमुख मुकेश अंबानी ने अपने बेटे अनंत अंबानी की शादी का निमंत्रण पत्र भगवान केदारनाथ को भी भेजा है। साथ में, अंबानी ने बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय को भी आमंत्रण पत्र भेजा है। सोमवार को धाम में अनंत अंबानी के विवाह का निमंत्रण पत्र श्री केदारनाथ धाम के प्रधान पुजारी शिवशंकर लिंग ने मंदिर में भगवान केदारनाथ को समर्पित किया। यह निमंत्रण पत्र एक तीर्थ पुरोहित भरत कूर्मांचली ने केदारनाथ पहुंचाया। उल्लेखनीय है कि अंबानी परिवार की भगवान बदरीनाथ व केदारनाथ धाम में अपार आस्था है।

# अब आईटी के क्षेत्र में पतंजलि लाएगा नई क्रांति : रामदेव

देहरादून/हरिद्वार, एजेंसी

▸▸ आज आई.टी. क्षेत्र में भरूआ के 8 पेटेंट हैं : बालकृष्ण

पतंजलि के आई.टी. संस्थान, भरूआ सॉल्यूशन्स के तत्वावधान में सोमवार को पतंजलि विश्वविद्यालय स्थित ऑडिटोरियम में कॉरपोरेट ट्रेनिंग फॉर प्रोफेशनल डेवलपमेंट/कोर स्किल विषय पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन अवसर पर पतंजलि योगपीठ के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी रामदेव ने कहा कि आई.टी. क्षेत्र की सभी समस्याओं का समाधान भरूआ में निहित है।

स्वामी रामदेव ने कहा कि पतंजलि के आई.टी. संस्थान भरूआ ने पतंजलि के साथ-साथ कई कम्पनियों में अपनी आई.टी. स्किल्स का लोहा मनवाया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में भरूआ ने कई विख्यात कम्पनियों के साथ आई.टी. क्षेत्र में करार किए हैं और अब आई.टी. क्षेत्र में पतंजलि नई क्रांति करेगा। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पतंजलि को पूरी दुनिया योग व आयुर्वेद के संदर्भ में जानती है। हमने भरूआ सॉल्यूशन्स के रूप में आई.टी. के क्षेत्र में कदम रखा है। भरूआ ऐसे ही आई.टी. कम्पनी नहीं बनी, यह पूर्ण समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भरूआ की उपलब्धि है कि आज आई.टी. क्षेत्र में भरूआ के 8 पेटेंट हैं। वेल्सपन कम्पनी में भरूआ के प्रोडक्ट ही संचालित हैं। उन्होंने कहा कि आज मदर डेयरी, अमूल, सिंटेक्स, रेलवे, नई संसद भवन की कैंटीन सभी काम भरूआ सॉल्यूशन्स द्वारा किया जा रहा है। अभी हाल ही में 26 एयरपोर्ट के डाटा को सेन्ट्रलाइज व मोनिटरिंग के लिए भी भरूआ को आर्डर मिला है। आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि आज पतंजलि की आई.टी. आवश्यकताओं को भरूआ सॉल्यूशन्स पूरा कर रहा है।

# कुमाऊं में चार दिन बाद थमी बारिश

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कुमाऊं में चार दिनों से हो रही बारिश सोमवार शाम थम गई। बारिश रुकने से राहत मिली है। गौला का जलस्तर लगातार बढ़ने से बड़े पैमाने पर भूकटाव हो रहा था। सुबह गौला नदी का तेज बहाव अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम तक पहुंच गया था।

नदी और स्टेडियम के बीच दूरी बीस मीटर रह गई है। लालकुआं में रेलवे स्टेशन व ट्रैक पानी में डूब जाने से काठगोदाम से दिल्ली जाने वाली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, लालकुआं-बरेली पैसेंजर ट्रेन और लालकुआं-मुरादाबाद पैसेंजर ट्रेन निरस्त कर दी गई। हल्द्वानी-अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग दूसरे दिन भी बंद रहा। जबकि टनकपुर-तवाघाट राष्ट्रीय राजमार्ग सुबह फिर बंद हो गया। लगातार हो रही बारिश के चलते गौला नदी में सोमवार की सुबह बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई। सुबह नदी का जलस्तर 37 हजार क्यूसेक को पार कर गया था। तेज बहाव से जबर्दस्त भूकटाव हो रहा था। इस वजह से अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम की तरफ नदी तेजी से कटाव कर रही थी।

**चिंताजनक** चार्टन लॉज में हो रहे भूस्खलन ने ताजा की 144 साल पुराने हादसे की याद, स्थानीय लोगों में दहशत

# नियमों का पालन नहीं हुआ तो नैनीताल का अस्तित्व खतरे में पड़ेगा

गौरव जोशी, नैनीताल



भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र चार्टन लॉज। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** लंबे समय से चार्टन लॉज की पहाड़ियों में हो रहे भूस्खलन से अब स्थानीय लोगों में दहशत है तो वहीं क्षेत्र में हो रहे भूस्खलन ने 144 साल पुरानी यादें ताजा करवा दी हैं। ब्रिटिश काल में 18 सितंबर 1880 को को विनाशकारी भूस्खलन हुआ था, जिसकी चपेट में आने से 43 ब्रिटिश शासकों समेत 150 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी, 144 साल के बाद एक बार फिर से क्षेत्र की पहाड़ियों में इस तरह की हलचल देखने से स्थानीय लोगों के साथ-साथ भूगर्भीय वैज्ञानिकों की चिंताएं बढ़ने लगी हैं। नैनीताल के प्रसिद्ध इतिहासकार प्रोफेसर अजय रावत बताते हैं 18 सितंबर 1880 में नैनीताल के इतिहास का सबसे बड़ा भूस्खलन हुआ था। उस समय 40 घंटे में करीब 838 एमएम बारिश दर्ज हुई थी, जिसके बाद सात नंबर, स्नो व्यू क्षेत्र जिसे पुराना शेर का डांडा कहा जाता था उस पहाड़ी में बड़ा भूस्खलन हुआ था। जिसकी चपेट में नैनीताल का ऐतिहासिक मां नैना देवी मंदिर समेत कई भवन आ गए। इस विनाशकारी भूकंप के बाद ब्रिटिश शासकों ने शहर के अस्तित्व को बचाए रखने के लिए हल सेफ्टी कमेटी का गठन किया जिसमें ब्रिटिश शासको ने कई महत्वपूर्ण सुझाव रखे। जिनका पालन करते हुए नैनीताल का अस्तित्व आज तक सुरक्षित है, लेकिन बीते कुछ समय के अंतराल में ब्रिटिश शासको द्वारा बनाए गए नियमों की जमकर धज्जियां उड़ी जिसके चलते अब एक बार फिर से शहर में भूस्खलन के खतरे मंडरा आ रहे हैं।

### प्रतिबंधित क्षेत्र में बेतहाशा अवैध निर्माण

इसके अलावा शहर के साथ नंबर, चार्टन लॉज, अपर माल रोड की पहाड़ियों में किसी भी प्रकार के निर्माण पर रोक लगाते हुए पशुओं के पालने पर भी प्रतिबंध लगाया था, लेकिन उत्तराखंड निर्माण के बाद से इन प्रतिबंधित पहाड़ियों में बेतहाशा अवैध निर्माण हुआ है हिल सेफ्टी कमेटी के नियमों की अनदेखी करते हुए बनाए गए नियमों को पलीता लगाया है।

### अधिकांश पहाड़ियां अति संवेदनशील

नैनीताल की अधिकांश पहाड़ियां अति संवेदनशील हैं। इन संवेदनशील क्षेत्रों की पहाड़ियों से भर काम करने की नितांत आवश्यकता है अगर समय रहते इन पहाड़ियों से बोझ हल्का नहीं किया गया तो आने वाले समय में बड़ी घटना देखने को मिल सकती है।

-प्रो. राजीव उपाध्याय, भू-वैज्ञानिक।

# भाजपा राज में ध्वस्त हो चुकी है प्रदेश की कानून-व्यवस्था : आजाद

अलीगढ़, एजेंसी



▸▸ हाथरस कांड में निर्दोष हो रहे पुलिस की कार्रवाई का शिकार

बिजनौर की नगीना सीट से आजाद समाज पार्टी के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने सोमवार को आरोप लगाया कि हाथरस भगदड़ कांड और अलीगढ़ में अल्पसंख्यक समुदाय के एक युवक की पीट-पीटकर की गई हत्या से यह साबित हो गया है कि उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है।

अलीगढ़ में 18 जून को फरीद उर्फ औरंगजेब की पीट-पीटकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया था। फरीद और गत दो जुलाई को हुए हाथरस भगदड़ कांड में मारे गए लोगों के परिजन से मुलाकात करने आए आजाद ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि ये दोनों घटना इस बात का स्पष्ट संकेत देती हैं कि उत्तर प्रदेश की पुलिस लोगों की सेवा का अपना नैतिक अधिकार खो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों ही मामलों में पुलिस निर्दोष लोगों को फंसा रही है और दोषी खुलेआम घूम रहे हैं। आजाद ने अलीगढ़ की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि मृतक के परिजन ने मुझे बताया कि बर्बरतापूर्ण पिटाई किए जाने से फरीद के शरीर की 22 हड्डियां टूट गयी थीं। उसे लोहे और स्टील की छड़ों से पीटा गया और यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी थी। उन्होंने दावा किया कि इस मामले में नामजद होने के बावजूद छह से ज्यादा आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं जबकि मृतक के कई परिजनों के खिलाफ डकैती के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।

सांसद ने कहा कि इससे साफ पता चलता है कि उत्तर प्रदेश में न्यायतंत्र किस तरीके से काम कर रहा है। आजाद ने कहा कि वह इस मुद्दे को संसद में उठाएंगे और लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उन्हें इस बारे में अवगत कराएंगे। हाथरस में हुई भगदड़ मामले में प्रवचनकर्ता हरिनारायण साकार विश्वहरि उर्फ भोले बाबा की गिरफ्तारी नहीं किए जाने के सवाल पर सांसद ने कहा कि मैं कैसे किसी ऐसे व्यक्ति की गिरफ्तारी की मांग कर सकता हूं जिसे पुलिस ने मुकदमे में नामजद करना ठीक नहीं समझा। हालांकि, उन्होंने कहा कि भगदड़ मामले में निर्दोष लोगों को पकड़ा जा रहा है जबकि यह पूरा हादसा प्रशासन की घोर विफलता का नतीजा था। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्संग स्थल पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा के कोई बंदोबस्त नहीं किए गए थे क्योंकि प्रशासन की नजर में किसी गरीब की जिंदगी का कोई मोल ही नहीं है।

## मुआवजा के लिए धार्मिक फंड बनाए सरकार : टिकैत

**नोएडा :** किसान नेता राकेश टिकैत ने सोमवार को कहा कि अगर केंद्र सरकार भारत को हिंदू राष्ट्र बनाना चाहती है तो उसे हाथरस जैसी घटनाओं के बाद मुआवजा देने के लिए एक धार्मिक फंड बना देना चाहिए।

भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के प्रवक्ता ने हाथरस की घटना को लेकर तंज कसा और भगदड़ में मारे गए लोगों को 50-50 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की। टिकैत ने सरकार की जिम्मेदारी की वकालत करते हुए कहा कि अगर सरकार हिंदू राष्ट्र बनाना चाहती है तो उसे इस तरह की घटनाओं में मुआवजा देने के लिए धार्मिक फंड बनाना चाहिए। अगर सरकार नहीं देगी तो इस तरह की घटनाओं के लिए कौन मुआवजा देगा।

## सड़क हादसे में जीजा-साले की मौत

संवाददाता, फिरोजाबाद

▸▸ हादसे में घायल एक युवक की हालत गंभीर

अमृत विचार : थाना नगला खंगर क्षेत्र में सोमवार को आगरा से लखनऊ जाते समय एक अर्टिगा कार बेकाबू होकर आगे जा रहे वाहन से टकराने के बाद डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। हादसे में जीजा साले की मौत हो गई और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सैफई अस्पताल भेज दिया। जहां इलाज के दौरान दोनों की मृत्यु हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल है।

इटावा के ऊसराहार निवासी 25 वर्षीय मंजेश अपने भाई अनुराग के साथ आगरा से जीजा के चचेरे भाई विवेक की शादी से पहले वाली रस्म में शामिल होकर नोएडा से इटावा आ रहे थे। विवेक की 11 जुलाई की शादी है। कार को 22 वर्षीय विकास निवासी रोपनपूर कुर्रा मैनपुरी जो मंजेश का जीजा है, चला रहा था। जब कार नगला खंगर थाना क्षेत्र के माइल स्टोन-61 के समीप पहुंची, तभी कार आगे जा रहे वाहन से टकरा गई। टक्कर के बाद कार बेकाबू होकर डिवाइडर से जा भिड़ी और पलट गई। हादसे में अर्टिगा कार सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने गंभीर रूप से घायल तीनों लोगों को उपचार के लिए पीजीआई अस्पताल सैफई भेज दिया। इस बारे में इंस्पेक्टर नगला खंगर विनय मिश्रा ने बताया कि उपचार के दौरान दो लोगों की अस्पताल में मृत्यु हो गई। जबकि तीसरा जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है। उन्होंने बताया कि हादसे में मंजेश और उसके बहनोई विकास की मृत्यु हो गई है। जबकि अनुराग का इलाज जारी है।

## पिकअप और ऑटो रिक्शा की टक्कर में दो की मौत

**आगरा :** आगरा-फतेहाबाद मार्ग पर एक पिकअप वैन और ऑटोरिक्शा के बीच हुई टक्कर में दो लोगों की मौत हो गयी और तीन लोग घायल हो गये। पुलिस के मुताबिक, यह दुर्घटना रविवार देर शाम टंकी चौराहे के निकट हुई। पुलिस ने बताया कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटोरिक्शा में सवार लोग वाहन में ही फंस गये और स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर उन्हें बाहर निकाला। एक अधिकारी ने बताया कि सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान पीपल मंडी के रहने वाले शुभम गुप्ता और ऑटोरिक्शा चालक राजू कुशवाहा के रूप में हुई है। प्रभारी निरीक्षक जयनारायण सिंह ने बताया कि हादसे में श्रीभगवान (बाबरपुर), छोटू (तासोड़) और अनीता( कछपुरा) गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि घायलों को फतेहाबाद व आगरा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

## एक टीके से होगा हेपेटाइटिस पार्वो और डिस्टम्पर का खत्मा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ आईवीआरआई का कैड्रेड विभाग कर रहा अध्ययन

**अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) का कैड्रेड विभाग पशुओं में हेपेटाइटिस, पार्वो और डिस्टम्पर जैसी गंभीर बीमारियों का एक ही टीके से निवारण के लिए अध्ययन कर रहा है।

कैड्रेड के संयुक्त निदेशक डॉ. केपी सिंह के अनुसार हेपेटाइटिस गंभीर बीमारी है, जो पशुओं के लिवर को प्रभावित करती है।अध्ययन का एक हिस्सा हेपेटाइटिस वायरस के प्रभाव को कम करने के तरीकों पर केंद्रित है। पार्वो वायरस कुत्तों के लिए घातक है। यह बीमारी तेजी से फैलती है और इसके कारण मृत्यु दर भी बहुत अधिक होती है। डिस्टम्पर एक वायरस जनित बीमारी है, जो पशुओं के श्वसन, पाचन और तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती है। इस बीमारी का कोई पूर्ण उपचार नहीं है, इसकी रोकथाम के लिए टीका विकसित करना आवश्यक है। इसमें डॉ. विशाल, डॉ. केके रजक, डॉ. गौरव शर्मा आदि वैज्ञानिक अध्ययन कर रहे हैं। आईवीआरआई के निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त का कहना है कि यदि यह टीका सफल हो जाता है तो पशुओं में हेपेटाइटिस, पार्वो और डिस्टम्पर जैसी बीमारियों की रोकथाम में यह महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अध्ययन का लक्ष्य जल्द प्रभावी और व्यापक टीका विकसित करना है।

## यथाशीघ्र मुआवजा राशि जारी करे एनएचएआई : कोर्ट

### इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भूमि अधिग्रहण मामले में मुआवजे के नियमों को किया स्पष्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज



▸▸ मुआवजे की घोषणा होते ही बदल जाता है स्वामित्व

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 की धारा 3-डी (1) के तहत भूमि अधिग्रहण और उसके एवज में देय मुआवजे के नियमों को स्पष्ट करते हुए कहा कि उक्त धारा के तहत घोषणा हो जाने पर भूमि का स्वामित्व केंद्र सरकार में निहित हो जाता है। सरकार में भूमि के निहित हो जाने के परिणामस्वरूप वास्तविक स्वामी भूमि पर अपना अधिकार खो देता है।

कोर्ट ने आगे स्पष्ट किया कि उक्त अधिनियम की धारा 3-एच (1) में यह आवश्यक प्रावधान है कि राज्य सरकार कब्जा लेने से पहले मुआवजा राशि जमा करेगी, न कि मुआवजा का भुगतान तब किया जाएगा, जब कब्जा लिया जाएगा। उक्त प्रावधान उन काश्तकारों को लाभ देने के लिए है, जिनकी भूमि अधिनियम के प्रावधानों के तहत अधिग्रहित की जाती है। यह मुआवजा का भुगतान किए बिना भूमि पर कब्जा करने के विरुद्ध एक सुरक्षा है। उक्त प्रावधान सरकार को संबंधित व्यक्तियों को मुआवजा भुगतान में देरी करने की शक्ति प्रदान नहीं करता है। इसी पृष्ठभूमि पर कोर्ट ने वर्तमान मामले में एनएचएआई को आदेश दिया कि वह सक्षम प्राधिकारी को मुआवजा राशि उपलब्ध कराए, जिससे याची और अन्य प्रभावित व्यक्तियों को इस आदेश से 4 सप्ताह के अंदर मुआवजा भुगतान किया जा सके।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की खंडपीठ ने बरेली निवासी मोहम्मद शाहिद और दो अन्य की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। मालूम हो कि उक्त अधिनियम के तहत याची की भूमि अधिग्रहित की गई। सक्षम प्राधिकारी ने मुआवजा राशि के भुगतान के लिए एनएचएआई को एक पत्र लिखा, लेकिन वित्तीय स्वीकृति न मिलने के कारण याचियों को अब तक मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हो सकी है। कोर्ट द्वारा पूछे जाने पर एनएचएआई के अधिकारियों ने तर्क दिया कि याची तभी मुआवजे का हकदार होगा, जब उससे अधिग्रहित भूमि का कब्जा ले लिया जाएगा। चूंकि एनएचएआई अभी कब्जा नहीं ले रहा है, इसलिए याचियों को मुआवजा राशि का भुगतान किए जाने का कोई प्रश्न नहीं उठता। अंत में कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि अधिनियम की धारा 3-डी के तहत अधिसूचना जारी कर दी गई थी, जिसके परिणामस्वरुप भूमि केंद्र सरकार में निहित हो गई। इस आधार पर मुआवजा देने से इनकार करना उचित नहीं है और कब्जा लिए जाने पर राशि का भुगतान करने का तर्क भी खारिज कर दिया।

## परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी मामले में सुनवाई 12 को

### पीसीएस-जे मुख्य परीक्षा

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पीसीएस-जे मुख्य परीक्षा, 2022 के परिणाम में गड़बड़ी के मामले में सोमवार को 3 घंटे तक चली सुनवाई के दौरान मामले में हुई कार्यवाही और आगे की जांच के विषय में जानकारी लेने के साथ ही संबंधित अधिकारियों को पूरे मामले पर विस्तृत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले को आगामी 12 जुलाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता की खंडपीठ ने श्रवण पांडेय की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। इस संबंध में कोर्ट ने पिछली सुनवाई में आयोग से जवाब मांगा था, जिस पर याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि लोक सेवा आयोग के उप सचिव ने अपने हलफनामे में उत्तर पुस्तिकाओं की इंटरमिक्सिंग की बात स्वीकार करते हुए 3 अगस्त तक नए सिरे से परिणाम घोषित करने की बात कही है। हालांकि कोर्ट ने उप सचिव के हलफनामे को संतोषजनक नहीं माना और अध्यक्ष से पूछा कि कितने अभ्यर्थियों का परिणाम सही नहीं हैं। फिर से परिणाम तैयार करने पर कितने अभ्यर्थी बाहर होंगे। चयन से बाहर जाने व अंदर आने वालों के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

# धर्म दर्शन

## जरासंध का आक्रमण और रणछोड़



कंस की मृत्यु के बाद उसकी दोनों रानियां अस्ति और प्राप्ति अपने पिता मगधराज जरासंध के पास पहुंचकर रोने लगीं। जरासंध श्रीकृष्ण की बढ़ती हुई शक्ति से पहले से ही चिंतित था। उसने मथुरा की ओर कूच कर दिया। वह स्वयं को परम शक्तिशाली समझता था। साम्राज्यलिप्सा थी, इसलिए मार्ग में जो भी राज्य आए (दक्षिणकाशी, दक्षिणकौशल, दक्षिणपंचाल, दशार्ण, वत्स, मत्स्य राज्य) सभी को जरासंध ने चुनौती दी, परास्त किया और उनकी सेनाओं को अपने साथ मिलाकर मथुरा जा पहुंचा। चेदिराज शिशुपाल, बंगराज चित्रसेन तो पहले से ही उसके साथ थे। कुरुराज्य के वृद्ध पितामह भीष्म इस समय सजग थे, लेकिन कुणिक और शकुनि की वजह से हस्तिनापुर (धृतराष्ट्र) ने यादवगण राज्य की कोई सहायता नहीं की। सुधर्मा सभा में उद्धव ने श्रीकृष्ण बलराम को अतिरथी घोषित करने और निरंकुश राज्यों को समाप्त करने का सुझाव दिया। तदनुसार श्रीकृष्ण बलराम के नेतृत्व में यादव सेना उस विशाल सेना पर झपट पड़ी, जिसके सैनिक या तो भाड़े के थे या अनमने थे। शाम होते होते जरासंध बंदी बना लिया गया था, किंतु कृष्ण की दूरदर्शी नीति के कारण उसे अपमानित करके छोड़ दिया। वह सत्रह बार आया और हर बार हारा। कुरु और पांचाल में भी एकतंत्र शासन था, किंतु उन्होंने यादव गणराज्य और जरासंध के युद्धों को दूर से ही देखा। यादव गणराज्य का प्रभाव शूरसेन जनपद से शूर्पारक (समुद्र) पर्यंत फैल चुका था। जब कृष्ण को गुप्तचर से संदेश मिला कि काल यवन उत्तर-पश्चिम से मथुरा पर आक्रमण करने चल दिया है। तब उन्होंने बलराम से मंत्रणा की कि इस समय यादव प्रजा को कटवाना वीरता नहीं होगी। यादव प्रजा की रक्षा के लिए हमें मथुरा छोड़ देनी चाहिए। वे रणछोड़ कहलाए। जरासंध से यादवसेना की एक और लड़ाई विदर्भ में हुई थी, जब श्रीकृष्ण रुक्मिणी को लेकर द्वारका चल दिए थे। वहां भी यादवसेना से परास्त होकर जरासंध भाग निकला था।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

## जैन धर्म में अयोध्या का महत्व

अयोध्या का शाब्दिक अर्थ है- 'अयुद्ध्या' अर्थात युद्ध के अयोग्य। स्पष्ट है यह शब्द युद्ध में शत्रुओं के लिए युद्ध में अयोध्या की अपराजेयता का द्योतक है। जैनियों के अनुसार अयोध्या जैन धर्म के पांच तीर्थं करों क्रमशः ऋषभदेव, अजितनाथ, अभिनंदननाथ, सुमतिनाथ और अनंतनाथ की जन्मस्थली रही है। जैनसाहित्य में प्राकृत या अपभ्रंश में दूसरीशती में विमलसूरि द्वारा लिखित "पउमचरियं" (पद्मचरित) विस्तार से रामकथा वर्णित है। जैन साहित्य श्रीराम का मूल नाम "पउम" या पद्म बताता है तथा यह भी स्पष्ट करता है कि अंत मे वह अर्थात श्रीराम जैन संप्रदाय में दीक्षित हो गए थे। जैनसाहित्य में 'पउमचरियं' के अतिरिक्त प्रथम शती में आचार्य यति वृषभ ने अपने 'तिलोयपण्णति' नामक ग्रंथ में अयोध्या के कई नामों का उल्लेख है। संस्कृतभाषा में प्राप्त रविषेणकृत 'पद्मपुवाण', गुणभद्र कृत संस्कृत ग्रंथ सभी के राम का नाम "पद्म" है। यही नहीं बाद मेंलिखित, सभी जैन ग्रंथ एकमत हो, श्रीराम के अंतिम समय में जिनेन्द्र की शरण में जाने का उल्लेख करते हैं। जैन परंपरा में अयोध्या नामक शाश्वत तीर्थ के अयुध्या, विनीतानगरी, साकेत, सुकौशल, रामपुरी और विशाखा जैसे विभिन्न नाम उल्लिखित है। यही नहीं सभी प्रमुख जैन ग्रंथ एक स्वर से, चौबीस तीर्थंकरों में प्रथम ऋषभ देव, द्वितीय अजित नाथ, चौथे अभिनंदन नाथ,पांचवें सुमति नाथ और चौदहवें अनंतनाथ इन पांचों की जन्मभूमि अयोध्या कही गई है। स्पष्ट है कि जैन धर्मावलंबियों के लिये अयोध्या एक अत्यंत पवित्र तीर्थस्थली रही है। परवर्ती ऐतिहासिक ग्रंथों से यह तथ्य निर्विवाद रूप से प्रमाणित है कि बाबर के समय राममंदिर के ध्वस्तीकरण से पूर्व ही मुस्लिम शासकों के शासनकाल में सुनियोजित ढंग से हिन्दू,जैन तथा बौद्ध मंदिरों का ध्वस्तीकरण किया गया। विस्तार भय से, यहां उनका विवरण, अंकित नहीं किया गया है।

अंत में इतना लिखना आवश्यक प्रतीत होता है कि जैन परंपरा में अयोध्या भारत ही नहीं वरन् विश्व का प्राचीनतम ज्ञान केन्द्र रहा है। यही पर प्रथम तीर्थंकर ऋषभ देव ने अपने पुत्रों एवं पुत्रियों को अंक विद्या और लिपि विद्या की शिक्षा दी थी। जैन परंपरा अयोध्या के सरयू तट पर होने का समर्थन करती है। सिखों के लिए भी अयोध्या एक पवित्र स्थान है। गुरु नानकदेव अपनी अयोध्या यात्रा के क्रम में सरयू नदी के तट पर रूके थे। यही नहीं संवत् 1725 में सिक्खों के नवें गुरु तेगबहादुर जी भी अपनी यात्रा के क्रम अपनी पत्नी गुजरी देवी के साथ अयोध्या आए थे। पिथौरागढ़ एवं वर्तमान नवसृजित जनपद बागेश्वर जिले के उत्तरी भाग में स्थित नंदा कोट पर्वत के निकटवर्ती "सरमूल" (सरयू का मूल) नामक स्थान से निकल कर सरयू नदी दक्षिण-पश्चिम दिशा की ओर प्रस्थान करती है। यह उद्गम स्थान रामभक्तों के लिए एक पवित्र तीर्थस्थल के रूप में सम्पूजित हो चुका है। हिमालय की तलहटी में ही आगे चलकर इसमें पूंगुर और लाहूर नदियां मिलती हैं। अपनी प्रवाह यात्रा में आगे चलकर सरयू स्वयं को पिथौरागढ़ जनपद नंदा देवी पर्वतमाला के पूर्वी ढलान से लगभग 3600मीटर या 12,000 फीट की ऊंचाई से निकल, नेपाल और भारत के बीच सीमारेखा बनाकर बहने वाली महाकाली या काली नदी में प्रवेश कर जाती है।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

## वर्ग पहेली-125

**बाएं से दाएं**

1. 1. हाथ की सफ़ाई, ऐसा काम या खेल जिसका रहस्य दर्शक न समझ कर आश्चर्यचकित हों, अलौकिक या अमानवीय समझा जाने वाला कार्य, बाज़ीगरी, नज़रबंदी, इंद्रजाल, (मैजिक) 2. दूसरों को मोहित करने या लुभाने की शक्ति, वशीकरण, मोहिनी, माया, जंतर-मंतर, टोना। (मु.) -करना : किसी को चमत्कृत करना, वश में करना। -चलना : जादू का प्रभाव होना, किसी बात का असर होना। -डालना : जादू करना, मोहित करना, प्रभाव डालना।

3. इंद्र का हाथी ऐरावत।

6. 1. मैलापन, गंदगी 2. गाढ़ापन 3. मोटाई, स्थूलता।

7. 1. जिसमें तथ्य एवं वास्तविकता न हो 2. ऊपरी, बाहरी, दिखाऊ 3. नकली, कृत्रिम।


**ऊपर से नीचे**

1. 1. मध्यकाल में राजा या राज्य की ओर से विशेष सेवा के बदले या पुरस्कार स्वरूप मिलने वाली भूमि या प्रदेश 2. संपत्ति 3. (अ-अ.) पुराने समय में गांव में नाई

2. 1. पाला पड़ना 2. बरफ गिरना, हिमपात 3. ऐसा प्रहार जो विनाश का सूचक हो 4. अरमानों या आशाओं पर पानी फिरना,निराश होना।

4. तीसरी बार।

5. 1. विस्तृत करना, फैलाना, छितराना 2. आगे की ओर करना, आगे बढ़ाना



### वर्ग पहेली -124 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | ■ | ■ | ■ | ■ | 2 पे |
| धि | ■ | 3 रि | हा | इ | श |
| रो | ■ | सा | ■ | ■ | गी |
| 4 ह | थ | ल | प | 5 क | ■ |
| ण | ■ | दा | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | र | ■ | हं | ■ |
| 6 स | रो | ■ | 7 आ | स | रा |

## सुडोकू-38

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 1 | 5 | | | | 6 |
| | 6 | | 8 | | | 7 | | |
| 2 | 5 | | 9 | | | 4 | 1 | |
| | | 8 | | 3 | | | | 1 |
| | 7 | | | | | | 6 | |
| 9 | | | | 2 | | 5 | | |
| | 1 | 3 | | | 5 | | 9 | 2 |
| | | 4 | | | 6 | | 3 | |
| 6 | | | | 9 | 8 | | 4 | |

### सुडोकू -37 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 4 | 9 | 3 | 1 | 7 | 2 | 8 |
| 1 | 9 | 2 | 8 | 7 | 4 | 5 | 3 | 6 |
| 7 | 4 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 | 2 |
| 8 | 1 | 6 | 4 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 |
| 2 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 9 | 5 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 जुलाई मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया 06 .08 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग





दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्लेशा 07 .52 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष** — आज व्यापार में आय की अपेक्षा व्यय अधिक होगा। किसी कार्य के बनते बनते विघ्न बाधा आ जाएगी। नौकरी में उच्च अधिकारी से व्यर्थ का वाद विवाद हो सकता है। भोग विलास पर अत्यधिक धन खर्च होगा।

**वृष** — आज भूमि क्रय-विक्रय से धन लाभ होगा। कोर्ट कचहरी के मामले में सफलता मिलेगी। किसी अधूरे कार्य के पूरे होने के योग हैं। किसी महत्वपूर्ण कार्य की सफलता से मनोबल बढ़ेगा। नया व्यापार शुरू कर सकते हैं।

**मिथुन** — आज नौकरी में उच्च अधिकारी से निकटता बढ़ेगी। किसी महत्वपूर्ण कार्य की बाधा सरकारी मदद से दूर होगी। सामाजिक कार्य में आपकी सक्रिय भूमिका रहेगी। किसी महत्वपूर्ण अभियान, आंदोलन का नेतृत्व करने का अवसर प्राप्त होगा।

**कर्क** — आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्यरत लोगों को कोई सुखद सूचना मिलेगी। देव स्थल के दर्शन हेतु तीर्थ यात्रा पर जा सकते हैं। बुजुर्ग परिजनों के प्रति श्रद्धा बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में नए सहयोगी बनेंगे।

**सिंह** — आज किसी महत्वपूर्ण कार्य में अकारण व्यवधान आ सकता है। रोजगार के लिए इधर से उधर भटकना पड़ेगा। किसी अनजान व्यक्ति पर अधिक भरोसा करना घातक सिद्ध हो सकता है। उद्योग धंधे की योजना को खूब सोच समझकर गुप्त रूप से आगे बढ़ाएं।

**कन्या** — आज राजनीति में उच्च पद मिलने के योग हैं। नौकरी में अधीनस्थ से निकटता बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की जिम्मेदारी मिलने के योग है। धन संपत्ति मिलने की बाधा सरकारी मदद से दूर होगी। वाहन खरीदने के इच्छुक लोगों को सफलता मिलेगी।

**तुला** — आज किसी महत्वपूर्ण योजना पर कार्य करेंगे। किसी पुराने मुकदमे में जीत आपकी होगी। व्यापार में नए अनुबंध होंगे। विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्र में कार्यरत लोगों को महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी। शुभ समाचार प्राप्त होगा।

**वृश्चिक** — आज किसी लंबी यात्रा अथवा विदेश यात्रा पर जाने के योग बनेंगे। पैतृक धन संपत्ति को लेकर परिवार में वाद हो सकता है। आप किसी के कहे सुने में न आएं। उद्योग धंधे में किसी अनुभवी व्यक्ति से विशेष सहयोग मिलेगा।

**धनु** — आज परिवार में किसी नए सदस्य का आगमन होगा। किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति से सहयोग, सानिध्य मिलेगा। नया कार्य आरंभ कर सकते हैं। बौद्धिक कार्य लोगों को सफलता एवं सम्मान मिलेगा। किसी अनचाही यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** — आज उद्योग धंधे की कोई बड़ी बाधा सरकारी मदद से दूर होगी। राजनीति में सहयोगी लाभकारी सिद्ध होंगे। खाद्य पदार्थों के व्यवसाय से जुड़े लोगों को विशेष लाभ होगा। परिवार में कोई मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** — आज किसी व्यापारिक योजना के सफल होने के योग हैं। नौकरी में आपके कार्य से बॉस का ध्यान आपकी ओर आकर्षित होगा। किसी प्रियजन के कारण समाज में मान, प्रतिष्ठा बढ़ेगी। अस्त्र-शस्त्र में अभिरुचि रहेगी। शस्त्र खरीदने की योजना बन सकती है।

**मीन** — आज नौकरी में नवीन दायित्व मिलने के संयोग बनेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य के संपन्न होने में अचानक मनोबल में वृद्धि होगी। कला, खेल,विज्ञान की दुनिया में लोगों को सरकार से महत्वपूर्ण सम्मान प्राप्त होगा।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | देवता | सुबह : 11 .31 |
| B4U Movies | कहानी किस्मत की | शाम : 06 .20 |
| &pictures | कार्तिकेय 2 | सुबह :11 .06 |
| &pictures | स्क्वाड | रात : 08 .00 |
| Sony Pix | स्पाइडर मैन | सुबह : 10 .26 |
| Sony Pix | मॉन्स्टर हंटर | रात : 09 .00 |
| Zee Cinema | बंगाराजू | सुबह : 11 .06 |
| Zee Cinema | गदर 2 | रात : 08 .00 |
| Colors Cineplex | कसम | सुबह : 09 .25 |
| Colors Cineplex | दामिनी | रात : 09 .30 |

### आज की सुपरहिट फिल्म





जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति-पत्नी दोनों कार ऐक्सिडेंट में गुजर गए।
पति भूत बना और बीवी बनी चुड़ैल कुछ समय बाद दोनों मिले।
बीवी-कितने अलग लग रहे हो भूत बनकर।
पति-पगली तू तो बिल्कुल नहीं बदली।

टीचर- अच्छा बच्चों बताओ ड्राइवर और कंडक्टर में क्या फर्क होता है।
छात्र-गुरुजी, कंडक्टर सो गया तो किसी का टिकट नहीं कटेगा,लेकिन अगर ड्राइवर सो गया तो सबका टिकट कट जाएगा।

## लखनऊ मंडी

**अनाज प्रति कुन्तल** : गेहूं (आरआर 21) 2360-2800 गेहूं (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 **चावल प्रति कुन्तल** : चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 **दाल दलहन** : चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-6200 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूंग खड़ा 10000-10500 मूंग दाल 10500-11000 मूंग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूंगफली का दाना 11000-12000 **तेल तिलहन** : अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 **वनस्पति** : बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 72,950 |
| सोना रवा | 72,800 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 92,100 |
| चांदी (999) | 92,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# दाल उत्पादन में आत्मनिर्भर बनेगा प्रदेश

## दलहन का उत्पादन 23.94 लाख मी. टन से बढ़कर 32.55 लाख मी. टन हो गया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** तीन चार साल में दलहन उत्पादन में उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर हो जाएगा। दरअसल, राज्य सरकार के इस दिशा में तय किए गए लक्ष्य पर चलते हुए बीते सात साल के नतीजे शानदार रहे हैं। इस दौरान दलहन उत्पादन में लगभग 36 प्रतिशत की वृद्धि इसका प्रमाण है। इस दौरान दलहन का उत्पादन 23.94 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 32.55 लाख मीट्रिक टन हो गया।

- **दलहन उत्पादन में रिकॉर्ड 36 फीसद की वृद्धि**

शासन से साझा की गई जानकारी के अनुसार, राज्य में दलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए अरहर, उरद एवं मूंग की कार्ययोजना तैयार कर ली गयी है। इसके तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजनान्तर्गत 27200 हेक्टेयर फसल प्रदर्शन आयोजित होंगे। इसी क्रम में दलहन राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजनान्तर्गत 31553 कुंतल बीज वितरण एवं 27356 कुंतल प्रमाणित बीज उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



### आत्मनिर्भरता से विदेशी मुद्रा भी बचेगी

सर्वाधिक आबादी के नाते इस उपभोग का सर्वाधिक हिस्सा उत्तर प्रदेश का ही है। ऐसे में पूरे दुनिया के दाल उत्पादक देशों (कनाडा, आस्ट्रेलिया, अमेरिका, टर्की,और म्यांमार) की नजर न केवल भारत और उत्तर प्रदेश की पैदावार बल्कि छह महीने के भंडारण पर भी रहती है। ऐसे में अगर उत्तर प्रदेश दालों के उत्पादन में आत्मनिर्भर हो जाय तो विदेशी मुद्रा भी बचेगी।

### एमएसपी पर खरीद की व्यवस्था भी सुनिश्चित

दलहनी फसलों के उत्पादन के बाद बाजार में उपज का वाजिब दाम दिलाने के लिए सरकार इन सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद की व्यवस्था भी सुनिश्चित कर रही है। किसान इनके उत्पादन के लिए प्रोत्साहित हों इनके लिए अन्य फसलों की तुलना में इनकी एमएसपी में भी अधिक वृद्धि कर रही है।

### बुंदेलखंड में विकसित होंगे आदर्श दलहन ग्राम

दलहन उत्पादन में अग्रणी बुंदेलखंड के जिलों- बांदा, महोबा, जालौन, चित्रकूट और ललितपुर में आदर्श दलहन ग्राम विकसित किये जाएंगे। उत्तर प्रदेश दलहन का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता राज्य है। लेकिन, अभी उपभोग का आधा ही उत्पादन प्रदेश में होता है।

## अमर कौल सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस के प्रबंध निदेशक-सीईओ

**नयी दिल्ली।** इंजीनियरिंग और बिजली क्षेत्र की कंपनी सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस के निदेशक मंडल ने अमर कौल को कंपनी का प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कौल की नियुक्ति 25 जलाई, 2024 से पांच साल के लिए की गयी है। यह जरूरी मंजूरियों पर निर्भर है।

निदेशक मंडल ने कौल को नौ जुलाई से 24 जुलाई, 2024 तक के लिए मनोनीत प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी नियुक्त किया है। वह नटराजन श्रीनिवासन का स्थान लेंगे। श्रीनिवासन 26 नवंबर, 2020 से कंपनी के प्रबंध निदेशक हैं और 24 जुलाई, 2024 को सेवानिवृत्त होंगे।

# पॉलिटेक्स इंडिया और स्टार फिनसर्व का पंजीकरण रद

मुंबई, एजेंसी



भारतीय रिजर्व बैंक ने अनियमित ऋण देने की प्रथाओं के कारण स्टार फिनसर्व इंडिया लिमिटेड और पॉलिटेक्स इंडिया लिमिटेड का पंजीकरण प्रमाणपत्र रद कर दिया है। केन्द्रीय बैंक ने आज यहां जारी बयान में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45-आईए (6) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन दोनों गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) को जारी पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) रद कर दिया गया है।

उसने कहा कि कंपनी ने अपने डिजिटल ऋण परिचालन में वित्तीय सेवाओं की आउटसोर्सिंग में आचार संहिता पर आरबीआई के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया है, जिसमें क्रेडिट मूल्यांकन, ऋण स्वीकृति के साथ-साथ केवाईसी सत्यापन प्रक्रिया जैसे मुख्य निर्णय लेने वाले कार्यों को सेवा प्रदाता को आउटसोर्स किया गया है। कंपनी ने सेवा प्रदाता को ग्राहक डेटा तक पूरी पहुँच प्रदान करके डेटा गोपनीयता और ग्राहक जानकारी की सुरक्षा पर आरबीआई के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया है। कंपनी ने अपने ग्राहकों को स्थानीय भाषा में ऋण समझौते और स्वीकृति पत्र की प्रति उपलब्ध न कराकर निष्पक्ष व्यवहार संहिता पर आरबीआई के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया है।

## भारतीय व्यवसायी राम बक्सानी का यूएई में निधन

**दुबई।** प्रमुख भारतीय व्यवसायी राम बक्सानी का 83 वर्ष की उम्र में यूएई में रविवार को निधन हो गया। यूएई में भारत के राजदूत संजय सुधीर ने आईटीएल कॉसमॉस समूह के चेयरमैन के निधन पर शोक जताया है।



उन्होंने कहा, उनके निधन से समुदाय ने एक मार्गदर्शक, एक आदर्श और एक संरक्षक खो दिया है। बक्सानी ने यूएई में भारतीय समुदाय को गौरवान्वित किया है। वह उन भारतीयों के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे, जो यूएई को अपना घर कहते हैं।

# यूरोपीय व विकसित देशों में कृषि उत्पाद का निर्यात आसान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरकार ने उत्तर प्रदेश से कृषि उत्पाद के निर्यात की राह आसान कर दी है। अब जल, वायु व सड़क मार्ग से फल, सब्जी व अन्य उत्पाद भेजने पर जो खर्च आएगा उस पर 25 फीसद प्रोत्साहन राशि कृषि उत्पादक संगठन (एफपीओ) और निर्यातकों को मिलेगी। इसकी वार्षिक अधिकतम सीमा 20 लाख रुपये की है। इससे खासकर यूरोपीय व विकसित देशों में निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। क्योंकि, अधिक दूरी होने के कारण फल व सब्जियों के साथ जल्द खराब होने वाले अन्य उत्पाद वायु मार्ग से जाते हैं। इसमें खर्च अधिक आता है और अनुदान कम मिलता है। इस वजह से निर्यात बढ़ नहीं पा रहा है। कृषि उत्पादों का निर्यात बढ़ाकर किसानों को समृद्ध करने के लिए यह प्रस्ताव कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार निदेशालय ने शासन में रखा था। उप निदेशक डॉ. सुग्रीव शुक्ला ने बताया कि कैबिनेट ने इसे मंजूरी दे दी है। इससे निर्यात बढ़ेगा और किसानों की आय में इजाफा होगा।

- **सरकार जल, वायु व सड़क मार्ग के खर्च पर 25 फीसद देगी अनुदान**
- **तीनों मार्गों पर 10 लाख से बढ़कर 20 लाख हुआ वार्षिक अनुदान**



### इन वर्षों में यह हुआ निर्यात

| वर्ष | उपज (एमटी में) | रुपये (करोड़ में) |
|---|---|---|
| 2020-21 | 1,763,534 | 17,729 |
| 2021-22 | 1,844,770 | 18,049 |
| 2022-23 | 1,763,534 .83 | 17,729 |

### एक समान अनुदान, वार्षिक 10 लाख की बढ़ोतरी

अब तक जल व वायु मार्ग पर प्रति किलो 10 रुपये अनुदान मिलता था। जबकि वार्षिक वायु मार्ग पर 10 लाख रुपये और जल मार्ग पर 20 लाख रुपये अधिकतम अनुदान थी। इसके अतिरिक्त सड़क व रेलवे मार्ग पर पांच रुपये प्रति किलो अनुदान राशि दी जाती थी। लेकिन, अब सभी मार्गों पर एक समान 25 फीसद और वार्षिक 20 लाख रुपये व्यय पर अनुदान मिलेगा।

### वायु मार्ग पर 200-250 रुपये प्रति किलो खर्च

प्रदेश से यूरोपीय देश बेल्जियम, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड आदि में वायु मार्ग से निर्यात करने पर एक किलो पर 200-250 रुपये दूरी के हिसाब से खर्च आता है। इसी तरह विकसित देश अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, जर्मनी, कनाडा, फ्रांस, रूस व आस्ट्रेलिया आदि में 150-200 रुपये, जबकि खाड़ी देश कतर, सऊदी अरब, बहरीन, कुवैत, इराक, ओमान आदि की दूरी कम होने पर 50 से 70 रुपये प्रति किलो खर्च आता है। इन सभी में अनुदान 10 रुपये प्रति किलो होने पर खाड़ी देश में ज्यादा निर्यात होता है।

## नीति आयोग की संचालन परिषद की बैठक 27 को

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीति आयोग की 27 जुलाई को होने वाली नौंवी संचालन परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में 2047 तक भारत को विकसित बनाने से जुड़े दस्तावेज पर चर्चा की जाएगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

नीति आयोग की शीर्ष नीतिगत इकाई परिषद में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल और कई केंद्रीय मंत्री शामिल हैं। मोदी नीति आयोग के चेयरमैन हैं। नीति आयोग की संचालन परिषद की बैठक 27 जुलाई को होगी।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### उपराज्यपाल के निर्देश के बाद शिक्षकों के तबादले का आदेश स्थगित

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने उपराज्यपाल वी के सक्सेना के आदेशों पर कार्रवाई करते हुए पांच हजार स्कूल शिक्षकों के तबादले का आदेश सोमवार को कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया। ये शिक्षक 10 से अधिक वर्ष से एक ही स्कूल में तैनात हैं। सक्सेना ने रविवार को मुख्य सचिव नरेश कुमार को तबादले के आदेश को कुछ वक्त के लिए स्थगित करने का निर्देश दिया। यह तबादला आदेश पिछले सप्ताह जारी किया गया था। उपराज्यपाल ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के नेताओं और शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद एक अंतरिम उपाय के रूप में तबादले के आदेश को कुछ वक्त के लिए स्थगित रखने का निर्देश दिया। दिल्ली की शिक्षा मंत्री ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए तबादले के आदेश के पीछे भाजपा की साजिश का आरोप लगाया।

### कीर्ति चक्र विजेता की पत्नी पर आपत्तिजनक टिप्पणी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने दिल्ली पुलिस को कीर्ति चक्र विजेता कैप्टन अंशुमान सिंह की पत्नी पर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और अश्लील टिप्पणी करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने को कहा है। आयोग ने सोमवार को बताया कि दिल्ली के अहमद के.ने सोशल मीडिया पर कैप्टन अंशुमान सिंह की पत्नी की फोटो पर आपत्तिजनक और अश्लील टिप्पणी की है। यह भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 79 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67 के अंतर्गत अपराध है। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने इसकी कडी निंदा की है और पुलिस से इस पर शीघ्र कार्रवाई की अपील की है।

# असम में बाढ़ के कारण 28 जिलों में करीब 23 लाख लोग प्रभावित

## राज्य में इस वर्ष बाढ़, भूस्खलन और तूफान में 78 लोगों की जान जा चुकी है

गुवाहाटी, एजेंसी

असम में बाढ़ की स्थिति सोमवार को भी गंभीर बनी रही और 28 जिलों की लगभग 23 लाख की आबादी इससे प्रभावित हुई। एक आधिकारिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। बुलेटिन के अनुसार, अधिकतर नदियों का जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर है। राज्य में इस वर्ष बाढ़, भूस्खलन और तूफान में 78 लोगों की मौत हुई जबकि इनमें से केवल बाढ़ के कारण 66 लोगों की मौत हुई।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का सोमवार को सिलचर पहुंचने और मणिपुर जाते समय कछार जिले के फुलेर्तल में बाढ़ राहत शिविर का दौरा करने का कार्यक्रम है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि बाढ़ प्रभावित जिलों में सभी राहत शिविरों में पूरी व्यवस्था की गई है और स्थिति सामान्य होने तक आवश्यक वस्तुओं का पर्याप्त भंडार रखा गया है। उन्होंने कहा कि बाढ़ राहत शिविरों की सुरक्षा और स्वच्छता सरकार की प्राथमिकता है और उनकी टीम लोगों के संपर्क में है। वर्तमान में, 28 जिलों में 3,446 गांवों के लगभग 23 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं, जबकि बाढ़ की दूसरी लहर से 68,432.75 हेक्टेयर फसल भूमि जलमग्न हो गई है। धुबरी में सबसे अधिक 7,54,791 लोग प्रभावित हुए, इसके बाद कछार में 1,77,928 लोग और बारपेटा में 1,34,328 लोग बाढ़ से प्रभावित हुए। कुल 53,689 लोगों ने 269 राहत शिविरों में शरण ली है, जबकि शिविरों में नहीं रह रहे 3,15,520 लोगों को राहत सामग्री प्रदान की गई है।

### भूस्खलन के कारण अरुणाचल प्रदेश के कई जिलों का सड़क संपर्क टूटा

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में बारिश के कारण हुए भूस्खलन से कई जिलों का सड़क संपर्क बाधित हो गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को शि-योमी जिले में भूस्खलन के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई। राज्य में प्राकृतिक आपदाओं के कारण अप्रैल से अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है।

### गोवा में मूसलाधार बारिश से कई इलाके जलमग्न, तीन लोगों की मौत

**पणजी।** गोवा में सोमवार को लगातार तीसरे दिन मूसलाधार बारिश से कई निचले इलाके जलमग्न हो गए। पुलिस ने बताया कि रविवार को उत्तर गोवा में भारी बारिश के बीच कुंदैम इंडस्ट्रियल एस्टेट में दीवार गिरने की घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी। एक अधिकारी ने बताया कि इस घटना में मजदूर दिलीप यादव (37), मुकेश कुमार सिंह (38) और ट्रिनिटी नायक (47) की मौत हो गयी।

### मुंबई में भारी बारिश से उपनगरीय रेल, विमान सेवाएं प्रभावित, स्कूल बंद

**मुंबई।** मुंबई और आसपास के इलाकों में भारी बारिश के कारण पटरियों पर जलभराव के चलते मध्य रेलवे की उपनगरीय सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुईं और हवाईअड्डे पर भी परिचालन पर असर पड़ा जिसके कारण सोमवार को 50 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। भारी बारिश के कारण शहर के कई निचले इलाकों में पानी भर गया, जिससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई और लोगों को जलमग्न सड़कों से गुजरते देखा गया। राज्य सरकार ने मुंबई, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों के सभी स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है। मुंबई के कुछ इलाकों में सुबह सात बजे तक मात्र छह घंटों में 300 मिमी से अधिक बारिश हुई, जिससे सड़कें और निचले इलाके जलमग्न हो गए। पूरे दिन शहर में भारी बारिश हुई। महाराष्ट्र विधानमंडल के दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित कर दी गई, क्योंकि भारी बारिश के कारण कई सदस्य और अधिकारी विधान भवन नहीं पहुंच सके।



### 30 से अधिक जानवरों को बचाया गया

**मुंबई।** मुंबई और आसपास के जिलों में भारी बारिश के बीच 30 से अधिक जानवरों, पक्षियों और सरीसृपों को बचाया गया है। रेस्किंक एसोसिएशन फॉर वाइल्डलाइफ वेलफेयर के संस्थापक और अध्यक्ष एवं वन विभाग के मानद वन्यजीव वार्डन पवन शर्मा ने बताया, हमें 24 घंटों में 60 से अधिक फोन कॉल प्राप्त हुए हैं और मुंबई तथा आसपास के जिलों ठाणे, रायगढ़ और पालघर से 30 से अधिक जानवरों, पक्षियों, सरीसृपों को बचाया है।

# पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

**संदेशखालि मामला**

उच्चतम न्यायालय ने संदेशखालि में महिलाओं के सामूहिक यौन शोषण और जमीन हड़पने के आरोपों की जांच सीबीआई को सौंपने के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका सोमवार को खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने याचिका खारिज करने के साथ ही स्पष्ट किया कि उच्च न्यायालय द्वारा की गई टिप्पणियों से निचली अदालत की कार्यवाही पर कोई असर नहीं पड़ेगा। सामूहिक यौन शोषण और जमीन हड़पने के कथित मामले में निलंबित तृणमूल कांग्रेस पार्टी के सदस्य शेख शाहजहां और अन्य पर महिलाओं के सामूहिक यौन शोषण और जमीन हड़पने के आरोप लगाये गये हैं। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गत 10 अप्रैल को उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट उपमंडल के संदेशखालि में निलंबित टीएमसी नेता शाहजहां और अन्य के खिलाफ सीबीआई जांच के आदेश दिए थे।

# एक्स से महुआ की पोस्ट की डिटेल मांगी

नयी दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की प्रमुख रेखा शर्मा के बारे में अपमानजनक टिप्पणी को लेकर तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के एक दिन बाद, दिल्ली पुलिस ने सोमवार को सोशल मीडिया कंपनी एक्स से लोकसभा सदस्य की अब हटाई जा चुकी टिप्पणी का विवरण मांगा।

मोइत्रा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 79 के तहत मामला दर्ज किया गया है, जो किसी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से शब्द का इस्तेमाल, भाव-भंगिमा या कृत्य करने से संबंधित है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता ने एक्स पर पोस्ट किये गए एक वीडियो पर यह टिप्पणी की थी। वीडियो में, शर्मा उत्तर प्रदेश के हाथरस में मची भगदड़ स्थल पर चार जुलाई को जाती हुई दिख रही थीं। हालांकि, मोइत्रा ने बाद में उस पोस्ट को हटा दिया, जिसमें एनसीडब्ल्यू प्रमुख के साथ छाता पकड़े एक व्यक्ति के चलने का जिक्र किया गया था। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने 'एक्स' को पत्र लिखा है और सोशल मीडिया कंपनी से जवाब मिलने का इंतजार है। सूत्रों ने बताया कि पोस्ट का विवरण जांच के लिए जरूरी है, हालांकि जांचकर्ता इसका स्क्रीनशॉट पहले ही ले चुके हैं। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर, आगामी दिनों में मोइत्रा को तलब किया जा सकता है।



- **दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया कंपनी को भेजा पत्र**

# मणिपुर पहुंचे राहुल, जातीय हिंसा पीड़ितों से की बात

इंफाल, एजेंसी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को मणिपुर के जिरीबाम और चुराचांदपुर जिलों में राहत शिविरों का दौरा किया और वहां रह रहे लोगों से बातचीत की। राज्य में पिछले साल मई में मेइती और कुकी समुदाय के लोगों के बीच जातीय हिंसा शुरू हुई थी। इसमें 200 से अधिक लोगों की मौत हुई है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ पहुंचे गांधी ने राहत शिविरों में रह रहे लोगों से बात की और उनकी समस्याएं सुनीं। कांग्रेस द्वारा राज्य की दोनों लोकसभा सीटें जीतने के बाद राहुल गांधी पहली बार यहां आए हैं। कांग्रेस ने 'एक्स' पर कहा कि हिंसा के बाद मणिपुर की उनकी (राहुल गांधी की) तीसरी यात्रा लोगों के मुद्दों के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



- **राहत शिविरों का दौरा कर सुनीं समस्याएं**
- **200 से अधिक लोगों की मौत**

# हेमंत सोरेन सरकार को विश्वास मत, 11 मंत्रियों ने ली शपथ

रांची, एजेंसी

झारखंड विधानसभा से विपक्षी सदस्यों के बहिर्गमन के बीच, हेमंत सोरेन सरकार के सोमवार को विश्वास मत हासिल करने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और झामुमो नीत गठबंधन के 10 अन्य नेताओं ने मंत्री के तौर पर शपथ ली। राज्य की 81 सदस्यीय विधानसभा में मनोनीत सदस्य ग्लेन जोसेफ गॉलस्टेन सहित कुल 45 विधायकों ने विश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) के विधायक मतों की गिनती शुरू होते ही सदन से बाहर चले गए। भाजपा के नेतृत्व वाले विपक्ष के पास 24 और आजसू पार्टी के तीन विधायक हैं।



रांची के राजभवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्य मंत्रिमंडल के नव शपथ ग्रहण मंत्रियों के साथ झारखंड के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन। • एजेंसी

### ईडी ने धनशोधन के मामले में हेमंत सोरेन की जमानत के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने कथित जमीन घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा झामुमो नेता हेमंत सोरेन को दी गई जमानत के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। ईडी द्वारा 31 जनवरी को गिरफ्तार किए जानेसे कुछ देर पहले ही झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इससे पहले उच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान ईडी के वकील ने दलील दी थी कि यदि सोरेन को जमानत पर रिहा किया गया तो वह इसी तरह का अपराध कर सकते हैं और उन्होंने अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति पुलिस थाने में ईडी अधिकारियों के खिलाफ दर्ज मामलों का हवाला दिया था। उच्च न्यायालय ने जमानत आदेश में कहा था, याचिकाकर्ता द्वारा प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर ईडी ने उनके आचरण को रेखांकित किया है।

# दिव्यांगों की नकारात्मक छवि गढ़ना भेदभावपूर्ण

नयी दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि दृश्य मीडिया और फिल्मों में दिव्यांग व्यक्तियों की नकारात्मक छवि गढ़ना भेदभाव और असमानता को बढ़ावा देता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसी भाषा जो दिव्यांग व्यक्तियों को अपमानित करती है, उन्हें और अधिक हाशिये पर धकेलती है तथा उनकी सामाजिक भागीदारी में आने वाली बाधाओं को बढ़ाती है, उस पर सावधानी से विचार किया जाना चाहिए।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि शब्द संस्थागत भेदभाव पैदा करते हैं और दिव्यांग व्यक्तियों के बारे में सामाजिक धारणा में अपंग और मंदबुद्धि जैसे शब्द निम्न दर्जे का अर्थ रखते हैं। शीर्ष अदालत ने दृश्य मीडिया में दिव्यांग व्यक्तियों के चित्रण की रूपरेखा पर कहा कि वे नकारात्मक आत्म-छवि में योगदान करते हैं और समाज में भेदभावपूर्ण दृष्टिकोण और प्रथाओं को कायम रखते हैं। उन्होंने कहा, ऐसी भाषा जो दिव्यांगता को वैयक्तिकृत करती है, उससे बचा जाना चाहिए या उसे सामाजिक मानक के विपरीत भाषा के रूप में पर्याप्त रूप से चिह्नित किया जाना चाहिए।




- **शीर्ष अदालत ने कहा- अपंग और मंदबुद्धि जैसे शब्द निम्न दर्जे का अर्थ रखते हैं**

# भारतीय हॉकी टीम स्विट्ज़रलैंड रवाना

बेंगलुरू, एजेंसी

ओलंपिक की तैयारी



भारतीय पुरूष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक से पहले स्विटजरलैंड में मशहूर माइक हार्न्स बेस के लिए रवाना हो गई जिसके बाद नीदरलैंड में एक अभ्यास शिविर में भाग लेगी। स्विटजरलैंड में तीन दिवसीय शिविर खिलाड़ियों को मानसिक रूप से मजबूत बनाने के लिए लगाया है।

इसके बाद टीम नीदरलैंड में अभ्यास मैच खेलेगी और फिर पेरिस रवाना होगी। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि ओलंपिक से पहले आगामी अनुभव टीम को मानसिक और शारीरिक रूप से सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रखने के लिए काफी उपयोगी होंगे। उन्होंने कहा हमने अभी बेंगलुरू में दो सप्ताह का शिविर खत्म किया है। अब स्विटजरलैंड में माइक हॉर्न जा रहे हैं जो साहसिक गतिविधियों का केंद्र है। इसके बाद टीम नीदरलैंड और मलेशिया से अभ्यास मैच खेलेगी। भारतीय टीम 20 जुलाई को पेरिस पहुंचेगी।

भारत को ओलंपिक में पहला मैच 27 जुलाई को न्यूजीलैंड से खेलना है जिसके बाद 29 जुलाई को अर्जेंटीना से, 30 जुलाई को आयरलैंड और एक अगस्त को बेल्जियम से मुकाबला है। आखिरी ग्रुप मैच दो अगस्त को आस्ट्रेलिया से खेलना है। भारत को नॉकआउट में पहुंचने के लिए शीर्ष चार में रहना होगा।

## जेसविन-अंकिता को एथलेटिक्स टीम में मिली जगह




**नई दिल्ली।** जेसविन एल्ड्रिन (पुरुषों की लंबी कूद) और महिला वर्ग में अंकिता ध्यानी (पांच हजार मीटर दौड़) में विश्व रैंकिंग में जगह बनाने के बाद भारत की पेरिस ओलंपिक की एथलेटिक्स टीम में शामिल किया है। दोनों एथलीटों के टीम में शामिल होने के साथ ही पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय एथलेटिक्स टीमें सदस्यों की संख्या अब 30 हो गई हैं। विश्व एथलेटिक्स ने आधिकारिक तौर पर जेसविन एल्ड्रिन और अंकितना ध्यान के भारतीय टीम में शामिल होने की पुष्टि की है। लंबी कूद के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक एल्ड्रिन पुरुषों की लंबी कूद में 31वें स्थान पर हैं। उन्हें शीर्ष 32 एथलीटों में शामिल होने के कारण पेरिस में जगह बनाई है। वहीं अंकिता महिलाओं की पांच हजार मीटर में 42वें स्थान पर हैं, जो कि उस स्पर्धा में कटऑफ रैंक है। अंकिता आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों में इसी स्पर्धा में 29वें स्थान पर रहीं और हमवतन पारुल चौधरी पांच हजार मीटर की राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक के साथ जुड़ेंगी। अंकिता ध्यानी का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 15:28.08 है जो उन्होंने इस साल की शुरुआत में कैलिफोर्निया में ट्रैक फेस्ट में हासिल किया था। उन्होंने पिछले महीने इंटर-स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 16:10.31 के समय के साथ स्वर्ण पदक भी जीता।

## भारत के मिशन प्रमुख होंगे गगन नारंग, सिंधू महिला ध्वजवाहक

**नई दिल्ली।** लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग ने सोमवार को पेरिस ओलंपिक के लिए भारत के मिशन प्रमुख के रूप में मुक्केबाज मेरीकोम की जगह ली। पेरिस खेलों के उद्घाटन समारोह में दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू भारत की महिला ध्वजवाहक होंगी।

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने बताया कि मेरीकोम के इस्तीफे के बाद उप मिशन प्रमुख नारंग को मिशन प्रमुख बनाया जाना स्वतः पसंद थी। उषा ने कहा, मैं अपने दल की अगुआई के लिए ओलंपिक पदक विजेता को ढूंढ रही थी और मेरे युवा साथी मेरीकोम के उपयुक्त विकल्प हैं। पीटीआई ने इससे पहले खबर दी थी कि नारंग भारतीय दल का मिशन प्रमुख बनने की दौड़ में शामिल हैं। उषा ने कहा मुझे यह घोषणा करते हुए भी खुशी हो रही है कि दो ओलंपिक पदक जीतने वाली भारत की एकमात्र महिला खिलाड़ी पीवी सिंधू उद्घाटन समारोह में टेबल टेनिस खिलाड़ी ए शरत कमल के साथ महिला ध्वजवाहक होंगी। मुझे विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ परिणाम देने के लिए अच्छी तरह तैयार हैं।

## भारत के खिलाफ शृंखला से पूर्व सनत जयसूर्या श्रीलंका के अंतरिम कोच

कोलंबो, एजेंसी



- टी-20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन पर सिल्वरवुड ने दे दिया था इस्तीफा एसएलसी ने सनत को सौंपी जिम्मेदारी

श्रीलंका के पूर्व कप्तान सनत जयसूर्या को इस महीने के अंत में भारत के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की घरेलू शृंखला से पहले टीम का अंतरिम मुख्य कोच नामित किया है। बोर्ड का कहना है कि कुछ महीनों में स्थायी समाधान मिलने तक वह टीम का मार्गदर्शन करने के लिए उपयुक्त व्यक्ति है।

भारतीय टीम 27 जुलाई से शुरू होने वाले तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय और तीन वनडे के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने कहा श्रीलंका क्रिकेट सनत जयसूर्या को राष्ट्रीय टीम के अंतरिम प्रमुख कोच के रूप में नियुक्त करने की घोषणा करता है। वह सितंबर 2024 में श्रीलंका के इंग्लैंड दौरे के पूरा होने तक इस पद पर कार्य करेंगे। जयसूर्या इंग्लैंड के क्रिस सिल्वरवुड की जगह अंतरिम आधार पर टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे। सिल्वरवुड ने टी-20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद इस्तीफा दे दिया था।

### वनडे से बाहर रह सकते हैं रोहित, विराट और बुमराह

**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली को अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे शृंखला से आराम दिया जा सकता है और केएल राहुल या हार्दिक पंड्या इस कप्तानी कर सकते हैं। जसप्रीत को भी वनडे शृंखला से ब्रेक दिया जा सकता है। रोहित और विराट ने बोर्ड से लंबा ब्रेक मांगा है दोनों आईपीएल की शुरूआत से खेल रहे हैं। सूत्र ने बताया चैंपियंस ट्रॉफी से पहले इंग्लैंड के खिलाफ तीन वनडे तैयारी के लिए काफी हैं। अगले कुछ महीने दोनों टेस्ट को प्राथमिकता देंगे क्योंकि भारत को सितंबर से जनवरी के बीच दस टेस्ट खेलने हैं।

## खेल डायरी

### ओडिशा के दो खिलाड़ियों को 15 लाख देने की घोषणा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने सोमवार को हॉकी खिलाड़ी अमित रोहिदास और दिग्गज भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना के लिए 15-15 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि की घोषणा की। ये दोनों पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार माझी ने उम्मीद जताई कि प्रोत्साहन राशि ओडिशा के दो खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और देश को गौरवांवित करने के लिए प्रेरित करेगी। माझी ने कहा कि जेना और रोहिदास ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करके अपने गृह नगरों के साथ पूरे राज्य को गौरवांवित किया है। उन्होंने कहा कि दोनों खिलाड़ियों के प्रयास, इच्छाशक्ति, कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ता से राज्य में युवाओं और उभरती प्रतिभाओं को प्रेरणा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और राज्य सरकार राज्य के हर कोने में ऐसी प्रतिभाओं के सर्वांगीण विकास के लिए जमीनी स्तर पर आवश्यक बुनियादी ढांचा, वित्तीय सहायता और अन्य सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### पुरुष फुटबॉल के लिए अमेरिका की टीम घोषित

**वॉशिंगटन।** पेरिस ओलंपिक 2024 में फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए अमेरिका ने सोमवार को मिहेलोविच, रॉबिन्सन और जिमरमैन सहित 18 पुरुष खिलाड़ियों वाली टीम की घोषणा की है। चार अतिरिक्त खिलाड़ियों को वैकल्पक रूप में रखा गया है। गोलकीपर : पैट्रिक शुल्टे , गागा स्लोनिना, डिफेंडर : मैक्सिमिलियन डाइट्ज, नाथन हैरियल, माइल्स रॉबिन्सन, जॉन टोल्किन, कैलेब विले और वॉकर जिमरमैन। मिडफील्डर्स : जियानलुका बुसियो, बेंजामिन क्रेमास्ची, जैक मैकग्लिन, जोर्डजे मिहैलोविक और टान्नर टेसमैन। फॉरवर्ड : पैक्सटन आरोनसन, टेलर बूथ, डंकन मैकगायर, केविन पेरेडेस और ग्रिफिन यो। वैकल्पिक : जोश, जैकब, जोहान गोमेज और जॉन पल्सकैम्प शामिल हैं।

### ह्यूस्टन स्क्वाश के फाइनल में हारे चोतरानी

**नई दिल्ली।** भारत के वीर चोतरानी ह्यूस्टन में 9000 डॉलर इनामी पीएसए चैलेंजर टूर प्रतियोगिता कान्सो ओपन स्क्वाश के फाइनल में पाकिस्तान के मुहम्मद अशाब इरफान से पांच गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में 2-3 से हार गए। विश्व में 106वें स्थान पर काबिज और यहां चौथे वरीय चोतरानी ने दो बार वापसी करके बराबरी की लेकिन तीसरी वरीयता प्राप्त इरफान ने रविवार को खेले गए फाइनल में निर्णायक गेम अपने नाम करके खिताब जीता। पाकिस्तान के खिलाड़ी में 80 मिनट तक चले इस मैच में 11-7 8-11 12-10 8-11 11-8 से जीत दर्ज की। इससे पहले 22 वर्षीय चोतरानी ने मैक्सिको के दूसरे वरीय अल्फ्रेडो अविला वर्गारा को 11-3 9-11 11-7 11-7 से हराकर पांचवीं बार किसी टूर प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया था।

### अश्विन ने ग्लोबल चेस लीग में खरीदी टीम

**नई दिल्ली।** भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन अमेरिकन गैम्बिट्स टीम के सह मालिक बन गए हैं जो ग्लोबल चेस लीग (जीसीएल) के दूसरे सत्र में हिस्सा लेने वाली नई टीम है। जीसीएल टेक महिंद्रा और अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ के संयुक्त स्वामित्व वाली लीग है। लंदन में 3 से 12 अक्टूबर तक होने दूसरे सत्र के लिए लीग ने सोमवार को छह फ्रेंचाइजी को पेश किया। जाने माने व्यवसायी प्रचुर पीपी, वेंकट के नारायण और अश्विन के स्वामित्व वाली अमेरिकन गैम्बिट्स टूर्नामेंट में चिंगारी गल्फ टाइटंस की जगह लेगी। अश्विन ने कहा हम अमेरिका गैम्बिट्स को शतरंज जगत के सामने पेश करके रोमांचित हैं। सह मालिक के रूप में मैं यात्रा का गवाह बनने और सफलता में योगदान देने के लिए उत्साहित हूं। दूसरे सत्र में हिस्सा लेने वाली पांच अन्य फ्रेंचाइजी अल्पाइन एसजी पाइपर्स, पीबीजी अलास्कन नाइट्स, गैंगेस ग्रैंडमास्टर्स, गत चैंपियन त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स और मुंबा मास्टर्स हैं।

# गेंदबाजों को दिखानी होगी प्रतिभा

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतिम टी-20 में जीत के लिए बेहतर प्रदर्शन की जरूरत

चेन्नई, एजेंसी




भारतीय महिला टीम तीन मैचों की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला में मंगलवार को आखिरी मैच में जब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान में उतरेगी तक उसके सामने जीत दर्ज कर इसे 1-1 से बराबर करने की चुनौती होगी। इसके लिए हालांकि भारतीय गेंदबाजों को अपने प्रदर्शन के स्तर को ऊंचा उठाना होगा जिसके खिलाफ दक्षिण अफ्रीका ने पहले मैच में नौ विकेट पर 189 रन बनाकर 12 रन से जीत दर्ज की। दूसरे मैच में बारिश के कारण भारत को बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला लेकिन गेंदबाजों ने इस मुकाबले में भी छह विकेट पर 177 रन लुटाए थे। तीसरे टी20 में पर भी खराब मौसम का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि मंगलवार को भी बारिश की 30 से 40 प्रतिशत संभावना है।

दोनों मैचों में दो-दो विकेट लेने वाली पूजा वस्त्राकर और स्पिनर दीप्ति शर्मा को छोड़कर, अधिकांश भारतीय गेंदबाज प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे है। रेणुका सिंह के पहले मैच में असरहीन रहने के बाद दूसरे मुकाबले में सजीवन सजना को मौका मिला लेकिन इससे भी टीम को कोई फायदा नहीं हुआ। श्रेयंका पाटिल और राधा यादव ने रविवार को एक-एक विकेट लिया लेकिन यह दोनों गेंदबाज भी रन रोकने में नाकाम रहे। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर चाहेंगी कि शृंखला दांव पर होने के कारण उनके गेंदबाज कड़ी मेहनत करें। बल्लेबाजी के मोर्चे पर पहले मैच में भारतीयों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। जेमिमा रोड्रिग्स (नाबाद 53), स्मृति मंधाना (46), हरमनप्रीत (35), शेफाली वर्मा (18) और दयालन हेमलता (14) ने बल्ले से अच्छा योगदान दिया। टी-20 में रविवार को पदार्पण करने वाली विकेटकीपर उमा छेत्री के टीम में बने रहने की संभावना है। टीम प्रबंधन बल्ले से उनके योगदान को देखना चाहेगा।

दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका के लिए तजमिन ब्रिट्स ने लगातार दो अर्धशतक लगाकर शानदार लय में होने का सबूत दिया है। ब्रिट्स के अलावा, कप्तान लौरा वोल्वार्ट, मारिजान कप्प और एनेके बॉश ने भी तेजी से रन बनाए है। दक्षिण अफ्रीका की एकमात्र चिंता चोट से वापसी करने वाली बल्लेबाज क्लो ट्रायोन हैं। वह दोनों मैचों में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रही है। बांग्लादेश में आगामी टी-20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए, ट्रायोन खुद को साबित करने के लिए बेताब होगी।

### मैच : शाम 07:00 बजे

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), उमा छेत्री (विकेट कीपर), ऋचा घोष, दयालन हेमलता, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, सजीवन सजाना, दीप्ति शर्मा, आशा शोभना, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, शबनम शकील, पूजा वस्त्रकार और राधा यादव।

**दक्षिण अफ्रीका :** लौरा वोल्वार्ट (कप्तान), तजमिन ब्रिट्स, मीके डी रिडर (विकेट कीपर), सिनालो जाफ्ता (विकेट कीपर), एनेके बॉश, नादिन डी क्लार्क, एनेरी डर्कसेन, मारिजान कप्प, सुने लुस, क्लो ट्रायोन, अयाबोंगा खाका, मसाबाटा क्लास, एलिज़-मारी मार्क्स, नॉनकुलुलेको म्लाबा और तुमी सेखुखुने।

### उमा छेत्री कड़ी मेहनत करने वाली क्रिकेटर : बाली



**चेन्नई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के क्षेत्ररक्षण कोच मुनीश बाली ने उमा छेत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह युवा विकेटकीपर वास्तव में कड़ी मेहनत करने वाली क्रिकेटर है। 21 वर्षीय छेत्री ने रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बारिश के कारण रद्द कर दिए गए दूसरे मैच में टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में पदार्पण किया। उन्होंने दीप्ति शर्मा की गेंद पर तेजमिन ब्रिट्स को स्टंप आउट किया। इससे पहले वह इसी बल्लेबाज को स्टंप के आगे से गेंद पकड़ने के कारण जीवनदान दे चुकी थी। बाली ने छेत्री का बचाव किया और कहा कि इस युवा खिलाड़ी ने पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में शॉर्ट लेग पर जिस तरह से क्षेत्ररक्षण किया वह सराहनीय है। बाली ने कहा मुझे बहुत खुशी है कि उसे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण का मौका मिला। टेस्ट मैच के दौरान उसने 70 से 80 ओवर तक फील्डिंग की थी। वह बहादुर लड़की है। शॉर्ट लेग पर फील्डिंग करना आसान नहीं होता है। उसे तब चोट भी लगी थी लेकिन दर्द के बावजूद भी उसने वहां पर फील्डिंग की। उसका रवैया शानदार है और वह वास्तव में कड़ी मेहनत करने वाली क्रिकेटर है। मुझे बहुत खुशी है कि उसने ब्रिट्स को स्टंप आउट किया।

# अब युवराज को मुझ पर गर्व होगा : अभिषेक

हरारे, एजेंसी



भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने खुलासा किया कि जिंबॉब्वे के खिलाफ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण मैच में जब वह शून्य पर आउट हो गए थे तो उनके मेंटर (मार्गदर्शक) युवराज सिंह खुश थे क्योंकि इस पूर्व ऑलराउंडर का मानना था कि यह अच्छी शुरुआत है।

अभिषेक भारत की तरफ से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करते हुए खाता नहीं खोल पाए थे। जिंबॉब्वे ने यह मैच 13 रन से जीता। अभिषेक ने हालांकि शानदार वापसी करके दूसरे मैच में 47 गेंद पर 100 रन बनाए जिससे भारत यह मैच 100 रन से जीतने में सफल रहा। बीसीसीआई ने एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें अभिषेक ने कहा मैंने कल युवराज से बात की और मैं नहीं जानता कि जब मैं शून्य पर आउट हुआ तो वह क्यों बहुत खुश थे। उन्होंने कहा मैं आज जो भी हूं उसमें उनकी अहम भूमिका रही है। उन्होंने मुझे यहां तक पहुंचाने में कड़ी मेहनत की। उन्होंने न सिर्फ क्रिकेट मैदान पर मेरा कौशल निखारा बल्कि मैदान के बाहर की जिंदगी में भी मेरी मदद की। रविवार को खेले गए मैच के बाद अभिषेक ने युवराज से बात की और वह इस युवा बल्लेबाज के प्रदर्शन से काफी खुश थे। युवराज ने कहा शाबास, मुझे तुम पर गर्व है। तुम इसके हकदार थे। यह तो अभी शुरुआत है। आगे अभी इस तरह की कई पारियां खेलोगे।

## मालदीव के पर्यटन निकाय ने टी-20 विश्वविजेता टीम को किया आमंत्रित

**माले।** मालदीव के पर्यटन संघ और उसके विपणन एवं जनसंपर्क निगम ने हाल ही में टी-20 विश्व चैंपियन बनी भारतीय क्रिकेट टीम को जीत का जश्न मनाने के लिए अपने देश आमंत्रित किया है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने बारबडोस में 29 जून को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर ट्रॉफी जीती थी। दोनों निकायों ने संयुक्त बयान में कहा मालदीव मार्केटिंग एंड पब्लिक रिलेशंस कॉरपोरेशन (एमएमपीआरसी/विजिट मालदीव) ने मालदीव एसोसिएशन ऑफ टूरिज्म इंडस्ट्री (एमएटीआई) के सहयोग से भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को एक विशेष और खुला निमंत्रण दिया है। एमएमपीआरसी मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक इब्राहिम शिउरी और एमएटीआई के महासचिव अहमद नजीर ने संयुक्त बयान में कहा कि वे टीम की मेजबानी के लिए उत्सुक हैं। भारतीय टीम विश्व चैंपियन बनने के बाद गुरुवार को भारत लौटी है। इसमें कहा गया हमें आपकी मेजबानी करने और आपके प्रवास के दौरान यादगार क्षणों, विश्राम और बेहतरीन अनुभवों को सुनिश्चित करने में गर्व महसूस होगा। उन्होंने कहा कि यह निमंत्रण मालदीव और भारत के बीच मजबूत और दीर्घकालिक सांस्कृतिक और खेल संबंधों को दर्शाता है। शिउरी ने कहा, भारतीय क्रिकेट टीम का स्वागत करना और उनकी जीत की खुशी का हिस्सा बनना मालदीव के लिए बहुत सम्मान की बात होगी।

# इटली के तीन खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में

लंदन, एजेंसी



- रिबाकिना और स्वितोलिना भी जीतीं लोरेंजो ने जियोवान्नी को हराया

फ्रांस के जियोवान्नी एमपेत्सी के खिलाफ मैच के दौरान कोर्ट पर गिरे लोरेंजो मुसेत्ती।

इटली के लोरेंजो मुसेत्ती ने पांच फुट आठ इंच लंबे फ्रांस के जियोवान्नी एमपेत्सी को हराकर पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मुसेत्ती ने 21 वर्ष के प्रतिद्वंद्वी को विंबलडन प्री क्वार्टर फाइनल में 4-6, 6-3, 6-3, 6-2 से मात दी। इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर और महिला वर्ग में सातवीं रैंकिंग वाली जैसमीन पाओलिनी ने भी अंतिम आठ में जगह बना ली। यह पहली बार हुआ है कि इटली के तीन खिलाड़ी किसी ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हों।

सिनर ने 14वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन के खिलाफ 6-2, 6-4, 7-6 (9) से जीत दर्ज की। उनका अगला मुकाबला दानिल मेदवेदेव से होगा। एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच कार्लोस अल्काराज और टॉमी पॉल के बीच खेला जाएगा। गत चैंपियन अल्काराज ने 16वें वरीय उगो हम्बर्ट को 6-3, 6-4, 1-6, 7-5 से पराजित किया। मुसेत्ती का सामना अलेक्जेंडर ज्वेरेव या टेलर फ्रिट्ज से होगा। दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी एलेक्स डि मिनौर ने फ्रांस के आर्थर फिल्स को 6-2, 6-4, 4-6, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना सात बार के चैम्पियन नोवाक जोकोविच या होल्गर रूने से होगा। पॉल ने रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट को 6-2, 7-6 (3), 6-2 से हरा कर पहली बार विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मेदवेदेव ने ग्रिगोर दिमित्रोव के पहले सेट में पांव पर चोट लग जाने के कारण बाहर हो जाने से अंतिम आठ में प्रवेश किया। महिला वर्ग में मेडिसन कीज के तीसरे सेट में 5-5 के स्कोर पर हट जाने के कारण जैस्मीन पाओलिनी ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पाओलिनी का अगला मुकाबला एम्मा नवारो से होगा, जिन्होंने मौजूदा अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉफ को 6-4, 6-3 से हराया। क्वालीफायर लुलु सन भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है जहां उनका मुकाबला डोना वेकिच से होगा। सन ने 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू को 6-2, 5-7, 6-2 से हराया। वेकिच ने बारिश से प्रभावित एक अन्य मैच में पाउला बडोसा को 6-2, 1-6, 6-4 से हराया।

# फाइनल के लिए स्पेन को भेदना होगा फ्रांस का रक्षा कवच

यूरो कप 2024

म्यूनिख, एजेंसी



- फाइल फोटो

यूरो कप 2024 टूर्नामेंट में बेहतरीन फॉर्म में चल रही स्पेन की फुटबॉल टीम को मंगलवार को होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले में अपना विजय क्रम जारी रखते हुए फाइनल में पहुंचने के लिए फ्रांस की मजबूत रक्षापंक्ति को भेदना होगा।

टूर्नामेंट में अब तक स्पेन की सबसे बेहतरीन प्रदर्शन रहा है, उसने अपने सभी पांच मुकाबले जीते हैं और 11 गोल दागकर वहीं शीर्ष पर बनी हुई है जोकि उनके कौशल को दर्शाता है। स्पेन के कोच लुइस डे ला फुएंते अपनी टीम के प्रदर्शन को लेकर आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। दूसरी ओर फ्रांस को अपनी मजबूत रक्षापंक्ति पर भरोसा है, जो पूरे टूर्नामेंट में लगभग अभेद्य रही है। हालांकि उसका अभी तक आक्रामक प्रदर्शन सामने नहीं आया है। केवल उनकी रक्षापंक्ति उन्हें प्रतिस्पर्धा में बनाए रखा है। फ्रांस ने अभी तक केवल एक ही गोल खाया है। फ्रांस के कोच डिडिएर डेसचैम्प्स का भी मानना है कि सेमीफाइनल में बेहतर आक्रामक खेल की आवश्यकता होगी। यह सेमीफाइनल पिछले चार प्रमुख टूर्नामेंटों में फ्रांस की तीसरी उपस्थिति है, जो उनकी स्थायी गुणवत्ता और जीतने की मानसिकता का प्रमाण है। हालांकि, इस तरह के शानदार फॉर्म में चल रही स्पेनिश टीम का सामना करना उनकी अब तक की सबसे कठिन चुनौती होगी। लेकिन उनकी रक्षापंक्ति निर्णायक साबित हो सकती है।

## दोस्ताना मैच में म्यांमार पर जीत दर्ज करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम मंगलवार को यांगून में होने वाले दोस्ताना मैच में अपने से ऊंची रैंकिंग वाली म्यांमार टीम पर जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। विश्व रैंकिंग में 67वें स्थान पर काबिज भारत ने 54वीं रैंकिंग वाली म्यांमार के खिलाफ अब तक पांच में से एक भी मैच नहीं जीता है। चार मैच हारे और एक ड्रॉ रहा। दोनों टीमों के बीच आखिरी मुकाबला 2019 में एएफसी महिला ओलंपिक क्वालीफायर में हुआ था जो 3-3 से ड्रॉ रहा। संध्या रंगनाथन, संजू और एन रतनबाला देवी सभी उस टीम का हिस्सा थी और मौजूदा टीम में भी हैं। इन्होंने उस मैच में गोल दागे थे। इससे पहले भारतीय टीम चार बार एएफसी महिला एशियाई कप क्वालीफायर में म्यांमार से हारी है। भारतीय कप्तान एल आशालता देवी ने कहा हमने उनके खिलाफ पहले भी खेला है तो हमें उनके बारे में पता है। म्यांमार की टीम शारीरिक रूप से काफी मजबूत है और उनकी रफ्तार भी अच्छी है। हम बेहतर प्रदर्शन करके उन्हें हरा सकते हैं।



अभ्यास सत्र में दौड़ लगातीं भारतीय महिला टीम की खिलाड़ी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

## एक नजर

### स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री फिको काम पर लौटेंगे

**ब्रातिस्लावा।** स्लोवाकिया सरकार ने कहा कि प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको कृषि मंत्री के साथ एक कार्य कार्यक्रम में भाग लेंगे। वह मई के मध्य में एक हत्या के प्रयास में बच गए थे। फिको और कृषि मंत्री रिचर्ड स्लोवेन्स्का नोवा वेस गांव में कृषि संघ एग्रो वोडेराडी का दौरा करेंगे, जहां वह कृषि और खाद्य चैंबर और स्थानीय किसानों के प्रतिनिधियों के साथ फसल की प्रगति की जानकारी लेंगे। मई के मध्य में हत्या के प्रयास के बाद शुक्रवार शाम को प्रधानमंत्री पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आए थे।

### भारतीय मूल की लड़की ने गायन से किया मंत्रमुग्ध

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल की नौ वर्षीय लड़की अपनी गायन प्रतिभा से अमेरिकी दर्शकों को प्रभावित कर रही है और एक लोकप्रिय कार्यक्रम में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उसकी काफी प्रशंसा हो रही है। फ्लोरिडा की प्रनिस्का मिश्रा ने पिछले सप्ताह टीवी कार्यक्रम अमेरिकाज गॉट टैलेंट में टीना टर्नर का क्लासिक गाना रिवर डीप, माउंटेन हाई गाकर तहलका मचा दिया। इस गाने की दमदार प्रस्तुति ने शो के जज साइमन कॉवेल और हेदी क्लम को बेहद प्रभावित किया। मिश्रा को प्रतिष्ठित गोल्डन बजर से सम्मानित किया गया।

### सोने की अवैध खदान में भूस्खलन, 12 की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर मूसलाधार बारिश के कारण सोने की एक अवैध खदान में भूस्खलन होने से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई। गोरोंटालो प्रांत की खोज एवं बचाव एजेंसी के प्रवक्ता अफीफुद्दीन इलाहुदे ने बताया कि इस प्रांत के दूरस्थ बोन बोलांगो में एक छोटी, पारंपरिक, सोने की खदान में एक गड्ढे में रविवार को करीब 33 ग्रामीण खुदाई कर रहे थे तभी आसपास की पहाड़ियों से कई टन मिट्टी गिरी और वे दब गए। उन्होंने बताया कि बचाव कर्मियों ने रविवार को दो घायलों को बचाया और सोमवार तक 12 शव बरामद किए। वे अब भी 20 अन्य लोगों की तलाश कर रहे हैं जो लापता बताए जा रहे हैं।

### नाइजीरियाई राष्ट्रपति टीनूबू बने इकोवास के अध्यक्ष

**अबुजा।** नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला टीनूबू को पश्चिमी अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय (इकोवास) के अध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया है। टीनूबू को पहली बार 9 जुलाई 2023 को गिनी-बिसाऊ में इस पद के लिए चुना गया था। समाचार एजेंसी ने टीनूबू के हवाले से कहा मैंने बुर्किना फासो, माली और नाइजर गणराज्य के लिए हमारे विशेष दूत बनने के लिए सेनेगल के राष्ट्रपति बस्सिरौ दियोमाये फेय को नियुक्त किया है, साथ ही टोगो के राष्ट्रपति फॉरे ग्नसिंगबे को माली में नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि फरवरी 2024 में बुर्किना फासो, नाइजर और माली ने समुदाय से अपनी वापसी की घोषणा की।

### सिंगापुर ने 16 कीड़ों को मानव भोजन के रूप में दी मंजूरी

**सिंगापुर।** खाद्य नियामक ने मनुष्यों के भोजन के रूप में झींगुर, टिड्डे और टिड्डियों जैसे कीड़ों की लगभग 16 प्रजातियों के इस्तेमाल की मंजूरी दे दी है। द स्ट्रेट्स टाइम्स समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार यह बहुप्रतीक्षित घोषणा उद्योग जगत के उन कारोबारियों के लिए खुशखबरी है जो चीन, थाईलैंड और वियतनाम में मिलने वाले कीड़ों की सिंगापुर में आपूर्ति और खानपान का कारोबार करते हैं। भोजन के लिए स्वीकृत कीड़ों में झींगुर, टिड्डे, टिड्डियां, मीलवर्म और रेशमकीट की विभिन्न प्रजातियां शामिल हैं।

# पांव पसार रहा ऑनलाइन शॉपिंग फ्रॉड, ऐसे बचें

**अमृत विचार नेटवर्क।** बदलते वक्त के साथ ही भारत में डिजिटलाइजेशन बहुत तेजी से बढ़ रहा है। इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल के कारण देश में ई-कॉमर्स कंपनियों के कारोबार में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। ऐसे में ऑनलाइन शॉपिंग स्कैम भी तेजी से पांव पसार रहा है। एक सर्वे में पता चला है कि पांच में से एक शहरी भारतीय ऑनलाइन स्कैम का सामना करता है और इसके कारण वित्तीय नुकसान झेलना पड़ता है। 20% शहरी भारतीय ऑनलाइन घोटालों के शिकार हुए हैं, जिनमें ऑनलाइन शॉपिंग घोटाले सबसे अधिक है। इस ऑनलाइन शॉपिंग घोटालों में नकली वेबसाइट फिशिंग ईमेल सोशल मीडिया विज्ञापन और नकली शिपिंग अलर्ट शामिल हैं। इसमें स्कैमर्स भुगतान जानकारी चुराने के लिए असली सेलर जैसी नकली वेबसाइट बनाते हैं। इसके बाद फिशिंग ईमेल पीड़ितों को नकली वेबसाइटों पर व्यक्तिगत डिटेल डालने के लिए बरगलाते हैं।




### ऐसे समझिए ऑनलाइन शॉपिंग स्कैम क्या है

स्कैमर्स किसी भी साइट की नकली और बिल्कुल हू-ब-हू वेबसाइट बनाते हैं, जिससे अक्सर लोग प्रभावित हो जाते हैं। स्कैमर्स ऐसी वेबसाइटों पर उत्पाद का प्रचार जमकर करते हैं क्योंकि वह जानते हैं खरीदार उत्पाद देखकर फंस जाएगा। इसके अलावा वे फर्जी इमेल भेजते हैं, जिसमें लिंक होता है, क्लिक करते ही लोग जाल में फंस जाते हैं।

### स्कैमर्स द्वारा इस्तेमाल के तरीके

- **नकली वेबसाइट :** स्कैमर्स असली ऑनलाइन रिटेलर्स की नकल करते हैं और लोकप्रिय वस्तुओं पर भारी छूट देते हैं। एक बार जब आप अपना भुगतान विवरण डालते हैं, तो वे आपके पैसे चुरा लेते हैं और गायब हो जाते हैं।
- **फिशिंग ईमेल :** इसमें स्कैमर्स विश्वसनीय कंपनियों (बैंक, क्रेडिट कार्ड) से ईमेल के रूप लिंक भेजते हैं। उनमें असली वेबसाइटों की नकल करने वाली नकली वेबसाइटों पर जाने वाले लिंक होते हैं। इन नकली साइटों पर अपनी जानकारी दर्ज करने से उनको आपकी व्यक्तिगत जानकारी मिल जाती है।
- **सोशल मीडिया विज्ञापन :** भ्रामक सोशल मीडिया विज्ञापन अविश्वसनीय डील के साथ नकली प्रोडक्ट या सर्विस को बढ़ावा देते हैं। इन विज्ञापनों पर क्लिक करने से आप नकली वेबसाइटों पर रीडायरेक्ट हो जाते हैं, जहां आपको अपनी भुगतान जानकारी साझा करने के लिए धोखा दिया जाता है।
- **नकली शिपिंग अलर्ट :** ये अलर्ट, जो वैध शिपिंग कंपनियों से लगते हैं, लेकिन वास्तव में नकली वेबसाइटों के लिंक होते हैं। उन पर क्लिक करने से आपको अपनी शिपिंग जानकारी अपडेटट करने के लिए प्रेरित किया जाता है और अनजाने में आप अपने व्यक्तिगत विवरण स्कैमर्स को सौंप देते हैं।




### इस तरह से आप बच सकते हैं फ्रॉड से

- हमेशा सही ऑनलाइन रिटेलर्स से ही खरीदारी करें। यदि आप किसी स्टोर से परिचित नहीं हैं, तो खरीदारी करने से पहले उसकी वैधता की जांच करें।
- ईमेल या सोशल मीडिया विज्ञापनों में एम्बेड किए गए लिंक पर तब तक क्लिक न करें जब तक कि आप उनके सोर्स के बारे में पूरी तरह सुनिश्चित न हों।
- लिंक पर माउस घुमाने से वास्तविक गंतव्य वेबसाइट का पता चल सकता है।
- सुनिश्चित करें कि वेबसाइट URL खुदरा विक्रेता के नाम से मेल खाता हो और सुरक्षित कनेक्शन के लिए https से शुरू होता हो।
- कभी भी अविश्वसनीय वेबसाइटों पर व्यक्तिगत विवरण (नाम, पता, फोन नंबर, क्रेडिट कार्ड की जानकारी) साझा न करें।
- सुरक्षा की दृष्टि से डेबिट कार्ड की तुलना में क्रेडिट कार्ड बेहतर होते हैं।

# अच्छे संबंधों से दोनों देशों को होगा लाभ

## मॉस्को पहुंचे प्रधानमंत्री का हुआ भव्य स्वागत, राष्ट्रपति पुतिन ने दिया प्राइवेट डिनर

- आर्थिक संबंधों व प्रौद्योगिकी अनुसंधान पर केंद्रित होगी वार्ता
- 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए पहुंचे हैं रूस
- यूक्रेन पर आक्रमण किए जाने के बाद यह मोदी की पहली यात्रा
- पुतिन और मोदी मंगलवार को व्यापक वार्तालाप करेंगे

मॉस्को, एजेंसी

यूक्रेन पर मॉस्को का आक्रमण शुरू होने के बाद रूस की पहली यात्रा के तहत यहां पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर वार्ता करेंगे। इस यात्रा को व्यापक भू-राजनीतिक संदर्भ और संकेत के रूप में देखा जा रहा है। मॉस्को पहुंचने के तुरंत बाद मोदी ने कहा कि वह भविष्य के क्षेत्रों में द्विपक्षीय साझेदारी को और प्रगाढ़ करने के लिए उत्सुक हैं और भारत और रूस के बीच मजबूत संबंधों से हमारे लोगों को बहुत लाभ होगा।

प्रधानमंत्री ने अपने प्रस्थान वक्तव्य में कहा कि भारत शांतिपूर्ण और स्थिर क्षेत्र के लिए सहायक भूमिका निभाना चाहता है। अधिकारियों ने बताया कि रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मांतुरोव ने वनुकोवो-दो हवाई अड्डे पर मोदी की अगवानी की। मांतुरोव मोदी को हवाई अड्डे से उनके होटल तक छोड़ने उनके साथ गए। मंगलवार को मोदी राष्ट्रपति पुतिन के साथ 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे, भारतीय समुदाय के सदस्यों से बातचीत करेंगे और एक प्रदर्शनी में रोसाटॉम मंडप का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री का अज्ञात सैनिक की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करने का भी कार्यक्रम है। 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन का जोर ऊर्जा, सुरक्षा, व्यापार, निवेश और लोगों के बीच आदान-प्रदान के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने पर होने की संभावना है। चर्चाओं में यूक्रेन संघर्ष पर भी चर्चा होने की संभावना है।


अपने सरकारी आवास में प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते राष्ट्रपति पुतिन।


हवाई अड्डे पर भारतीय समुदाय के लोगों से मिलते प्रधानमंत्री। • एजेंसी

### रूस यात्रा के बाद ऑस्ट्रिया जाएंगे मोदी

**मॉस्को।** रूस में नौ जुलाई को अपनी यात्रा पूरी करने के बाद मोदी ऑस्ट्रिया के लिए रवाना होंगे। यह, विगत 40 साल से अधिक समय में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की वहां की पहली यात्रा होगी। रूस के साथ अपनी मजबूत दोस्ती को इंगित करते हुए भारत ने अभी तक यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की निंदा नहीं की है। भारत यह कहता रहा है कि संकट को कूटनीति और बातचीत के माध्यम से हल किया जाना चाहिए।

### हवाई अड्डे पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया

मॉस्को पहुंचने पर भारतीय प्रधानमंत्री को हवाई अड्डे पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। शहर में कार्लटन होटल में भारतीय मूल के लोगों ने मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया और कुछ रूसी कलाकारों ने हिंदी गीतों की धुन पर नृत्य कर उनका स्वागत किया। मोदी ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा मास्को में एक यादगार स्वागत! मैं भारतीय समुदाय को उनके स्नेह के लिए धन्यवाद देता हूं।

# तिरंगे में रंगा मॉस्को का ओस्टैंकिनो टॉवर

मॉस्को/नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा के उपलक्ष्य में यूरोप की सबसे ऊंची स्वतंत्र संरचना मॉस्को के ओस्टैंकिनो टॉवर को भारतीय तिरंगे और रूसी झंडे के साथ रोशन किया गया। मॉस्को में ओस्टैंकिनो टॉवर 1976 तक दुनिया की सबसे ऊंची संरचना थी। प्रधानमंत्री का भारतीय समुदाय के सदस्यों ने भी जोरदार स्वागत किया।



ये लोग उनके होटल के पास सड़क के दोनों ओर खड़े थे और उनके काफिले के गुजरते समय मोदी, मोदी के नारे लगाए। प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा मॉस्को में एक यादगार स्वागत मैं भारतीय समुदाय को उनके स्नेह के लिए धन्यवाद देता हूं। रूसी राष्ट्रपति के सहयोगी यूरी उशाकोव ने एक ब्रीफिंग में कहा कि क्रेमलिन इस यात्रा को सर्वोपरि महत्व देता है।

**भारतीय समुदाय मंदिर के निर्माण की मांग करेगा :** रूस में भारतीय समुदाय के सदस्य प्रधानमंत्री मोदी से देश में एक हिंदू मंदिर, एक नई भारतीय स्कूल की इमारत का निर्माण तथा भारत तक अधिक सीधी उड़ान सेवाओं की उपलब्धता के लिए सहयोग का अनुरोध करेंगे। रूस में रह रहे पटना के राकेश कुमार ने मोदी से एक हिंदू मंदिर के निर्माण और एअर इंडिया जैसी अन्य एयरलाइन का रूस तक उड़ानों के संचालन की मांग करेंगे।

### मोदी सरकार को सराहने को फिर मजबूर हुआ चीन

**बीजिंग।** चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने प्रधानमंत्री मोदी और भारत की विदेश नीति की जमकर तारीफ की है। उसने कहा कि भारत ने अमेरिका की परेशान करने वाली हरकतों के बावजूद रूस के साथ संबंधों को मजबूत किया है। अखबार ने लिखा यह काफी आश्चर्यजनक है कि अमेरिका का दुनिया भर में इतना प्रभाव है, जबकि वह वैश्विक आबादी का 5 प्रतिशत से भी कम प्रतिनिधित्व करता है।

## 737 मैक्स विमान हादसों में आरोप स्वीकार करेगा बोइंग

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विमान निर्माता कंपनी बोइंग उसके 737 मैक्स विमानों से जुड़ी दो दुर्घटनाओं संबंधी आपराधिक धोखाधड़ी के मामले में आरोपों को स्वीकार करेगी। अमेरिकी न्याय विभाग ने रविवार रात को यह जानकारी दी। इससे पहले अमेरिकी सरकार ने कहा था कि कंपनी ने उस समझौते का उल्लंघन किया है जिसने उसे अभियोग से तीन साल से अधिक समय तक बचाए रखा। संघीय अभियोजकों ने इस सप्ताह बोइंग को विकल्प दिया था कि वह अपनी सजा के तहत या तो अपने आरोप स्वीकार कर जुर्माना भरे या अमेरिका के साथ धोखाधड़ी के षड्यंत्र के आपराधिक आरोपों को लेकर मुकदमे का सामना करे। अभियोजकों ने अमेरिकी कंपनी पर उन नियामकों को धोखा देने का आरोप लगाया जिन्होंने विमान और पायलट-प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं को मंजूरी दी थी।

# बाइडेन का राष्ट्रपति पद की दावेदारी छोड़ने से इनकार

- डेमोक्रेट सांसदों को नाटक समाप्त करने को कहा

वाशिंगटन, एजेंसी

राष्ट्रपति जो बाइडेन ने डेमोक्रेट सांसदों को लिखे एक पत्र में राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी छोड़ने से इनकार किया। साथ ही पार्टी के भीतर चल रहे उस नाटक को समाप्त करने का आह्वान किया, जिसने डेमोक्रेट नेताओं को इस बात पर विभाजित कर दिया है कि बाइडेन को दौड़ में बने रहना चाहिए या नहीं। बाइडेन ने सोमवार को दो पन्नों के पत्र में लिखा आगे कैसे बढ़ना है, यह सवाल पिछले एक सप्ताह से खूब चर्चा में है और अब इसे खत्म करने का समय आ गया है।

उन्होंने जोर दिया कि पार्टी का एक ही काम है कि नवंबर में रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के संभावित उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को हराया जाए। बाइडेन ने पत्र में कहा कि आम चुनाव में 119 दिन बाकी हैं।



### बाइडेन को पद के विरोध में डेमोक्रेटिक के पांच सांसद

**वाशिंगटन।** डेमोक्रेटिक पार्टी के पांच सांसदों ने रविवार को अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 5 नवंबर को होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से जो बाइडेन को बाहर हो जाना चाहिए। अटलांटा में 27 जून को हुई बहस में डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ बाइडेन के निराशाजनक प्रदर्शन से नाराज थे।

## ब्रिटेन के चुनाव में हार के बाद सुनक ने पूर्व सांसदों से खेद जताया

**लंदन।** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ने पिछले सप्ताह हुए आम चुनाव में कंजर्वेटिव पार्टी के पराजित उम्मीदवारों को सप्ताहांत पर कॉल कर पार्टी के खराब प्रदर्शन के लिए खेद जताया। कंजर्वेटिव पार्टी हाउस कॉमन्स में सिर्फ 121 सीट जीत सकी है। कई पूर्व सांसदों ने द डेली टेलीग्राफ को ब्रिटिश भारतीय सांसद से आए बहुत सहानुभूतिपूर्ण कॉल के बारे में बताया।

सुनक ने यॉर्कशायर में रिचमंड और नॉर्थलेरटन की अपनी सीट जीती है और पार्टी द्वारा उनके उत्तराधिकारी का चयन किए जाने तक वह विपक्ष के नेता बने रहेंगे। पार्टी के एक पराजित उम्मीदवार ने कहा, उन्होंने शनिवार की रात मुझे फोन करने के लिए समय निकाला और मुझे लगता है कि उन्होंने अन्य सांसदों को भी फोन करने के लिए समय निकाला है।

# मैक्रों ने देश की स्थिरता के लिए नहीं बदला प्रधानमंत्री

- फ्रांस चुनाव से 20 दिन पहले बने गठबंधन ने जीतीं सर्वाधिक सीटें

पेरिस, एजेंसी

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने चुनाव परिणाम के बाद सोमवार को प्रधानमंत्री गैब्रियल अटल के इस्तीफे से इनकार करते हुए उन्हें अस्थायी रूप से सरकार के प्रमुख के रूप में बने रहने के लिए कहा। फ्रांस में कोई भी पार्टी (वाम, मध्यमार्ग या दक्षिणपंथ समर्थक) सरकार बनाने के लिए जरूरी बहुमत के नजदीक भी नहीं पहुंच पाई है।

रविवार को हुए मतदान के नतीजों से यूरोपीय संघ की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के ठप होने का खतरा बढ़ गया है। मैक्रों ने दांव खेला था कि समय पूर्व चुनाव कराने के उनके फैसले से फ्रांस को एक स्पष्ट दिशा मिलेगी, लेकिन परिणाम बिल्कुल विपरीत आया। पेरिस ओलंपिक के शुरू होने में तीन हफ्ते से कम समय बचा है जब पूरा देश अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में रहेगा। मैक्रों के शीर्ष राजनीतिक सहयोगी राष्ट्रपति भवन में अटल के साथ बैठक में शामिल हुए। अटल ने रविवार को स्पष्ट किया कि वह अचानक चुनाव कराने के मैक्रों के फैसले से असहमत थे। दो दौर के मतदान के बाद आए नतीजों में पहले स्थान पर रहे वामपंथी गठबंधन, दूसरे स्थान पर रहे मैक्रों के मध्यमार्गी गठबंधन या धुर दक्षिणपंथी गठबंधन में से किसी को भी सरकार बनाने का कोई स्पष्ट जनादेश नहीं मिला है।




## रूस ने कीव पर दागीं मिसाइलें, 31 की गई जान

**कीव।** रूस ने सोमवार को यूक्रेन पर ताबड़तोड़ मिसाइलों से हमला किया, जिसमें 31 लोगों की जान चली गई। यूक्रेन की राजधानी कीव में सोमवार को रूसी मिसाइलों के हमलों में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई जबकि बच्चों के एक अस्पताल की इमारत को भी व्यापक रूप से नुकसान पहुंचा। मध्य यूक्रेनी शहर कीर्वी रीह में हुए एक अन्य हमले में कम से कम 10 लोग मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पोस्ट पर एक बयान में कहा कि रूसी बमबारी ने पांच यूक्रेनी शहरों को विभिन्न प्रकार की 40 से अधिक मिसाइलों से निशाना बनाया, जिससे रिहाइशी इमारतें और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे नष्ट हो गए गृह मंत्री इहोर क्लिमेंको ने बताया कि सोमवार सुबह हुए हमले में देशभर में कम से कम 20 लोग मारे गए

## बॉलीवुड हलचल

### इंटेलिजेंस ऑफिसर का किरदार निभाएंगे रणवीर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह सिल्वर स्क्रीन पर इंटेलिजेंस ऑफिसर का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि उरी द सर्जिकल स्ट्राइक फेम निर्देशक आदित्य धर एक फिल्म बना रहे है, जिसका नाम नाम धुरंधर है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म के लिए आदित्य धर ने रणवीर सिंह, संजय दत्त, आर माधवन और अर्जुन रामपाल से बात की है। बताया जा रहा है कि फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह लीड रोल में नजर आएंगे और इंटेलिजेंस ऑफिसर का किरदार निभाएंगे। टाइटल अभी फाइनल नहीं हुआ है और इसे बदला भी जा सकता है। आदित्य इस फिल्म को अपने भाई लोकेश धर के साथ मिलकर प्रोड्यूस करने वाले हैं।



### फिल्म मटका से तेलुगु सिनेमा में वापसी करेंगी नोरा फतेही

**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री नोरा फतेही आठ साल बाद फिल्म मटका से तेलुगु सिनेमा में कमबैक कर रही है। करुणा कुमार द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित अखिल भारतीय फिल्म मटका में नोरा फतेही, वरुण तेज के साथ मुख्य भूमिका में हैं। टेम्पर, बाहुबली : द बिगिनिंग, किक 2 और ऊपरी जैसी हिट फिल्मों में अपने शानदार डांस परफॉर्मेंस के लिए जानी जाने वाली नोरा अब एक अभिनेत्री के रूप में एक नई चुनौती ले रही हैं। निर्देशक करूणा कुमार ने कहा, मैं नोरा को तेलुगु दर्शकों के सामने एक अभिनेत्री के रूप में पेश करने के लिए बहुत उत्साहित हूं, वह दूसरी महिला प्रधान भूमिका निभा रही हैं और विजाग की लड़की के रूप में दिखाई देंगी। खुद को किरदार में बेहतर ढंग से ढालने के लिए, उन्होंने तेलुगु सीखने के लिए कक्षाएं लीं और खुद ही संवादों को डब करने का फैसला किया।



### सुनील शेट्टी बोले क्या बेटा अपने पिता के लिए चुनौती हो सकता है

**इंदौर।** सिनेमा बनाम ओटीटी मंचों की बहस को लेकर अभिनेता सुनील शेट्टी ने सोमवार को कहा कि सभी मनोरंजन माध्यमों का जनक हमेशा सिनेमा ही रहेगा। उन्होंने हालांकि कहा कि ओवर-द-टॉप (ओटीटी) मंच नये और प्रतिभाशाली अभिनेताओं के लिए सिनेमा के बड़े माध्यम में प्रवेश की राह जरूर तैयार करेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या वह ओटीटी मंचों को सिनेमा के लिए चुनौती मानते हैं, जिसपर शेट्टी ने कहा बिल्कुल नहीं। क्या एक पिता के लिए उसका बेटा चुनौती हो सकता है? सभी मनोरंजन माध्यमों का जनक हमेशा सिनेमा ही रहेगा। उन्होंने कहा कि एक दौर वह भी था जब वीडियो कैसेट के बारे में कहा गया था कि इनके कारण सिनेमा जगत में उथल-पुथल मच जाएगी लेकिन ये कैसेट सिनेमा माध्यम का कुछ भी बिगाड़ नहीं पाईं।

**बदलाव** | अत्यधिक सौर सक्रियता को लेकर भी लगने लगे हैं कयास

# पहले प्रचंड गर्मी अब भीषण बारिश जलवायु परिवर्तन के संकेत

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** पहले बियावान सूखा, फिर प्रचंड गर्मी के बाद अब भीषण बरसात जलवायु भविष्य के लिए अच्छे संकेत नही हैं। इसके पीछे की वजह ग्लोबल वार्मिंग तो मुख्य वजह मानी जाती रही है, वहीं इस बार सूर्य के रिकॉर्ड तोड़ सक्रिय होने के कयास भी लगाए जाने लगे हैं। बहरहाल इसका हमारी जलवायु पर असर डालने का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नही है।

मौसम की दुश्वारियां इस बार सिर चढ़कर बोली हैं। शरदकाल सूखे की भेंट चढ़ गया और मई जून की भीषण गर्मी ने देश में सैंकड़ों जाने लेली। इसके बाद मानसून ने शुरुआत में ही तांडव दिखाना शुरू कर दिया है। इसकदर तबाही मचाने वाले मानसून पहले कम ही देखने को मिला है। 2013 में आए मानसून ने केदार जैसी भयानक आपदा को जन्म दिया था। उसका कारण मानसून के साथ पश्चिमी विक्षोभ का शामिल होना था। उत्तराखंड में वह मानसून शुरुआती चरण का था और इस बार भी मानसून का प्रारंभ अच्छे लक्षण नही हैं। पिछले सप्ताहभर से बरस रहा मानसून जारी है। मौसम की बिगड़ी फितरत को लेकर मौसम के जानकारों का कहना है कि वैश्विक ताप इसकी प्रमुख वजह है। मगर दूसरी ओर लोग सौर सक्रियता भी इसकी वजह होने के कयास लगाने लगे हैं। दरअसल सूर्य पिछले करीब एक वर्ष से जबर्दस्त सक्रिय है। जिसने एक्स क्लास समेत एम व सी श्रेणी की सैकड़ों ज्वालाएं उगली हैं, जो अपनेआप में ऐतिहासिक रही हैं। जिसे लेकर कयास लगाने स्वाभाविक भी है, लेकिन इनकी वैज्ञानिक प्रमाणिकता नही होने के कारण कुछ नही कहा जा सकता है। मगर इस तथ्य से इंकार भी नही किया जा सकता है।



### जलवायु परिवर्तन के दूसरे कारणों से भी इनकार नही किया जा सकता

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ पर्यवारण वैज्ञानिक डा नरेंद्र सिंह कहते हैं कि इसमें दोराय नही कि ग्लोबल वार्मिंग जलवायु परिवर्तन का बड़ा कारण है। मगर दूसरे कारण भी हो सकते हैं। जिनके बारे में हम अंजान हों। इस दिशा में व्यापक शोध की जरुरत है। सूर्य की गतिविधियों पर अधिक शोध किए जाने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। हमारे सौरमंडल के अन्य ग्रहों पर भी पर्यवारण संबंधी शोध कर कुछ नए परिणाम आ सकते हैं। जिनसे पृथ्वी की जलवायु परिवर्तन को नई दिशा भी मिल सकती है।